हिन्दी सांध्य दैनिक

प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आंदोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 www.prakharpurvanchal.com Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

गाजीपुर से प्रकाशित व वाराणसी, चंदौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज तथा देवरिया से प्रसारित

वर्षः 6, अंकः 273, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00, आमंत्रण मूल्य 2.00 23 मार्च, 2022 दिन बुधवार गाजीपुर/वाराणसी

चुनाव खत्म होते ही पेट्रोल-डीजल व घरेलू एलपीजी सिलेंडर के दाम बढ़े

सिलेंडर 50 रु. पेट्रोल-डीजल की कीमत में प्रति लीटर 80 पैसे की बढ़ोतरी

नई दिल्ली। देश में पांच राज्यों में संपन्न हुए विधानसभा चुनावों के खत्म होने के बाद जिस बात की आशंका जताई जा रही थी, वह अंततः सही सिद्ध हो गई। रूस और यूक्रेन के बीच चल रही लड़ाई के चलते अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमत 2008 के बाद रेकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई थीं। लेकिन इसके कारण कई देशों में पेट्रोल-डीजल की कीमत रेकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई थी। लेकिन देश में उत्तर प्रदेश सहित पांच राज्यों में विधानसभा चुनावों के कारण पेट्रोल-डीजल की कीमत में दिवाली से कोई बदलाव नहीं हुआ। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमत में भारी बढ़ोतरी के कारण तेल विपणन कंपनियों को भारी नुकसान हो रहा था। आखिर आज महंगाई बम फूट गया। पेट्रोल और डीजल के साथ-साथ रसोई गैस सिलेंडर की कीमत में बढ़ोतरी हो गई। पेट्रोल और डीजल की कीमत में प्रति लीटर 80 पैसे की बढ़ोतरी की गई है जबकि एलपीजी सिलेंडर की कीमत में 50 रुपये की बढ़ोतरी की गई है।

पेट्रोल और डीजल की कीमत में 137 दिनों के बाद बढ़ोतरी की गई है। इस बढ़ोतरी के बाद मंगलवार से दिल्ली में एक लीटर पेट्रोल की कीमत 95.41 रुपए से बढ़कर 96.21 रुपये हो गई है जबकि डीजल अब 86.67 रुपये के बजाय 87.47 रुपये प्रति लीटर मिलेगा। इससे पहले दिवाली के दिन यानी चार नवंबर, 2021 को पेट्रोल और डीजल की कीमत में बदलाव हुआ था। तब केंद्र ने पेट्रोल-डीजल पर एक्साइज ड्यूटी में कटौती की थी क्योंकि कई शहरों में पेट्रोल की कीमत 100 रुपये के पार चली गई थी। आज की बढ़ोतरी के बाद मुंबई में डीजल 95.00 रुपये और पेट्रोल 110.82 रुपये पहुंच गया है। इसी तरह कोलकाता में डीजल 90.62 रुपये और पेट्रोल 105.51 रुपये लीटर हो गया है। चेन्नई में एक लीटर डीजल के लिए आपको 92.19 रुपये व पेट्रोल के लिए 102.16 रुपये चुकाने होंगे। लखनऊ में पेट्रोल 96.08 रुपये और डीजल 87.61 रुपये पहुंच गया है। पटना में पेट्रोल की कीमत 106। 72 रुपये और डीजल की कीमत 91.90 रुपये प्रति लीटर हो गई है।

पेट्रोल और डीजल के साथ आज घरेलू रसोई गैस यानी एलपीजी सिलेंडर की कीमत में भी बढ़ोतरी की गई है। 14.2 किलो के सिलेंडर की कीमत में 50 रुपये की बढ़ोतरी की गई है जो आज से लागू हो गई है। इस बढ़ोतरी के बाद दिल्ली और मुंबई में रसोई गैस सिलेंडर की कीमत 949.50 रुपये हो गई है। कोलकाता में इसकी कीमत 976 रुपये, चेन्नई में 965.50 रुपये और लखनऊ में 987.50 रुपये चुकाने होंगे। देश में घरेलू रसोई गैस के दामों में इससे पहले छह अक्टूबर 2021 को बढ़ोतरी की गई थी।

संसद में उठेगा महंगी एलपीजी का मुद्दा, कांग्रेस-टीएमसी सांसदों का चर्चा के लिए नोटिस

नई दिल्ली। संसद के बजट सत्र के दूसरे चरण का आज पांचवां दिन है। लोकसभा और राज्यसभा में मंगलवार को कई अहम मुद्दों पर चर्चा जारी रहेगी। कांग्रेस सासंद शक्ति सिंह गोहिल ने राज्यसभा में शून्यकाल नोटिस दिया है। कांग्रेस सांसद ने इसी साल तीन फरवरी को पाकिस्तान के कारावास में हुई भारतीय मछुआरे की मौत के बाद उसके शव को वापस लाने के मुद्दे पर चर्चा की मांग की है। राज्यसभा में मंगलवार को केरोसिन और एलपीजी की बढ़ती कीमतों को लेकर चर्चा संभव है। दरअसल, टीएमसी की सांसद डोला सेन ने राज्यसभा में पेट्रोल-डीजल और एलपीजी की बढ़ती कीमतों के मुद्दे पर चर्चा करने के लिए निलंबन नोटिस दिया है। कांग्रेस सांसद मनिकम टैगोर ने भी एलपीजी सिलेंडर की कीमत में अचानक बढ़ोतरी के बारे में चर्चा करने के लिए लोकसभा में स्थगन प्रस्ताव नोटिस दिया है।

बिहार के लोगों ने देश के विकास में दिया अहम योगदान : कोविंद

नई दिल्ली। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने मंगलवार को बिहार के स्थापना दिवस पर राज्य के लोगों को शुभकामनाएं दीं और कहा कि बिहार के कर्मठ और प्रतिभाशाली लोगों ने देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। बिहार दिवस हर



साल 22 मार्च को मनाया जाता है। सन 1912 में इसी दिन बंगाल प्रांत से अलग होकर बिहार एक स्वतंत्र राज्य के रूप में अस्तित्व में आया था। कोविंद ने ट्वीट किया बिहार दिवस पर प्रदेश के लोगों को बधाई। बिहार का एक गौरवशाली अतीत और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत है। यहां के कर्मठ एवं प्रतिभाशाली लोगों ने देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने कहा बिहार के राज्यपाल के रूप में यहां के लोगों से मुझे अत्यंत स्नेह मिला। इस विशेष अवसर पर मेरी शुभकामनाएं।

प. बंगालः तृणमूल नेता की हत्या के बाद बंगाल में भड़की हिंसा व आगजनी, 10 लोगों की मौत

कोलकाता। बंगाल के बीरभूम जिले के रामपुरहाट इलाके में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के कब्जे वाली बरशल ग्राम पंचायत के उप प्रमुख भादु शेख की सोमवार शाम को हत्या के बाद भड़की हिंसा व आगजनी ने बड़ी घटना का रूप ले लिया है। हत्या से गुस्साए टीएमसी समर्थकों ने घटना के कुछ घंटे बाद ही हमले के संदिग्धों के घरों में आग लगा दी, जिसमें 10 लोगों की जलकर मौत की खबर है। पुलिस ने मौके से कई शव बरामद किए हैं। इस घटना से व्यापक तनाव का माहौल है। वहीं रामपुरहाट की घटना पर पश्चिम बंगाल के डीजीपी मनोज मालवीय ने कहा कि तृणमूल के उप प्रधान बहादुर शेख की कल रात हत्या की खबर आई थी जिसके एक घंटे बाद देखा गया कि पास के ही 7-8 घरों में आग लग गई है। मामले में 11 लोगों को गिरफ़्तार किया गया है। वहां के रऊढड और रामपुरहाट के क्ढ को हटा दिया गया है। आज सुबह 7 लोगों के शव एक ही घर से निकाले गए हैं। पहले 10 लोगों की मृत्यु कही गई थी,पहले जो मृत्यु के आंकड़े दिए गए थे वे सही नहीं थे, कुल 8 लोगों की मृत्यु हुई है। एक स्पेशल इंवेस्टिगेशन टीम का गठन किया भी किया गया है। जिले के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी घटनास्थल पर हैं। तनाव को देखते हुए इलाके

में बड़ी संख्या में अतिरिक्त पुलिस बलों की तैनाती की गई है। पुलिस सूत्रों का कहना है कि यह राजनीतिक रंजिश का मामला है। उल्लेखनीय है कि पश्चिम बंगाल के बीरभूम के रामपुरहाट में टीएमसी नेता की हत्या के बाद मंगलवार को हिंसा भड़क गई। यहां भीड़ ने 10-12 घरों के दरवाजे को बंद कर आग लगा दी। आग से 10 लोगों की जलकर मौत हो गई। तृणमूल कांग्रेस के कब्जे वाली बरशल ग्राम पंचायत के उप प्रमुख भादु शेख सोमवार शाम को हत्या कर दी गई थी। उन पर बम से हमला हुआ था। भादू शेख की मौत की खबर जंगल में लगी आग की तरह फैली। हत्या से गुस्साए उनके समर्थकों ने थोड़ी ही देर में इस हमले के संदिग्धों के घरों में आग लगा दी।इधर, इस घटना के बाद राज्य के मंत्री फिरहाद हकीम के नेतृत्व में तृणमूल कांग्रेस के तीन विधायकों का प्रतिनिधिमंडल हालात का जायजा लेने के लिए घटनास्थल पर जा रहा है। यह प्रतिनिधिमंडल पीड़ित परिवारों से भी मुलाकात करेगा। दूसरी ओर, राज्य में मुख्य विपक्षी भाजपा ने घटना की कड़ी निंदा की है और सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस को आड़े हाथों लिया है। प्रदेश भाजपा के मुख्य प्रवक्ता शमिक भट्टाचार्य ने कहा कि इस घटना ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि बंगाल में कानून का शासन नहीं बल्कि शासक का कानून है। तृणमूल के गुंडों को कानून व शासन प्रशासन का कोई डर नहीं है इसीलिए इस प्रकार की घटना राज्य में हो रही है। उन्होंने यह भी कहा कि बंगाल राष्ट्रपति शासन की तरफ बढ़ रहा है। इधर इस घटना के बाद राज्य सचिवालय नवान्न में मुख्य सचिव, गृह सचिव, डीजीपी समेत सभी शीर्ष अधिकारी बैठक कर रहे हैं।

चीन में विमान क्रैश के बाद सतर्क हुआ भारत

नई दिल्ली। चीनी विमान दुर्घटना के बाद, भारत के विमानन निगरानी महानिदेशालय (डीजीसीए) ने कहा कि बोइंग 737 के सभी बेड़े पर निगरानी बढ़ा दी गई है। डीजीसीए की ओर से ये कदम ऐसे समय में उठाया

गया है जब सोमवार को चीन में एक विमान क्रैश हो गया। सिविल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन ऑफ चाइना (चीन का नागरिक उड्डयन विभाग) की वेबसाइट पर मौजूद सूचना के अनुसार, विमान में सवार 132 लोगों में 123 यात्री और चालक दल के नौ सदस्य थे। किसी से भी जिंदा होने की खबर अभी तक सामने नहीं आई है। इस घटना के बाद डीजीसीए प्रमुख अरुण कुमार ने कहा, उड़ान सुरक्षा गंभीर मामला है और हम स्थिति का बारीकी से अध्ययन कर रहे हैं। इस बीच, हम अपने 737 बेड़े की निगरानी बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। चाइना ईस्टर्न एयरलाइन का बोइंग 737-800 विमान तेंगशियान काउंटी के वुझो शहर में दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिससे आसपास के पहाड़ी इलाके में आग लग गई। यह विमान कुनमिंग से गुआनझो जा रहा था। हादसे में 123 यात्रियों और चालक दल के नौ सदस्यों की मौत हो गई।चाइना ईस्टर्न एयरलाइंस - चीन के तीन प्रमुख विमान कंपनियों में से एक - ने सोमवार को दुर्घटना के बाद अपने सभी बोइंग 737-800 विमानों की उड़ान को रोक दिया है। आधिकारिक मीडिया की खबर के मुताबिक विमान में सवार 132 लोगों में कोई भी विदेशी नहीं था। बोइंग 737 मैक्स विमान बोइंग 737-800 का उन्नत संस्करण है और दोनों 737 श्रृंखला के हैं। अक्टूबर 2018 और मार्च 2019 के बीच छह महीने की अवधि में दो बोइंग 737 मैक्स विमान दुर्घटनाओं में शामिल थे जिसमें कुल 346 लोग मारे गए थे। इन दो दुर्घटनाओं के बाद डीजीसीए ने मार्च 2019 में भारत में बोइंग 737 मैक्स विमानों पर प्रतिबंध लगा दिया था। बोइंग द्वारा डीजीसीए की संतुष्टि के लिए सॉफ्टवेयर में किए गए आवश्यक सुधारों के बाद विमान के वाणिज्यिक संचालन पर प्रतिबंध पिछले साल अगस्त में 27 महीने बाद हटा लिया गया था।

जल संरक्षण को जनआंदोलन का रुप लेते देखना सुखद आइए एक-एक बूंद बचाने का संकल्प लें : पीएम मोदी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को विश्व जल दिवस पर पानी की एक-एक बूंद बचाने का अपना आह्वान दोहराया। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में जल संरक्षण को एक जन आंदोलन बनते देखना खुशी की बात है। उन्होंने जल संरक्षण की दिशा में काम करने वाले सभी लोगों और संगठनों की तारीफ की। मोदी ने ट्वीट किया विश्व जल दिवस के मौके पर आइए, पानी की एक-एक बूंद को बचाने के अपने संकल्प को दोहराएं। पीएम मोदी ने कहा हमारा देश जल संरक्षण और स्वच्छ पेयजल तक नागरिकों की पहुंच सुनिश्चित करने के लिए जल जीवन मिशन जैसे कई उपाय कर रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में देश के सभी हिस्सों में हो रहे अभिनव प्रयासों के साथ जल संरक्षण को एक जन आंदोलन बनते देखना खुशी की बात है। मैं उन सभी लोगों और संगठनों की सराहना करना चाहता

हूं, जो जल संरक्षण के लिए काम कर रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने जल संरक्षण के महत्व और इस संबंध में उनकी सरकार की ओर से किए जा रहे प्रयासों से जुड़ा वीडियो भी ट्विटर पर साझा किया।

मोदी सरकार का बड़ा फैसला, दिल्ली के तीनों नगर निगम होंगे एक, दूर होंगी समस्याएं

नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली में अब तीनों नगर निगम एक होंगे। काफी समय से इन तीनों निगमों को एक करने को लेकर चचाएं चल रही थी। दिल्ली के तीनों नगर निगमों (उत्तरी, दक्षिणी और पूर्वी) को एक करने को लेकर केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा राज्य चुनाव आयुक्त को भेजे गए पत्र ने इन्हें एक करने संबंधी प्रस्ताव भेजा गया था। इसमें बताया गया था कि किस प्रकार से तीनों नगर निगमों के महापौर ने इन्हें एक करने का प्रस्ताव केंद्रीय गृह मंत्रालय को भेजा। आज इस प्रस्ताव पर मुहर लग गई। उत्तरी निगम के महापौर राजा इकबाल सिंह, दक्षिणी के मुकेश सुर्यान व पूर्वी के श्याम सुंदर अग्रवाल द्वारा भेजे गए प्रस्ताव में कहा गया था कि निगमों की खराब आर्थिक स्थिति से कर्मचारियों को वेतन मिलने में देरी हो रही है और विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं, ऐसे में इन्हें एक करने की आवश्यकता है। इससे तीनों निगमों के खर्च घटाए जा

सकेंगे और राजस्व को समान रूप से दिल्ली के पूरे क्षेत्र में इस्तेमाल किया जा सकेगा, जबकि वर्तमान स्थिति में उत्तरी और पूर्वी निगम के मुकाबले दक्षिणी निगम का राजस्व अधिक है और यहां फंड की अधिक समस्या नहीं है। पहले तीन निगमों का एक महापौर होता था और एक आयुक्त और छह अतिरिक्त आयुक्त हुआ करते थे। 22 बड़े विभागों में विभागाध्यक्ष भी 22 थे, जबकि निगमों की संख्या तीन होने के बाद यह संख्या तीन गुणा बढ़ गई। इससे निगम को हर वर्ष करीब 200 करोड़ रुपये का अतिरिक्त खर्च बढ़ गया। अब जब तीनों निगम एक हो जाएंगे तो कम से कम 200 करोड़ रुपये की बचत होगी। तीनों निगमों को एक किए जाने के बाद अब राज्य चुनाव आयोग को वार्ड का आरक्षण फिर से तैयार करना होगा, क्योंकि अभी रोटेशन की यह प्रक्रिया तीनों निगमों के हिसाब से हुई है। राज्य चुनाव आयोग ने आरक्षण दक्षिणी और उत्तरी के 104-104 वार्ड और पूर्वी निगम के 64 वार्ड के हिसाब से तैयार किया है।

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव व आजम का लोस की सदस्यता से इस्तीफा, विधायक बने रहेंगे

नई दिल्ली। सपा अध्यक्ष और यूपी के पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने सांसद पद से इस्तीफा दे दिया है। अखिलेश आजमगढ़ लोकसभा सीट से सांसद थे। अखिलेश मंगलवार दोपहर लोकसभा स्पीकर ओम बिरला से मिलने पहुंचे और

उन्हें अपना इस्तीफा सौंप दिया। यूपी में हुए विधानसभा चुनाव में अखिलेश ने करहल सीट से जीत दर्ज की थी। अखिलेश के साथ ही पार्टी के वरिष्ठ नेता आजम खान ने भी सांसद पद से इस्तीफा दे दिया है। आजम खान रामपुर लोकसभा सीट से सांसद थे। उन्होंने रामपुर विधानसभा सीट से विधायक चुना गया है। 2019 में हुए लोकसभा चुनाव में सपा ने पांच सीटों पर जीत दर्ज की थी। अखिलेश यादव और आजम खान के इस्तीफे के बाद सपा के लोकसभा में तीन सांसद रह गए हैं। वर्तमान में संभल सीट से सपा के शफीकुर्रहमान बर्क, मैनपुरी से मुलायम सिंह यादव और मुरादाबाद लोकसभा सीट से एसटी हसन सांसद हैं। यूपी में हाल ही में विधानसभा चुनाव में सपा दूसरे नंबर पर रही। भाजपा ने 255 सीटें जीती हैं। वहीं, सपा ने 111 सीटों पर अपना कब्जा जमाया था। कांग्रेस ने दो जबकि बसपा ने एक सीट पर जीत दर्ज की थी।

पंजाब में जीत से उत्साहित आप ने देश के नौ राज्यों में घोषित किए पार्टी पदाधिकारी

नई दिल्ली। पंजाब विधानसभा चुनाव में शानदार जीत के बाद आम आदमी पार्टी (आप) ने अपने पंख फैला दिए हैं। आप ने 9 राज्यों में पार्टी पदाधिकारियों की घोषणा की है। पंजाब से आप के राज्यसभा उम्मीदवार आईआईटी दिल्ली के प्रो संदीप पाठक को गुजरात का प्रभारी नियुक्त किया गया है। पाठक को पंजाब में जीत के लिए पार्टी के चाणक्य के रूप में जाना जाता है। उन्होंने पर्दे के पीछे काम किया और उम्मीदवारों के चयन व चुनावी रणनीति बनाने में अहम भूमिका निभाई है।

गुजरात में इस साल नवंबर-दिसंबर में चुनाव होने हैं। आप ऐसे चुनावी रणनीतिकार का इस्तेमाल करना चाहती है, जो सालों से पार्टी से जुड़ा रहा है। आप गुजरात में मजबूत राजनीतिक पैठ बनाने की कोशिश में है, जो लंबे समय से भाजपा का गढ़ रहा है। गुजरात के प्रभारी रहे आप विधायक गुलाब सिंह को चुनाव प्रभारी बनाया गया है। गुलाब सिंह ने कहा आप गुजरात में एक विकल्प के रूप में उभर रही है। युवाओं के लिए आप पहली पसंद है। हमें विधानसभा चुनाव जीतने के लिए भाजपा से कुछ प्रतिशत वोट और कांग्रेस से कुछ प्रतिशत वोट निकालने की जरूरत है।

गुलाब सिंह ने कहा कि भाजपा और कांग्रेस को हराकर सत्ता में आने के उद्देश्य से चुनाव प्रभारी और प्रदेश प्रभारी टीम के रूप में काम करेंगे। उन्होंने कहा, चुनाव प्रभारी चुनाव

प्रचार, रणनीति, बूथ मैनेजमेंट, कैंपेन मैनेजमेंट पर अधिक ध्यान देंगे, जबकि राज्य प्रभारी विभिन्न स्तरों पर संगठनों को मजबूत करने और पार्टी की जीत सुनिश्चित करने के लिए संगठन की शक्ति का लाभ उठाने पर काम करेंगे। यह एक ही सिक्के के दो पहलू की तरह होगा। आप की ओर से जारी बयान में कहा गया पंजाब में जीत के बाद आप पूरे देश में अपनी मौजूदगी बढ़ाने के लिए पूरी तरह तैयार है। आप ने उन राज्यों में पार्टी के आधार का विस्तार करने के लिए अपने अनुभवी नेताओं पर भरोसा किया है, जिन्हें वह अभी टारगेट करना चाहती है।

शानदार ट्रैक रिकॉर्ड वाले कई सीनियर नेताओं को चुनाव प्रभारी नियुक्त किया गया है। पार्टी जल्द ही आने वाले कुछ दिनों में अन्य राज्यों के लिए अपने पदाधिकारियों की घोषणा करेगी। स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन को हिमाचल प्रदेश का चुनाव प्रभारी नियुक्त किया गया है, जबकि आप नेता दुर्गेश पाठक को हिमाचल प्रदेश का प्रभारी बनाया गया है। राज्यसभा सांसद सुशील गुप्ता को हरियाणा का प्रभारी बनाया गया है।

वहीं, दिल्ली के मंत्री गोपाल राय को छत्तीसगढ़ का चुनाव प्रभारी बनाया गया है, जबकि विधायक संजीव झा को प्रभारी बनाया गया है। आप विधायक सोमनाथ भारती को तेलंगाना का चुनाव प्रभारी नियुक्त किया गया है। पार्टी के बयान में कहा गया है कि सभी लीडर केजरीवाल मॉडल ऑफ गवर्नेंस से प्रेरित हैं।

केंद्र ने किसानों से किए वादे पूरे नहीं किए तो फिर शुरू करेंगे आंदोलन : एसकेएम

नई दिल्ली। संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) ने राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद को पत्र लिखकर केंद्र को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर एक समिति सहित किसानों से किए गए लिखित वादे याद दिलाने का आग्रह किया और चेतावनी दी कि अगर वादों को पूरा नहीं किया गया तो आंदोलन फिर से शुरू किया जाएगा। एसकेएम ने कहा जब से उसने दिल्ली की सीमाओं से अपने मोर्चों को हटाने की घोषणा की है, केंद्र सरकार अपने वादों से पीछे हट गई है।

40 कृषक संगठनों के निकाय एसकेएम ने अपने पत्र में कहा गया है कि आपके (राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद) माध्यम से हम सरकार को चेतावनी देते हैं कि वह किसानों के धैर्य की परीक्षा लेना बंद कर दे। संयुक्त किसान मोर्चा ने 11 अप्रैल से 17 अप्रैल तक एमएसपी कानूनी गारंटी सप्ताह मनाने का फैसला किया है। अगर सरकार तब तक अपने आश्वासनों को पूरा नहीं करती है, तो किसानों के पास आंदोलन फिर से शुरू करने के अलावा कोई विकल्प नहीं होगा। इसमें कहा गया है कि कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के सचिव संजय अग्रवाल ने नौ दिसंबर, 2021 को एसकेएम को लिखे पत्र में वादा किया था कि फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर एक समिति बनाई जाएगी। एसकेएम ने कहा अब तक, सरकार ने न तो समिति के गठन की घोषणा की है, न ही समिति की प्रकृति और उसके अधिदेश के बारे में ही कोई जानकारी दी है।

पत्र में कहा गया है कि हम आपसे केंद्र सरकार को उसके लिखित वादों को याद दिलाने और उन्हें जल्द से जल्द पूरा करने और लखीमपुर खीरी कांड में न्याय सुनिश्चित करने का अनुरोध करते हैं। एसकेएम ने केंद्र के तीन कृषि कानूनों के खिलाफ एक साल के अधिक लंबे आंदोलन का नेतृत्व किया था।

चिंतन मनन

सकते में दुनिया

रूस और यूक्रेन की जंग को एक माह पूरे होने को हैं। इस अवधि में रूस की यूक्रेन पर कार्रवाई में क्या हासिल हुआ इस पर लंबे समय तक बहस होती रहेगी। मगर अभी रूस और अमेरिका की दादागिरी में यूक्रेन का जो हाल हो रहा है, वह सभी के लिए सबक है, खासकर छोटे देशों के लिए। यूक्रेन आज लगभग खंडहर जैसा नजर आ रहा है। रही-सही कसर कीव पर टिकी है। मगर इस भूभाग पर कब्जा जमाने रूस कोई भी पैंतरा आजमाने को तैयार बैठा है। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने अब परमाणु हथियारों वाली कमान को तैयार रहने का निर्देश देकर अपना इरादा साफ कर दिया है कि उन्हें अब किसी का डर नहीं। इससे दुनिया के ज्यादातर देश सकते में हैं। खासतौर से अमेरिका और यूरोपीय संघ के उन देशों की नींद उड?ा लाजिमी है जो यूक्रेन के साथ खड़े हैं और उसे रूस से मुकाबला करने के लिए हथियार दे रहे हैं। इससे अब यह खतरा पैदा हो गया है कि हालात कब क्या मोड़ ले लें और पुतिन परमाणु हमले का दांव न चल दें। रूस ने अमेरिका, पश्चिमी देशों तथा नाटो की धमकियों के बाद जिस तरह का आक्रामक रुख अख्तियार किया है, उससे खतरा और बढ़ गया है। जंग शुरू होने से पहले तक तो लग रहा था कि अगर लड़ाई छिड़ भी गई तो ज्यादा दिन तक नहीं चलेगी। पर रूस के धावा बोल देने के बाद पिछले पांच-छह दिन में हालात जिस तेजी से बिगड़े हैं, उसे देखते हुए कोई भी कयास लगा पाना आसान नहीं है। भले ही यूक्रेन की सैन्य ताकत रूस के मुकाबले कम हो हो, लेकिन उसका मनोबल कहीं ज्यादा बड़ा दिख रहा है। निश्चित ही यह पुतिन के लिए एक बड़ा संदेश भी है। संभव है कि परमाणु हमले की धमकी यूक्रेन को दबाव में लाने के लिए ही दी गई हो। हालांकि रूस यूक्रेन पर रासायनिक हथियारों के इस्तेमाल का आरोप लगा रहा है। लेकिन जो भी हो, परमाणु हमले की धमकी देकर रूस ने बता दिया है कि यूक्रेन को लेकर अब वह जो भी करेगा, अपनी शर्तों पर ही करेगा। परमाणु हथियारों के इस्तेमाल की सनक का नतीजा दुनिया भुगत चुकी है। गौरतलब है कि दूसरे विश्वयुद्ध में अमेरिका ने जापान के हिरोशिमा और नागासाकी शहरों पर परमाणु बम गिरा कर दुनिया को इसके अंजाम के बारे में बता दिया था। उस तबाही की यादें आज भी रोंगटे खड़े कर देती हैं। हालांकि, अभी रूस के हमले से सिर्फ यूक्रेन पस्त है, ऐसा नहीं है। वहीं, रूस-यूक्रेन की जंग का असर वैश्विक अर्थव्यवस्था पर साफ दिखने लगा है। कोई नहीं जानता कि आने वाले दिनों में घटनाएं क्या मोड़ ले लें। संकट इसलिए भी गहराता जा रहा है कि जंग लड़ रहे दोनों देश कच्चे तेल, गैस और गेहूं के बड़े निर्यातक हैं। यूरोप सहित कई अन्य देश भी इनसे गैस और तेल खरीदते हैं। गेहूं और निकल, एल्युमीनियम जैसी धातुओं के दाम भी पिछले पांच दशक के रिकॉर्ड तोड़ चुके हैं। रूस और यूक्रेन दुनिया का चौदह फीसद गेहूं पैदा करते हैं। ऐसे में महंगाई कहां जाएगी, कोई नहीं जानता। युद्ध के कारण वैश्विक अर्थव्यवस्था चरमराने को लेकर चिंता इसलिए भी बढ़ गई है कि ज्यादातर देश महामारी की मार से अभी तक उबरे भी नहीं थे कि दूसरा संकट सिर पर आ गया। युद्ध और महामारी जैसी विपत्तियां मानव जीवन को कैसे तबाह कर देती हैं, यह अब छिपा नहीं रह गया है। महामारी की वजह से महंगाई और बेरोजगारी ने किसको नहीं रुलाया! अब फिर वैसे ही हालात बनते दिख रहे हैं। रोजाना नए रिकार्ड बनाता कच्चा तेल सबसे बड़ा संकट पैदा कर रहा है। कच्चा तेल महंगा होते ही सरकारें पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ाने का कदम उठाती हैं और इसका सीधा हर तरह के कारोबार से लेकर आम जीवन पर पड़ता है। भारत दुनिया के कई देशों को दवाइयों से लेकर कपड़े, मशीनें, कलपुर्जे, इलेक्ट्रॉनिक सामान, चाय, कॉफी, वाहन आदि का निर्यात करता है। साथ ही दालें, खाने के तेल, उद्योगों के लिए कच्चा माल आयात करता है। वैश्विक कारोबार में हर देश इसी तरह एक दूसरे के सहारे टिका हुआ है। ऐसे में महंगा कच्चा तेल नौवहन की लागत बढ़ाता है और फिर इसका असर निर्यात-आयात पर पड़ता दिखता है। लागत बढ़ने से स्थानीय कारोबारी प्रभावित होते हैं और महंगाई बढ़ती है। रूस को वैश्विक भुगतान व्यवस्था से अलग-थलग कर देने के बाद कारोबारियों को पैसे फंसने का भी डर सता रहा है।

हर वक्त ये जरूर!

सनसनी फैला कर ।
कर दिया मशहूर ।।
काम होना चाहिए ।
हर वक्त ये जरूर ।।
और भी प्रतिभाएं ।
हमको रहीं निहार ।।
कभी-कभार उन पर भी ।
हो थोड़ा उपकार ।।
है सबका अधिकार ।
मिले उसको राह ।।
बढ़ने की ललक है ।
हैं हम सब गवाह ।।
संतुलन बना कर ।
होगा करना काम ।।
कहने और करने को ।
किस्से हैं तमाम ।।

–कृष्णेन्द्र राय

अपने देश की स्वतंत्रता के लिए मृत्यु को भी आनंद से गले लगाने वाले महान क्रांतिकारी भगत सिंह, राजगुरू एवं सुखदेव

भारतमाता के लिए बलिदान करने वाले क्रांतिकारियों में भगत सिंह, राजगुरू एवं सुखदेव, इन तीनों के नाम एकत्र लिए जाते हैं । अंग्रेज अधिकारी सैंडर्स के अत्याचारों से मुक्त करने वाले इन तीनों को फांसी का दंड सुनाया गया था । ये तीनों वीर देशभक्ति पर गीत गाते-गाते आनंद से फांसी चढ गए । 23 मार्च को भगतसिंह, राजगुरू एवं सुखदेव का बलिदान दिन है, इस निमित्त यह लेख है।

तत्कालीन परिस्थिति एवं क्रांतिकारियों

23 मार्च - भगतसिंह, राजगुरु एवं सुखदेव बलिदान दिवस

द्वारा उसपर निकाला गया उपाय- वर्ष 1928 में भारतीय गतिविधियों का अभ्यास करने के लिए इंग्लैंड से सायमन कमीशन नामक शिष्टमंडल भारत में आया । भारत में सर्वत्र इस शिष्टमंडल का काले झंडे दिखाकर निषेध किया गया । उस समय लाला लाजपतराय के नेतृत्व में भव्य निषेध मोर्चा निकाला गया । संपूर्ण परिसर में सायमन लौट जाओ के नारे गूंजने लगे । जनसमूह को हटाने के लिए आरक्षकों ने अमानुष लाठी प्रहार किए । इसमें लाला लाजपतराय घायल हो गए और उसमें ही उनका अंत हो गया । देशभक्त क्रांतिकारियों को यह सहन नहीं हुआ । क्रांतिकारियों ने लालाजी की मृत्यु के लिए जिम्मेदार अंग्रेज अधिकारी सैंडर्स को मार डालना तय किया । उस अनुसार लालाजी के प्रथम मासिक श्राद्ध के दिन भगतसिंह, राजगुरू एवं सुखदेव, ये तीनों ही वेश बदलकर आरक्षक (पुलिस) अधिकारी के निवासस्थान के पास पहुंचे । सैंडर्स को देखते ही सुखदेव ने संकेत किया । भगतसिंह और राजगुरू ने एक ही समय पर गोलियां चलाकर उसकी बलि ले ली और वहां से भाग निकले । अंग्रेज सरकार ने तीनों को पकडने के लिए अथक प्रयत्न किए । इसके साथ ही घोषणा भी करवा दी कि उन्हें पकडवानेवाले को पारितोषिक दिया जाएगा; परंतु काफी दिनों तक आरक्षकों को चकमा देते हुए तीनों क्रांतिकारक भूमिगत रहे । अंततः एक दिन धोखे से वे पकडे गए । अंत में 23 मार्च 1931 को भारतमाता के इन तीनों सपूतों को फांसी दे दी गई ।

भगत सिंह का अल्प परिचय

जन्म : भगत सिंह का जन्म 27 सितम्बर 1907 को पंजाब राज्य के एक सरदार (सिख) घराने में हुआ ।

बचपन : भगत सिंह जब 6-7 वर्ष के थे, तब की यह बात है । एक बार उन्होंने किसान को खेत में गेहूं बोते देखा । उसे देख उनकी जिज्ञासा जागी । उन्होंने किसान से पूछा, किसान दादा, आप ये गेहूं खेत में क्यों डाल रहे हैं ? किसान बोला, बेटा, गेहूं बोने से उसके पौधे आएंगे और प्रत्येक पौधे में फिर ढेरों गेहूं की बालियां आएंगी । यह सुनकर नन्हा भगत बोला, फिर यदि बंदूक की गोलियां खेत में बो दी जाएं, तो क्या उससे भी पौधे आएंगे ? उनमें भी बंदूकें आएंगी ? किसान ने पूछा, बेटा, तुम्हें गोलियां किसलिए चाहिए ? तब क्षणभर का भी विलंब किए बिना आवेशपूर्ण स्वर में वह बोला, हिंदुस्थान का राज्य छीननेवाले अंग्रेजों को मारने के लिए ।

युवावस्था : पर्याप्त महाविद्यालयीन शिक्षा एवं घर की सर्व परिस्थिति अनुकूल होते हुए भी उन्होंने देशसेवा के लिए आजन्म अविवाहित रहने की प्रतिज्ञा की और वह निभाई भी । वे नौजवान भारत सभा, कीर्ति किसान पार्टी एवं हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन असोसिएशन नामक संगठनों से संबंधित थे ।

प्रखर देश प्रेम दशार्नेवाले प्रसंग

प्रसंग 1 : फांसी का दंड मिलने पर भगत सिंह अपनी मां से बोले, मां, तुम चिंता क्यों करती हो ? मैं फांसी चढ भी जाऊं, तब भी अंग्रेजी सत्ता को यहां से उखाड फेंकने के लिए एक वर्ष के अंदर पुनः जन्म लूंगा !

प्रसंग 2 : फांसी चढने से पहले एक सहयोगी ने भगत सिंह से पूछा, सरदार जी, फांसी चढ रहे हो । कोई अफसोस तो नहीं ? इस पर भगतसिंह ने जोर से हंसते हुए कहा, अरे, इस मार्ग पर पहला कदम रखते ही इंकलाब जिंदाबाद का नारा सर्वत्र पहुंचे, केवल यही एक विचार किया था । यह नारा मेरे करोडों देशबंधुओं के कंठ से जब निकलेगा, तब वह अंग्रेजों के साम्राज्य पर घाव करेगा और करता ही रहेगा । इस छोटी आयु का इससे बढकर क्या मोल होगा ?

शिवराम हरी राजगुरू

जन्म : 24 अगस्त 1908 को महाराष्ट्र राज्य के पुणे के निकट खेड में एक देशस्थ ब्राह्मण कुटुंब में शिवराम राजगुरू का जन्म हुआ । अचूक निशानेबाजी, उत्तम स्मरणशक्ति उन्हें जन्मतः प्राप्त थी । न जाने कितने ही ग्रंथ उन्हें कंठस्थ थे । वे हिंदुस्थान सोशलिस्ट रिपब्लिकन आर्मी के सदस्य थे ।

राजगुरू की सहनशीलता दिखानेवाले प्रसंग

प्रसंग 1 : एक बार राजगुरू भट्टी के अंगारों पर अपने क्रांतिकारी मित्रों के लिए रोटियां सेंक रहे थे । तब एक सहक्रांतिकारक ने अंगारों की तपिश लगने पर भी उन्हें शांति से रोटियां सेंकते देख, उनकी प्रशंसा की । तब दूसरे मित्र ने जानबूझकर उन्हें चिढाने के लिए कहा, यदि इसने कारागृह जाने पर वहां होनेवाली भयंकर यातनाएं सहन कर लीं, तब ही मैं इसे मानूंगा ।" अपनी सहनशीलता के विषय में शंका राजगुरु को अच्छी नहीं लगी । उन्होंने कढछी गरम कर, अपनी खुली छाती में लगा दी । छाती पर फोडा हो गया । उन्होंने पुनः एक बार फिर वैसा ही किया और हंसते-हंसते उस मित्र से बोले, अब तो इसकी निश्चिती हो गई न कि मैं कारागृह की यातानाएं सहने में सक्षम हूं । राजगुरू की सहनशीलता के विषय में संदेह करने पर मित्र को शर्म आई । मित्र ने क्षमा मांगते हुए बोला, तुम्हारी वास्तविक पहचान मुझे अब हुई ।

प्रसंग 2 : एक धोखे से राजगुरु पकडे गए । लाहौर में उन पर अनगिनत अत्याचार किए गए । लाहौर की भीषण गर्मी में चारों ओर से तपती भट्टियां लगाकर उनके बीच राजगुरु को बिठाया गया । उन्हें मारा-पीटा । बर्फ की शिलाओं पर लिटाया गया । इंद्रीय मरोडी गई । तब भी वे स्थिर रहे । यह देख उनके सिर पर विष्ठा से भरी टोकरियां उडेली गईं । फौलादी मन के राजगुरु ने ये सभी अत्याचार सहन किए; परंतु अपने सहयोगियों के नाम नहीं बताए ।

प्रसंग 3 : फांसी चढने से पहले कारागृह के एक सहयोगी द्वारा पूछे गए प्रश्न का उत्तर देते हुए राजगुरु बोले, अरे, फांसी पर चढते ही हमारा प्रवास क्षणभर में समाप्त हो जाएगा; परंतु तुम सभी अलग-अलग दंड भुगतने की यात्रा पर निकले हो । तुम्हारी यह दुर्गम यात्रा अनेक वर्षों तक चलती रहेगी, इसका मुझे दुःख है ।

सुखदेव थापर

जन्म : सुखदेव का जन्म पंजाब राज्य में, 15 मई 1907 को हुआ । भगत सिंह एवं राजगुरू के सहयोगी ही सुखदेव की प्रमुख पहचान

स्वतंत्रता की लडाई में सुखदेव का योगदान - सुखदेव भी हिंदुस्थान सोशलिस्ट रिपब्लिकन आर्मी के कार्यकारी सदस्य थे । उन पर क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद के विचारों का प्रभाव था । लाहौर में नेशनल कॉलेज में उन्होंने भारत के वैभवशाली इतिहास और विश्व क्रांति के विषय में, रूस क्रांति से संबंधित साहित्य सामग्री का अध्ययन करने के लिए एक मंडल स्थापित किया । भगत सिंह, कॉम्रेड रामचंद्र एवं भगवतीचरण व्होरा के सहयोग से उन्होंने लाहौर में नौजवान भारत सभा की स्थापना की । युवकों को स्वतंत्रता की लड़ाई में सहभागी होने के लिए उद्युक्त करना, शास्त्रीय दृष्टिकोण आत्मसात करना, साम्यवाद का विरोध करना और अस्पृश्यता निवारण, ये इस सभा के उद्देश्य थे । वर्ष 1929 में जब वे कारागृह में थे, तब कारागृह के सहयोगियों द्वारा हो रहे अनगिनत अत्याचार के विरोध में आरंभ की भूख हडताल में उनका सहभाग था ।

स्वतंत्रता के लिए मृत्यु को भी आनंद से गले लगानेवांले महान क्रांतिकारी 23 मार्च 1931 को लाहौर के मध्यवर्ती कारागृह में भगतसिंह, राजगुरू एवं सुखदेव को फांसी दी गई । वे हंसते-हंसते फांसी चढ गए । इन महान देशभक्तों को त्रिवार अभिवादन !

असली देश भक्त थे भगतसिंह राजगुरु और सुखदेव जो हंसते हुए सुपुर्द कर दिए अपनी जवानी



गौरीशंकर पाण्डेय सरस

भारतीय इतिहास के पन्नों में दर्ज मार्च महीने की 23तारीख कभी नहीं भुलाई जाने वाली अविस्मरणीय तिथि है। इसलिए कि देश की आजादी के युवा दीवाने भगतसिंह राजगुरु और सुखदेव के जिंदगी का आखिरी दिन।गलती कोई खास नहीं, महज इतनी की ब्रिटिश हुकूमत के जुल्म ज्यादती के खिलाफ देश हित में अपनी आवाज बुलंद कर रहे थे।इसी घटना क्रम में एक ऐसा मोड़ आया कि बागी युवा जांबाज दिल्ली की पार्लियामेंट में बिना किसी जानमाल के बम फेंक कर तथा दहशत फैलाकर अपनी शक्ति का प्रदर्शन करना और गिरफ्तारी देना था।वह भी अनावश्यक रूप से अंग्रेजी अफसर सांडर्स द्वारा कराए गए पुलिसिया लाठी चार्ज में लाला लाजपत राय की मौत ने युवा क्रांतिकारियों के दिल में सुलगती देशभक्ति की चिंगारी को जो हवा दे डाली। ब्रिटिश हुकूमत से जुड़े अधिकारियों से खचाखच भरी असेंबली में क्रांतिकारी बम धमाके से पूरा सदन थर्रा उठा।बम धमाके और अंग्रेज पुलिस अधिकारी की हत्या के आरोप में सजाए मौत मुकर्रर हुई।लाहौर जेल की अलग अलग काल कोठरी में भगतसिंह राजगुरु और सुखदेव को बन्द कर दिया गया।केश की सुनवाई का अंतिम निष्कर्ष फांसी तक पहुंचा था। आजादी के दीवानों को फांसी से क्या साक्षात यमराज से भी डर नहीं था।तभी तो चौबीस मार्च नियति तिथि बदलकर अंग्रेजों ने एक दिन पहले यानी तेईस मार्च को निश्चित कर दिया। ताकि देश में बवाल उग्रता धारण न कर सके। भगतसिंह के पहले राजगुरु और सुखदेव को फांसी के तख्ते पर ला दिया गया था भगत सिंह को लाया जाना बाकी था।जब जेलर भगत सिंह को लेने उनके कक्ष में प्रवेश किया तो भगतसिंह सोए नही थे बल्कि अपने उस्ताद क्रांतिकारी पं०रामप्रसाद बिस्मिल की जीवनी पढ़ रहे थे।फरमान वाहक के कक्ष में कदम रखते ही भगत सिंह ने अपनी कड़कती आवाज में डांटते हुए कहा अभी रुको!एक क्रांतिकारी दूसरे क्रांतिकारी से मिल रहा है।शायद उस वक्त किताब के आखिरी पेज का आखिरी पैराग्राफ था जो जल्दी समाप्त हो गया। भगतसिंह विना देर किए फांसी के तख्त की तरफ चल दिए। फांसी के तख्त पर पहुंच कर देखा तो पहले से उनके दोनों साथी मौजूद थे। पहुंचते ही हंसते हुए अपने हाथों से गले में फांसी का फंदा डालकर एक दूसरे के बाहों में बाहें डालकर भारत माता की जय ,मेरा रंग दे बसंती चोला,बुलंद करते हुए देश के नाम अपनी जवानी यह कहते हुए सुपुर्द कर दी की "कर चले हम फि दा जानो तन साथियों,अब तुम्हारे हवाले वतन साथियों।

नन्ही किलकारी

सपना बिटिया के आंचल में अरमानों का फूल खिला।हर कोई खुशी से झूम उठा मानो जो चाहाश वही मिला।।खुश हुए सभी दादा-दादी। चाचा- चाची,आजा-आजी ।। सबके सब फूले नहीं समाए। कहने लगे श्रीकृष्ण कन्हैया मेरे घर आए।।बुआ के खुशियों का बसंत मानो परवान चढ़ा हो ।

अरमानों के सपनों को नूतन पंख जड़ा हो।। दूरभाष पर सुन सुखद संदेश पापा खुशी मनाए, मित्रमंडली में दावत दे,सबका मुंह मीठा कराए।।नाना नानी के खुशियों का नहीं ठिकाना दिखता है। भावनात्मक हृदय सरोवर से ,सरस रस खूब छलकता है।।

प्यार लुटाते सबके सब,उमड़ी खुशियां सारी। तृप्त हुआ अरमान सभी का, सुन नन्ही किलकारी।।

गौरीशंकर पाण्डेय सरस

भाजपा की सांस्कृतिक अधिष्ठान की जीत

देश के पांच राज्यों उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, गोवा और मणिपुर विधानसभा चुनाव में प्राप्त हुई विजय ने सिद्ध कर दिया है कि यह भाजपा के चाल, चरित्र और चेहरे की विजय है। जनता ने भाजपा में विश्वास जताया है, भाजपा की नीतियों का समर्थन किया है। वर्ष 2024 में लोकसभा चुनाव होने हैं। उत्तर प्रदेश का विधानसभा चुनाव लोकसभा चुनाव का सेमीफाइनल माना जा रहा था, क्योंकि यही चुनाव आगे के लोकसभा चुनाव की दिशा निर्धारित करता है। यह चुनाव योगी आदित्यनाथ के लिए भी प्रतिष्ठा का प्रश्न बना हुआ था। उनका दावा था कि राज्य की जनता उनके विकास कार्यों को देखते हुए उन्हें पुनः सत्ता का बागडोर सौंपेगी। उनका यह दावा सत्य सिद्ध हुआ।

कारण स्पष्ट है कि भाजपा अपने चाल चरित्र, चेहरे के अनुसार निरंतर हिंदुत्व की छवि को और सुदृढ़ करने का प्रयास कर रही है। प्राचीन शहरों के नाम बदलना तथा काशी विश्वनाथ कॉरिडोर का लोकार्पण इसका उदाहरण है। अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण का कार्य चल रहा है। सरकार नमामि गंगे योजना के अंतर्गत गंगा को स्वच्छ एवं निर्मल करने पर विशेष बल दे रही है। गंगा का प्रदूषण कम करने के लिए स्मार्ट गंगा सिटी परियोजना पर कार्य जारी है। योगी सरकार राज्य में पर्यटन को भी बढ़ावा दिया है। गौ संरक्षण और संवर्धन के लिए मुख्यमंत्री निराश्रित गौवंश सहभागिता योजना प्रारम्भ की गई है।

चार राज्यों विशेषकर उत्तर प्रदेश में मिली विजय से भाजपा नेताओं से लेकर कार्यकताओं और समर्थकों में अपार हर्षोल्लास है। भाजपा इस विजय रथ को आगे बढ़ाने पर ध्यान दे रही है। भाजपा लगभग साढ़े तीन दशक के पश्चात पहली बार उत्तर प्रदेश में दोबारा सरकार में आई है। इसी प्रकार उत्तराखंड में भी पहली बार भाजपा सरकार दोहराई गई है। गोवा में तो विजयश्री की हैट्रिक लगी है। भाजपा को प्रत्येक दिशा से अपार जनसमर्थन मिला है। इस विजय ने 2024 के परिणामों को लगभग निश्चित कर दिया है। वर्ष 2017 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में भाजपा ने 325 सीटों पर विजय प्राप्त की थी। उस समय चुनाव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम पर लड़ा गया था। इस बार भाजपा ने 255 सीटों पर विजय प्राप्त की है, परन्तु पिछली बार की तुलना में भाजपा को 57 सीटों की हानि हुई है। किन्तु भाजपा ने इस बार उत्तर प्रदेश में लगभग 42 प्रतिशत मत प्राप्त किए हैं, जबकि पिछले विधानसभा चुनाव में उसे 39.67 प्रतिशत मत प्राप्त हुए थे। भाजपा का मत प्रतिशत बढ़ाना पार्टी नेताओं के लिए हर्ष का विषय है, परन्तु लोकसभा चुनाव में विजय का मार्ग प्रशस्त करने के लिए भाजपा को अपना जनाधार बढ़ाने के लिए जमीनी स्तर पर कार्य करना होगा। पिछले लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में भाजपा को लगभग 50 प्रतिशत मत प्राप्त हुए थे। इस दृष्टि से देखा जाए, तो भाजपा को लोकसभा चुनाव में अपने घटे मत प्रतिशत को पुनः प्राप्त करने के लिए कड़ा परिश्रम करना होगा।

उत्तर प्रदेश में भाजपा का मुकाबला समाजवादी पार्टी से है। वर्ष 2017 के विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी ने 311 सीटों पर चुनाव लड़ा था। उसे लगभग 28 प्रतिशत मत प्राप्त हुए थे। इस बार समाजवादी पार्टी ने 32 प्रतिशत से अधिक मत प्राप्त किए हैं, जो भाजपा के लिए चिंता का विषय है। इस बार सपा ने 111 सीटें प्राप्त की हैं। इस प्रकार उसे 64 सीटों का लाभ हुआ है। बहुजन समाज पार्टी से भाजपा को कोई विशेष खतरा नहीं है, क्योंकि बसपा के मतदाता अच्छी तरह समझ चुके हैं कि मायावती ने उनके नाम पर केवल सत्ता प्राप्त कर उसका सुख भोगा। उन्हें दलित समाज के दुःख-सुख से कोई सरोकार नहीं है। इसलिए इस बार बसपा को केवल एक ही सीट से संतोष करना पड़ा है। पिछले विधानसभा चुनाव की तुलना में उसे 18 सीटों की हानि हुई है। कांग्रेस की बात करें, तो पार्टी की स्टार प्रचारक प्रियंका गांधी के वर्षों के कड़े प्रचार के पश्चात भी उसे केवल दो ही सीटें प्राप्त हो सकीं। पिछले विधानसभा चुनाव की तुलना में उसे पांच सीटों की हानि हुई है। कांग्रेस के पास ऐसा कोई नेता भी नहीं बचा, जो उसके लिए विजय का मार्ग प्रशस्त कर सके। कांग्रेस कहीं भी मुकाबले में दिखाई नहीं देती। पिछले विधानसभा चुनाव में राहुल गांधी और कांग्रेस के स्टार प्रचारकों के प्रचार के पश्चात कांग्रेस केवल सात ही सीटें जीत पाई थी। इस बार के विधानसभा चुनाव ने कई मिथक तोड़े हैं। विपक्षी दल जिन मुद्दों को सरकार के विरुद्ध मान रहे थे, उनका कोई प्रभाव नहीं पड़ा। केंद्र के कृषि कानूनों के विरोध में किसानों ने एक लंबे समय तक आंदोलन किया। देशभर में प्रदर्शन हुए और रैलियां निकाली गईं। विपक्षी दलों ने खुलकर किसानों का समर्थन किया। पंजाब में कैप्टन अमरिंदर सिंह ने किसानों का साथ दिया। इसके पश्चात भी पंजाब की जनता ने आम आदमी पार्टी को चुनकर राजनीति में एक नये अध्याय का प्रारंभ किया। स्थिति तो यह है कि कैप्टन अमरिंदर सिंह अपनी सीट तक नहीं बचा पाए।

इसी प्रकार उत्तर प्रदेश में भी कांग्रेस, समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव और आरएलडी के अध्यक्ष जयंत चौधरी व अन्य दलों ने किसान आन्दोलन का समर्थन किया था। अखिलेश यादव को विश्वास था कि माय अर्थात मुस्लिम और यादवों के वोट बैंक के साथ उन्हें जाटों का भी भरपूर समर्थन मिलेगा, इसलिए उन्होंने आरएलडी के साथ गठबंधन किया। इसके अतिरिक्त उन्होंने सुभासपा और अपना दल जैसे कई छोटे दलों से भी गठबंधन किया, परन्तु गठबंधन सफल नहीं हुआ। भाजपा ने किसान आन्दोलन के पश्चात पश्चिमी उत्तर प्रदेश की 136 विधानसभा सीटों में से 93 पर विजय प्राप्त करके सिद्ध कर दिया कि किसान आन्दोलन निष्प्रभावी रहा। साथ ही लखीमपुर खीरी की उन आठ विधानसभा सीटों पर भी भाजपा ने विजय पाई, जो उसके लिए कठिन मानी जा रही थीं। वास्तव में भाजपा की विजय भाजपा की नीतियों और उसकी सरकार के विकास कार्यों की विजय है। उत्तर प्रदेश मंह योगी श्री आदित्य नाथ ने मुख्यमंत्री का पदभार ग्रहण करने के पश्चात राज्य में विकास कार्यों की गंगा बहा दी। राज्य में बेघरों को आवास देने के लिए उत्तर प्रदेश आवास विकास योजना प्रारम्भ की गई। निर्धन परिवारों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने के लिए राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना आरम्भ की गई। प्रवासी श्रमिकों को रोजगार देने के लिए आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश रोजगार अभियान प्रारम्भ किया गया।

क्या आप जानते हैं?

- कागज का आविष्कार चीन के ली यैंग में रहने वाले साई लुन ने 105 ई. में पुराने काटे गए मछली पकड़ने वाले जालों से किया।
- मिस्र की नील नदी के किनारे बहुतायत में उगने वाले 'पपायरस' नामक पौधे के नाम पर 'पेपर' शब्द बना।
- 1690 में जर्मनी स्थित पेनसिल्वेनिया शहर में विलियम रिटेनहाऊस ने पहली पेपर मिल का निर्माण किया।
- पेड़ों की लकड़ी के गुद्दे से निकलने वाले सैलुलोस फाइबर से कागज बनाया जाता है।
- 793 ईस्वी में अन्य देशों को कागजा के बारे में पता चला।

मैथ्स की जानकार

आमतौर पर मधुमक्खियों को मेहनती होने के कारण जाना जाता है, लेकिन ये गणित में भी होशियार होती हैं। वैज्ञानिकों ने एक अध्ययन में पता लगाया है कि मधुमक्खियां एक ही नजर में नंबरों को पहचान सकती हैं। वैज्ञानिकों द्वारा किए गए इस अध्ययन में पता चला है कि मधुमक्खियां दो या तीन बिंदुओं के नमूने को आसानी से पहचान लेती हैं। साथ ही अगर उन्हें थोड़ी स्कूली शिक्षा भी दी जाए, तो तीन और चार की भी पहचान कर सकती हैं। अब वैज्ञानिक इस बात की जांच कर रहे हैं कि क्या मधुमक्खियां आधारभूत गणना कर सकती हैं। मधुमक्खियों के विभिन्न अंकों को पहचानने की क्षमता उन्हें परागों को ढूंढने में मददगार साबित हो सकती है, चाहे वे अपने छत्ते से कितनी ही दूर क्यों न हों। कबूतर, डॉल्फिन और बंदरों में भी नंबरों को पहचानने की क्षमता होती है।

>> जिज्ञासा

किसने बनाई कुतुबमीनार

बच्चो, कुतुबमीनार के बारे में ज्यादातर लोगों में भ्रांतियां पाई जाती हैं। इसलिए इस इस प्रश्न का उत्तर ठीक से पढ़ना जरूरी है। कुतुबमीनार का निर्माण कुतुबुद्दीन ऐबक ने 1193 में शुरू करवाया था। पर ऐबक केवल काम शुरू ही करवा सका था कि उसकी मृत्यु हो गई। इल्तुतमिश ने जो ऐबक के बाद दिल्ली की गद्दी पर बैठा, इसमें तीन मंजिलें जुड़वाईं।

फिर कुतुबमीनार में आग लगने के बाद उसका पुनर्निर्माण फिरोजशाह तुगलक के समय हुआ। इस प्रश्न का उत्तर देते समय प्रतियोगी परीक्षा में बैठने वाले जल्दबाजी में गड़बड़ कर जाते हैं। याद रहे कि काम शुरू ऐबक ने करवाया था और पूरा करवाया इल्तुतमिश ने और 1386 में मीनार को दुर्घटना के बाद दुरुस्त करवाया फिरोजशाह तुगलक ने। कुछ इतिहासकार मानते हैं कि कुतुबुद्दीन ऐबक के नाम पर ही इस मीनार का नाम पड़ा, जबकि कुछ बताते हैं कि बगदाद के संत कुतुबद्दीन बख्तियार काकी के नाम पर इस मीनार का नाम कुतुबमीनार पड़ा। काकी बाद में भारत में आकर ही रहे। इल्तुतमिश इन्हें बहुत मानता था। 72.5 मीटर ऊंची यह मीनार यूनैस्को की विश्व धरोहर स्मारकों की सूची में भी शामिल है।



पैशन का पैराशूट



प्यारे बच्चो, आसमान में उड़ने की चाह सबके मन में होती है। आइए आज आपको पैराशूट और इससे जुड़े तथ्यों के बारे में बताएं...

आसमान में उड़ना अपने आप में एक रोमांचक अनुभव है। सदियों से मनुष्य की इच्छा आसमान में उड़ने की रही है। इसीलिए वह उड़ने की कई असफल कोशिशों के बाद आखिर उड़ने में सफल हो गया। उसने जहाज, रॉकेट आदि कई तरह के उपकरणों को बनाया। मगर खुले रूप में आसमान में उड़ने की ख्वाहिश वैसी की वैसी ही रही। आज हम आपको मानव की जिस खोज के बारे में बता रहे हैं, वह ऐसी है, जो शायद इसी ख्वाहिश को पूरा करती है। जी हां यह खोज है- पैराशूट। इसके माध्यम से खुले रूप में आसमान में उड़ने का आनंद लिया जाता है। पैराशूट के साथ उड़ने का अनुभव जहाज में उड़ने के अनुभव से बिल्कुल अलग तरह का है।

आज इसके बिना वायुसेना का कोई भी पायलट जहाज में नहीं बैठता, पर आपको बता दें कि यात्री विमानों में पायलटों के लिए के लिए पैराशूट का उपयोग करना मना है।

मगर पैराशूट की खोज इतनी आसानी से नहीं हुई। इसके लिए लोगों को बहुत मेहनत करनी पड़ी। यहां तक कि कुछ लोगों को तो अपनी जान तक से हाथ धोना पड़ा। तब कहीं जाकर पैराशूट का वर्तमान स्वरूप हमारे सामने आया। मगर इस खोज पर काम करने वाले लोगों में इतना पैशन था कि वह अपने काम से पीछे नहीं हटे।

कहते हैं सबसे पहला पैराशूट इटली के प्रसिद्ध वैज्ञानिक ल्युनार्दो दसी ने आज से लगभग 500 साल पहले बनाया था, बहुत से लोगों ने इस में सुधार किए और कई नए डिजाइन के पैराशूट बनाए। 1783 में एक फ्रांसीस डॉक्टर स्वास्तिन लनारमां ने लकडी के ढांचे पर कपडा डालकर पैराशूट बनाया और इसके द्वारा एक ऊंची ईमारत से छलांग लगाई, जिसको देखकर लोग हैरान रह गए।

सन 1797 में एक अन्य फ्रांसीसी आंद्रे गार्निरन ने हवा में उड़ते हुए गुबारे पर से पैराशूट द्वारा छलांग लगाने का प्रदर्शन किया। यह कारनामा पैरिस के हजारों लोगो ने देखा। जब गार्निरन का गुब्बारा 3000 फुट की ऊंचाई पर पहुंचा, तो वह रस्सी काट दी गई, जिससे पैराशूट गुब्बारे के साथ बंधा हुआ था। रस्सी के कटते ही पैराशूट तेजी से धरती की ओर आया यह भयानक दृश्य देखकर बहुत से कमजोर लोग के स्त्री पुरुष बेहोश हो गए। लोगों का विचार था कि गार्निरन का पैराशूट नीचे गिर जाएगा और उसकी हड्डीपसली एक हो जाएगी, पर जैसे ही पैराशूट में हवा भरी गई, वह धीरे-धीरे धीमी गति से नीचे उतर आया। 24 जुलाई 1837 को रॉबर्ट काकिंग ने लन्दन के बॉक्स हाल गार्डन में पैराशूट की उड़ान का प्रदर्शन किया। उसने पैराशूट को एक गुबारे के नीचे बांधा और गुबारे को गैस द्वारा हवा में उड़ा दिया। वह स्वयं पैराशूट की टोकरी में खडा था। लोग खुशी से तालियां बजा रहे थे। पांच हजार फुट की ऊंचाई पर पहुंचकर उसने पैराशूट को गुबारे से अलग कर दिया। दुर्भाग्य से पैराशूट का लकड़ी का ढांचा हवा के दबाब से टूट गया और राबर्ट धरती पर गिरकर मर गया। पर मनुष्य हार कहां मनाता है, एक आविष्कार फेल हो जाए, तो दूसरे की खोज में लगा जाता है। वह अपनी हर असफलता से सफलता की सीढ़ी तलाश करता है। इस दुर्घटना के 15 महीने बाद ही एक अंग्रेज हेम्टन ने एक हल्का-फुल्का पैराशूट बनाया। वह इससे हवा में उड़ा और फिर एक उड़ते गुबारे से सफलता पूर्वक नीचे उतर आया।

लकड़ी के ढांचे पर कपड़ा डालकर बनाए जाते थे। फान टासल ने सूती कपड़े की एक छतरी बनाई। उसका यह पैराशूट बहुत लोकप्रिय हुआ। कुछ समय के बाद सूती कपड़े की बजाय रेशमी कपड़े का इस्तेमाल किया जाने लगा, जिससे यह अधिक मजबूत और अधिक हल्का हो गया। अमरीका का एक सैनिक कैप्टन एलबर्ट बेरी पहला व्यक्ति था, जिसने पैराशूट के द्वारा विमान से छलांग लगाई। उसका विमान 55 मील प्रति घंटे की रफ्तार से उड़ रहा था। यह घटना 1912 की है। उन दिनों जहाज की नई-नई खोज हुई थी और उसकी गति भी बहुत धीमी हुआ करती थी।

पैराशूट के द्वारा अभी तक धरती पर उतरना एक खेल ही समझ जाता था। लोगों के दिमाग में अब तक यह विचार नहीं आया था कि इससे पायलटों को भी मुसीबत के वक्त बचाया जा सकता है। सन 1914 में पहला महायुद्ध शुरू हुआ, तो उसमें बमवर्षा के लिए जहाजों का भी इस्तेमाल किया गया। इसके 21 साल बाद जब दूसरा महायुद्ध हुआ, तो इसमें जहाज चालकों ने पैराशूट का उपयोग किया और इस प्रकार हजारों पायलट मौत के मुंह में जाने से बच गए। अब पैराशूट नायलोन के बनाए जाते हैं। यह बहुत हलके-फुल्के और मजबूत होते हैं। अब इनसे कई तरह के काम लिए जाते हैं। युद्ध आदि के दौरान पैराशूट द्वारा शत्रु के प्रदेश में सेना उतारी जाती है, इसको छाता सेना कहते हैं। इसके अलावा जरूरत के समय गोला-बारूद और खाने-पीने का सामान भी पैराशूट से सेना के मोर्चों में गिराया जाता है। तेज गति से चलने वाले जहाजों को हवाई अड्डे में रोकने के लिए भी पैराशूट का उपयोग किया जाता है। जब इस प्रकार का कोई जहाज धरती पर उतरता है, तो पीछे का पैराशूट खुल जाता है और उसमें हवा भर जाती है। जिससे विमान की गति काम हो जाती है। इस तरह उसको ब्रेक लगाकर आसानी से रोका जा सकता है। अंतरिक्ष यात्री जिस कैप्सूल में बैठकर धरती पर उतारते हैं, उसमें भी पैराशूट लगा होता है। यदि यह न हो, तो कैप्सूल धरती पर गिरकर टुकड़े-टुकड़े ही हो जाए।

>> बाल कविता

चूहा और बिल्ली

इक चूहे नें बिल्ली पाली।
आधी पीली आधी काली।

पीती दूध और खाए मलाई
अच्छी लगती उसे मिठाई।

मैगी नूडल्स पिज्जा बर्गर।
बातें करती वो फर्र-फ़र्र।

करती वो दिन भर आराम।
नहीं आती वो किसी के काम।

चूहे नें कुछ दिन की सेवा।
दिया मलाई फल और मेवा।

खाकर बिल्ली हो गई मोटी।
हुई चूहे पर नियत खोटी।

पलक झपकते पकड़ के खाया
अपना ही तो दांव गंवाया।

अब न मिलती रोटी सूखी।
दिन भर रहती बिल्ली भूखी।

सूख के हो गई दुबली-पतली।
दिख गया अपना चेहरा असली।

अपनी करनी का फल पाया
बिल्ली नें सब-कुछ गंवाया।

ये हमारा सौरमंडल



बच्चो सौरमंडल का जिक्र आते ही आप सूर्य और उसके गिर्द घूमते ग्रहों के बारे में सोचने लग गए होंगे। सभी ग्रह गुरुत्वाकर्षण के कारण सूर्य के गिर्द एक सीमित दूरी और रफ्तार से घूमते रहते हैं। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि अब हमारे सौरमंडल में नौ ग्रहों की बजाए 8 ग्रह हैं। 2006 में नौवें ग्रह प्लूटो को सौरमंडल से बाहर करके एक बोने ग्रह का दर्जा दे दिया गया था। आइए जानें—

सूर्य- यह पृथ्वी से 109 गुणा बड़ा है। इसका पुंज संपूर्ण सौरमंडल के 99.98 प्रतिशत के समकक्ष है। इसमें लगातार आणविक विखंडन होता रहता है, जो हाइड्रोजन को हीलियम में बदलता है। इसकी पीली सतह को फोटोस्फीयर कहते हैं।

मरक्यूरी (बुद्ध ग्रह)- यह हमारे सौरमंडल का सबसे पहला और सबसे छोटा ग्रह है, जो चांद जैसा दिखाई देता है। यह सूर्य की परिक्रमा 87.969 दिनों में पूरी करता है। इस ग्रह पर कोई वातावरण नहीं।

वीनस- (शुक्र ग्रह)- दूसरा ग्रह वीनस पृथ्वी का पड़ोसी ग्रह भी माना जाता है। यह सूर्य की परिक्रमा 224.7 दिनों में पूरी करता है। सबसे चमकदार होने के कारण इसे ध्रुव तारा भी कहा जाता है। प्यार और सौंदर्य की प्रतीक रोमन देवी वीनस पर इसका नाम पड़ा।

पृथ्वी-हमारी प्यारी पृथ्वी सौरमंडल के तीसरे ग्रह के रूप में जानी जाती है। केवल इस पर ही जीवन मुमकिन है। यह सूर्य की परिक्रमा लगभग 365 दिनों (1 साल) में पूरी करती है। इसका 71 प्रतिशत भाग पानी से ढंका है, इसके वातावरण में 21 प्रतिशत आ सीजन, 78 प्रतिशत नाइट्रोजन है। जीव-जंतुओं और प्रकृति के आधार पर पृथ्वी सौरमंडल का सबसे सुंदर ग्रह है।

मार्स- (मंगल ग्रह) - मंगल को लाल ग्रह भी कहा जाता है, योंकि आयरन ऑक्साइड की ज्यादा मात्रा के कारण इसका रंग लाल प्रतीत होता है। पृथ्वी की तरह ही इसके भी दोनों ध्रुवों पर बर्फ पाई जाती है। सूर्य का च कर यह लगभग 686.98 दिनों में पूरा करता है।

जूपिटर- (बृहस्पति) सौरमंडल का सबसे बड़ा ग्रह, जिसमें पृथ्वी जैसे 1 हजार से अधिक ग्रह समा सकते हैं। इसके 63 चांद हैं। यह ग्रह गैसों का विशाल भंडार है, जिसमें 75 प्रतिशत हाइड्रोजन है, जिसके कारण इसके धरातल पर विशाल तूफ़ान चलते रहते हैं।

सैटर्न (शनि ग्रह) - सौरमंडल में छठे स्थान पर दूसरा सबसे बड़ा ग्रह है। इसके कम से कम 62 चंद्रमा हैं। इस ग्रह के चारों ओर मौजूद गोल छल्ले उन बर्फ और पत्थर के टुकड़ों से बने हैं, जो शायद कॉमैट्स और एस्टेरॉइड्स के हिस्से रहे हों। सूर्य का चक्कर लगाने में इसे 29 वर्ष 168 दिन लग जाते हैं।

यूरेनस- सातवां ग्रह यूरेनस तीसरा सबसे बड़ा ग्रह है। शनि ग्रह की भांति ही इसके इर्द-गिर्द भी छल्ले हैं। यह सूर्य की परिक्रमा 84 सालों में पूरी करता है।

नैप्च्यून- यह सबसे दूरस्थ ग्रह है। सूर्य की परिक्रमा 164.79 सालों में पूरी करता है, लेकिन इसका वर्ष इतना बड़ा है कि इसकी पहली परिक्रमा जुलाई 2011 में पूरी होगी।

ब्रुकलिन ब्रिज

ब्रुकलिन ब्रिज न्यूयार्क की ईस्ट रिवर के आरपार बना है। किसी समय इसे दुनिया का आठवां अजूबा माना जाता था। इस पुल की संकल्पना और इसे बनाने का विचार एक दूरदर्शी इंजीनियर जॉन रोबलिंग को आया था। तब पुलों के विशेषज्ञों ने कहा था कि ऐसा पुल बनाना संभव नहीं है, लेकिन रोबलिंग का प्रोजै ट इतना बढ़िया था कि लोग उसमें पैसा लगाने को तैयार हो गए। रोबलिंग अपना सपना साकार करने में जुट गए। लेकिन परियोजना को शुरू किए अभी थोड़ा ही समय बीता था कि उनकी एक दुर्घटना में मौत हो गई।

बेटे का संकल्प

पिता की मौत के बाद वाशिंगटन ने अपने पिता के सपने को पूरा करने का बीड़ा उठाया। वह भी इंजीनियर था। लेकिन किस्मत को शायद कुछ और ही मंजूर था। यह परियोजना शुरू हुए अभी कुछ ही समय बीता था कि वाशिंगटन भी एक दुर्घटना का शिकार हो गए। ए सीडैंट में उन्हें कई चोटें आईं, जिनकी वजह से उन्हें कई महीनों तक बिस्तर पर ही रहना पड़ा।

पत्नी का साथ

वाशिंगटन के ए सीडैंट के बाद उनकी मदद के लिए उनकी पत्नी आगे आई। वह केवल अपनी उंगलियां ही हिला सकते थे। वह अपनी पत्नी की बांह पर उंगलियों से अपनी बात को समझाते और इस तरह अपनी पत्नी के माध्यम से उन्होंने इंजीनियरों को संदेश भेजने शुरू कर दिए। उनकी मदद के लिए उनकी पत्नी ने भी इंजीनियरिंग की शिक्षा हासिल की। कुछ समय बाद जब वाशिंगटन बैठने के काबिल हुए, तो उन्होंने दूरबीन की मदद से पुल के काम पर नज़र रखनी शुरू कर दी।

सपना हुआ साकार

486 मीटर लंबा यह पुल उस समय का सबसे लंबा झूला पुल था। इसे बनाने में 14 साल लगे थे और जॉन रोबलिंग सहित 19 लोगों ने जान गंवाई। इस पर लागत आई थी- 1.5 करोड़ डॉलर, जोकि उस समय एक बहुत बड़ी रकम थी। यह पुल उस विश्वास की जीत थी, जो बेटे ने पिता पर और पत्नी ने पति पर किया था। उन्होंने दिखा दिया था कि इंसान अगर ठान ले, तो वह कोई भी मुश्किल काम कर सकता है। 24 मई 1883 को पुल खुलने के समय उसकी पूरी लंबाई को बिजली की रोशनियों से सजाया गया था। इस तरह यह संसार का पहला बिजली से रोशन पुल बना।

हम बताएं, आप बनाएं



देश के नाम मैंने अपनी जिंदगी कर दी है!

■ नई दिल्ली (आईएएनएस)।

नोएडा शहर से हाल ही में रात 12 बजे सड़कों पर दौड़ते हुए एक 19 वर्षीय लड़के प्रदीप मेहरा का वीडियो वायरल हुआ, जिसमें वह कहता हुआ नजर आ रहा है कि उसे आर्मी में जाना है, इसलिए दौड़ रहा है। दौड़ने के लिए उसे रात को ही टाइम मिलता है, इसलिए वह सेक्टर 16 से बरौला तक दौड़ता है। सोशल मीडिया पर ये विडियो इतना वायरल हुआ कि उस लड़के को सभी तरफ से प्रशंसा मिलने लगी।

पुष्कर सिंह मेहरा उर्फ प्रदीप ने बताया, मेरा वीडियो वायरल हुआ मुझे खुशी है इस बात की सारा देश मुझे प्यार दे रहा है। लोग उत्साह बढ़ा रहे हैं और मेरे अन्य दोस्त भी मुझसे प्रेरित हो रहे हैं। दुनिया मे आए हैं तो कुछ करना जरूरी है और गुमनामी की मौत मुझे नहीं मरना है। देश के नाम मैंने अपनी जिंदगी कर दी है। प्रदीप ने कहा, मेरे परिवार भी इतना बड़ा नहीं कि हम कुछ और सोच सके। किसान का बेटा हूं और आर्मी में जाना चाहता हूं। मां के इलाज में करीब 4 लाख खर्च हो चुका है और आगे कितना पैसा लगेगा मुझे नहीं पता।

उन्होंने आगे कहा, मेरे गांव में भी एक ही कमरा है। 4 साल तक हम किसी और के मकान में रहे। फिर हमें एक आर्थिक सहायता हुई, उसके बाद हमने रहने के लिए एक कमरा लिया। मेहनत का पैसा ही मुझे कमाना है, फ्री का पैसा नहीं चाहिए। दरअसल उत्तराखंड के अलमोड़ा निवासी प्रदीप मेहरा नोएडा सेक्टर-16 स्थित एक रेस्तरां में काम करते हैं। नोएडा में वह अपने भाई के साथ रहते हैं। प्रदीप के भाई भी नौकरी करते हैं और मां की जब इलाज के लिए आर्थिक सहायता की जरूरत पड़ी तो उन्होंने प्रदीप को भी काम करने के लिए बुला लिया। नाइट शिफ्ट करता हूं और मैं पैदल आता हूं और मेरा भाई दौड़ कर आता है। विडियो वायरल होने के बाद लोगों ने बहुत प्यार मिल रहा है।

जल बचाएं कल सजाएं

नई दिल्ली। एसएनबी

ऑटम मॉर्निंग स्टार ने कहा, जब जीवन आपके रास्ते में पत्थर रखता है तो पानी बनो। पानी की लगातार बूंद सबसे कठोर पत्थर को भी दूर कर देगी। वहीं, पानी की महत्ता बताते हुए लॉरेन आइजली कहते है कि अगर इस ग्रह पर जादू है तो यह पानी में निहित है। जल के बिना जीवन की कल्पना करना भी व्यर्थ है। मनुष्य और अन्य जीव बिना पानी पिए कुछ दिनों से ज्यादा जिंदा नही रह सकते। हमारी पृथ्वी पर 3 भाग जल है और 1 भाग जमीन। इतनी ज्यादा मात्रा में होने के बावजूद यह सारा जल मानव जाति के काम का नहीं है। इसका 97 प्रतिशत भाग समुद्री जल है, जो खारा है और पीने तथा अन्य जरूरी कार्यो के लिए अनुपयुक्त है। पीने, खाना बनाने, नहाने, जूठे बर्तन साफ करने, फर्श की सफाई करने आदि दैनिक दिनचर्या के कार्य के लिए स्वच्छ, साफ और मीठे पानी की जरूरत पड़ती है। अन्न उपजाने और अन्य फसलों की सिंचाई के लिए भी स्वच्छ पानी की जरूरत पड़ती है।

विश्व जल दिवस की शुरुआत : स्वच्छ जल के अत्यधिक महत्व को देखते हुए संयुक्त राष्ट्र संघ वर्ष 1993 से ही हर वर्ष 22 मार्च को विश्व जल दिवस के रूप में मनाता आ रहा है, जिसमें उसके सभी सदस्य राष्ट्र, प्रमुख संस्थाएं और मीडिया भाग लेते है। हर वर्ष की कोई एक चुनी हुई थीम होती है। इस वर्ष की थीम है। भूतल का जल: अदृश्य का दर्शाव।

पृथ्वी के हर भाग में जमीन से कुछ फुट नीचे लगातार स्वच्छ पानी गहराई तक बहता रहता है, जिसे ग्राउंड वाटर कहते है। यह जल हम सबके लिए बहुत उपयोगी है। पृथ्वी के सभी लोगों के दैनिक जीवन की स्वच्छ जल की 50 प्रतिशत आवश्यकता इसी ग्राउंड वाटर से पूरी होती है। सिंचाई की भी 40 प्रतिशत आवश्यकता इसी जल से पूरी होती है। यह जल मनुष्य जीवन के लिए प्रकृति का अनूठा भंडार और वरदान है। हम सब नलकूपों और वाटर पंपों के सहारे इस जल को जमीन के ऊपर लाकर विभिन्न कामों में लेते है।

इस प्राकृतिक जल की मात्रा असीमित नही है। बढ़ती आबादी और शहरीकरण से स्वच्छ जल का उपयोग शहरों में प्रतिवर्ष बढ़ता जा रहा है, जिससे भूजल का स्तर घटता जा रहा है। खर्च किए गए जल की आपूर्ति का मुख्य स्रोत है वर्षा जल। चूंकि यह जल सीमित मात्रा में उपलब्ध है इसलिए इसको बिल्कुल बर्बाद नहीं करना चाहिए।

—आज भी दुनिया में करीब 270 करोड़ लोग ऐसे है, जिन्हें वर्ष में कम से कम एक महीने स्वच्छ जल प्राप्त नही होता है। बारिश के जल को अच्छी तरह से संचय करके रखना इस जल की उपलब्धता और भूजल स्तर को बढ़ाने में सहायक होता है। राजस्थान में ऐसे बहुत से मकान है, जहां लोगों ने अपने मकान की छत पर बारिश के जल को अच्छी तरह से संचय करके रखने की व्यवस्था कर रखी है, जिसे वे पाइपों के जरिए जमीन के निचले हिस्से में गहरी होद खोदकर एकत्रित करते हैं और इसी जल का पूरे वर्ष उपयोग करते हैं।

यह जल जमीन के नीचे होने के कारण हमारी आंखों से अदृश्य रहता है और हममें से बहुतों का ध्यान इस पर और इसकी उपयोगिता पर नही जाता है। इसी बात पर ध्यान आकर्षित करने के लिए इस वर्ष का विषय रखा गया है अदृश्य का दर्शाव।

विश्व जल दिवस क्यों महत्वपूर्ण : यह लाखों लोगों को प्रभावित करता है। अनुमानत: 780 मिलियन लोग स्वच्छ, सुलभ पेयजल के बिना रहते है। दूषित पानी पीने से कई जानलेवा बीमारियां हो सकती है।

सरकार की योजना

ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले कई करोड़ भारतीयों के पास कुछ वर्ष पूर्व तक स्वच्छ पेयजल आपूर्ति की समुचित व्यवस्था नही थी। वर्तमान केंद्र सरकार ने यह बीड़ा उठाया है कि वर्ष 2024 की समाप्ति तक समूचे भारत के किसी भी गांव में कोई भी घर ऐसा नही बचेगा, जिसे स्वच्छ पेयजल उचित मात्रा में मिलने में कोई कठिनाई हो। इस योजना के तहत केंद्र सरकारी खर्च पर नई पाइपलाइन बिछाकर हर घर को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध करा रही है। यह काम पूरे भारत में पूरे जोर-शोर से चल रहा है। जिस तीव्र गति से यह काम हो रहा है, उससे यह पूर्ण आशा की जा रही है कि पूरा काम निर्धारित समय 2024 की समाप्ति के पहले ही हो जाएगा।

■ जल संचयन का महत्व समझना ही होगा

■ सरकार की कोशिशों के साथ ही आम जन को भी जल संरक्षण के लिए आगे आना होगा

■ आज भी दुनिया में 270 करोड़ लोग ऐसे है, जिन्हें वर्ष में कम से कम एक महीने स्वच्छ जल नहीं मिलता

इंदौर के लोक परिवहन तंत्र से जुड़ेंगी 3,000 साइकिलें

इंदौर (भाषा)। देश के सबसे स्वच्छ शहर इंदौर में वायु प्रदूषण घटाने के प्रयास के तहत लोक परिवहन तंत्र से 3,000 साइकिलें जोड़ी जाएंगी। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने 10 करोड़ रुपए की लागत वाली इस परियोजना के प्रथम चरण का सोमवार को उद्घाटन किया। अधिकारियों ने बताया कि 'इंदौर पब्लिक बाइसिकल सिस्टम' नाम की यह परियोजना सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) के आधार पर चलाई जाएगी और इसके तहत आम लोगों को अत्याधुनिक साइकिलें किराए पर मुहैया कराई जाएंगी।

■ वायु प्रदूषण घटाने के प्रयास के तहत चलाई जाएंगी ये साइकिलें

मुख्यमंत्री चौहान ने परियोजना के उद्घाटन समारोह में वीडियो कॉन्फ्रेंस से शामिल होते हुए कहा, 'इंदौर के लोक परिवहन तंत्र से साइकिलों के जुड़ने से पर्यावरण की रक्षा होगी, पेट्रोल-डीजल की खपत घटेगी और आम लोगों का शरीर भी स्वस्थ रहेगा।' स्थानीय प्रशासन आम लोगों को शहरी परिवहन बसों के स्टॉप और अन्य प्रमुख सार्वजनिक स्थानों पर किराए की 3,000 साइकिलें चरणबद्ध तरीके से मुहैया कराएगा। उन्होंने बताया कि इन साइकिलों का ताला एक मोबाइल ऐप की मदद से खुलेगा और बंद होगा तथा ये साइकिलें जीपीएस सिस्टम से लैस रहेंगी जिससे इनके आवागमन पर स्थानीय प्रशासन की निगाह बनी रहेगी।

सोनम कपूर और आनंद आहूजा ने फैंस को दी गुड न्यूज

मुंबई (आईएएनएस)। बालीवुड अभिनेत्री सोनम कपूर ने घोषणा की है कि वह और उनके व्यवसायी पति आनंद आहूजा अपने पहले बच्चे की आने की तैयारी कर रहे है। सोनम ने इंस्टाग्राम पर कुछ तस्वीरों के साथ इसकी घोषणा की। छवियों में उनके साथ आनंद भी हैं। फोटो में वह अपने पति की गोद में सिर रखकर सोफे पर लेटी हुई अपना बेबी बंप फ्लाट कर रही है। उन्होंने कैप्शन में लिखा, चार हाथ। आपको दुनिया में लाने के लिए हम इंतजार कर रहे है। दो दिल आपके साथ हर कदम पर एक साथ धड़केंगे। एक परिवार। जो आपको प्यार और समर्थन देगा। वर्कफ्रंट की बात करें तो सोनम आखिरी बार 2019 में रिलीज हुई फिल्म 'द जोया फैक्टर' में नजर आई थी। उन्होंने दुलकर सलमान के साथ अभिनय किया था। सोनम और आनंद 2018 में शादी के बंधन में बंधे थे।

हुमा कुरैशी ने 'महारानी' सीजन 2 की शूटिंग पूरी की

मुंबई (वार्ता)। बालीवुड अभिनेत्री हुमा कुरैशी ने वेबसीरीज 'महारानी' सीजन 2 की शूटिंग पूरी कर ली है। हुमा कुरैशी अक्सर सोशल मीडिया पर अपनी आने फिल्मों से जुड़े अपडेट शेयर करती रहती हैं। हुमा कुरैशी ने वेब सीरीज महारानी के दूसरे सीजन की शूटिंग को पूरा कर लिया है। वेब सीरीज की शूटिंग को भोपाल, होशंगाबाद और जम्मू-कश्मीर में फिल्माया गया है। हुमा कुरैशी ने कहा, जम्मू-कश्मीर में फिल्म का काफी छोटा शेड्यूल शूट किया गया है। वहां महत्वपूर्ण कहानी को फिल्माया गया है। सीजन 2 बहुत सारे ट्विस्ट और टर्न से भरा हुआ है। करण शर्मा द्वारा निर्देशित इस राजनीतिक थ्रिलर वेब सीरीज को सुभाष कपूर ने लिखा है। महारानी के पहले सीजन में हुमा कुरैशी ने राजनेता रानी भारती का मुख्य किरदार निभाया है। 'महारानी' वेब सीरीज की कहानी 1990 के दशक में बिहार में हुई राजनीतिक घटनाओं से प्रेरित है।

जियोग्राफिक चैनल पर स्वच्छ गंगा मिशन पर डॉक्यूमेंट्री

नई दिल्ली (भाषा)। गंगा नदी के उत्तराखंड के ग्लेशियर से निकलने से लेकर सुंदरबन तक बहने की यात्रा को दर्शाने वाली एक नयी डॉक्यूमेंट्री फिल्म 22 मार्च को नेशनल जियोग्राफिक चैनल पर दिखाई जाएगी। नेटवर्क ने सोमवार को यह जानकारी दी। यह डॉक्यूमेंट्री भारत के विशाल एवं व्यापक नदी संरक्षण कार्यक्रम पर आधारित है। नेटवर्क ने एक बयान में कहा कि एक घंटा लंबे इस विशेष कार्यक्रम 'गंगा: द रिवर फ्रॉम द स्काइज' में लोगों, संगठनों और बुनियादी ढांचे के जटिल नेटवर्क को दर्शाया जाएगा, जोकि इसे (स्वच्छ गंगा राष्ट्रीय मिशन) फिर से जीवंत और संरक्षित करने के लिए मिलकर काम कर रहे हैं।

ऋषि कपूर सहजता से अभिनय कर जाते थे : जूही

मुंबई (भाषा)। ऋषि कपूर के साथ 1990 के दशक में कई फिल्मों में काम कर चुकी अदाकारा जूही चावला का कहना है कि अभिनेता अन्य कलाकारों की तरह खुद को लेकर चिंतित नहीं रहते थे और बेहद सहजता से बेहतरीन अभिनय कर जाते थे। 'बोल राधा बोल', 'ईना मीना डीका', 'दरार' और जोया अख्तर की 2009 में आई फिल्म 'लक बाइ चांस' जैसी फिल्मों में ऋषि कपूर के साथ काम कर चुकीं जूही चावला अभिनेता की आखिरी फिल्म 'शर्माजी नमकीन' में भी उनके साथ नजर आएंगी।

कैंसर की बीमारी से लंबे समय तक जूझने के बाद ऋषि कपूर का 67 वर्ष की उम्र में अप्रैल 2020 में निधन हो गया था। ऋषि कपूर के निधन के बाद फिल्म की बाकी शूटिंग उनकी जगह अभिनेता परेश रावल ने पूरी की है। यह पहला मौका है, जब एक फिल्म में एक ही किरदार को दो अभिनेता निभाते नजर आएंगे। जूही चावला ने दिए साक्षात्कार में कहा कि एक बार फिर ऋषि कपूर के साथ काम करने का अनुभव काफी कुछ सीखने वाला रहा।

उन्होंने कहा, जब हमने शूटिंग शुरू की, मुझे एहसास हुआ कि वह मुझसे काफी बेहतर हैं, मैं बस उन्हें देखती रहती थी। मैं देखती थी कि वह कैसे अपनी शूटिंग कर रहे हैं क्योंकि वह बेहद सहजता से बेहतरीन अभिनय कर जाते थे। उन्होंने कहा, मेरी तरह नहीं, मैं हमेशा 'मानिटर' पर देखती रहती थी कि मेरे अभिनय में कुछ कमी तो नहीं रह गई, मैं खुद को बार-बार आईने में देखती थी कि मैं सही तो लग रही हूं। वह अन्य कलाकारों की तरह खुद को लेकर चिंतित नहीं रहते थे। वह हमेशा शांत रहते थे।

फिल्म 'शर्माजी नमकीन' का निर्माण फरहान अख्तर तथा रितेश सिधवानी की निर्माण कम्पनी 'एक्सेल मीडिया एंड एंटरटेनमेंट' ने फिल्म निर्माता हनी त्रेहन तथा अभिषेक चौबे की कम्पनी 'मैकगफिन पिक्चर्स' के साथ मिलकर किया है। फिल्म में सुहैल नय्यर, तारक रैना, सतीश कौशिक, शीबा चड्ढा और ईशा तलवार जैसे कलाकार भी नजर आएंगे। फिल्म 'ओवर द टाप' (ओटीटी) मंच 'अमेजन प्राइम वीडियो' पर 31 मार्च से प्रसारित की जाएगी।

रितेश जेनेलिया ने मिस्टर मम्मी की शूटिंग शुरू की

मुंबई (वार्ता)। बालीवुड अभिनेता रितेश देशमुख-जेनेलिया देशमुख ने अपनी आने वाली फिल्म मिस्टर मम्मी की शूटिंग शुरू कर दी है। फिल्म 'मिस्टर मम्मी' में रितेश देशमुख और जेनेलिया देशमुख की मुख्य भूमिका है। रितेश और जेनेलिया ने इंग्लैंड में आज से फिल्म शूटिंग शुरू कर दी है। गुलशन कुमार और टी-सीरीज फिल्म्स और हैंविटक सिनेमा प्राइवेट लिमिटेड प्रोडक्शन की फिल्म मिस्टर मम्मी का निर्देशन शाद अली करेंगे। इस फिल्म की कहानी एक ऐसे जोड़े के इर्द गिर्द घूमती है, जिनकी विचारधारा जब बच्चे की बात आती है तो एक दूसरे से बिलकुल अलग हो जाती है।

रीमेक फिल्में नहीं देखना चाहती है अनन्या

मुंबई (वार्ता)। बालीवुड अभिनेत्री अनन्या पांडे का कहना है कि वह रीमेक फिल्में नहीं देखना चाहती है। बालीवुड में रीमेक फिल्मों का चलन जोरो पर है। अनन्या ने एक रीमेक फिल्म 'पति, पत्नी और वो' में काम किया है। अनन्या पांडे को उम्मीद है कि इंडस्ट्री में रीमेक का चलन खत्म हो जाएगा। अनन्या ने कहा, मुझे उम्मीद है कि हम कोई और रीमेक नहीं बनाएंगे। मैं वास्तव में इससे बहुत खुश हूं। यह समय है जहां हम ओरिजिनल, ब्रेवर और काम्प्लेक्स स्टोरी करें। इसलिए, मैं उस फेस में हूं जहां मैं वास्तव में और रीमेक नहीं देखना चाहती हूं। अनन्या इन दिनो पुरी जगन्नाथ की फिल्म 'लाइगर' में काम कर रही हैं, जिसमें उनके साथ विजय देवरकोंडा लीड रोल में हैं। अनन्या 'लाइगर' के अलावा जोया अख्तर की फिल्म 'खो गए हम कहां' की शूटिंग भी कर रही हैं, जिसमें उनके को-स्टार्स सिद्धांत चतुर्वेदी और आदर्श गौरव हैं।

लद्दाख में 'द कश्मीर फाइल्स' का प्रीमियर

लेह (आईएएनएस)। विवेक अग्निहोत्री की 'द कश्मीर फाइल्स' सुर्खियां बटोर रही है। दुनियाभर में धमाल मचाने के बाद फिल्म का प्रीमियर लद्दाख में पिक्चर टाइम के इन्फ्लेटेबल थिएटर में किया गया है। विवेक रंजन अग्निहोत्री द्वारा लिखित और निर्देशित, द कश्मीर फाइल्स में मिथुन चक्रवर्ती, अनुपम खेर, दर्शन कुमार, पल्लवी जोशी और चिन्मय मंडलेकर ने अभिनय किया है।

'83' के बाद यह अगली फिल्म है जिसका प्रीमियर लद्दाख में किया गया है। उद्घाटन 20 मार्च को मुख्य कार्यकारी सलाहकार ताशी ग्यालस्तान की उपस्थिति में लद्दाख से सांसद जम्यांग त्सेरिंग नामग्याल द्वारा किया गया। इन्फ्लेटेबल थिएटरों का लक्ष्य एक दिन में 3 शो प्रदर्शित करना है। नामग्याल कहते हैं कि मैं विवेक अग्निहोत्री की फिल्म 'द कश्मीर फाइल्स' को लेह में लाने के लिए मोबाइल डिजिटल मूवी थियेटर की इस अवधारणा को धन्यवाद देना चाहता हूं। मैं लद्दाख में इस फिल्म को प्रदर्शित करने के लिए इन इन्फ्लेटेबल थिएटरों के इस फैसले का स्वागत करता हूं। यह वास्तव में एक महान पहल है, जहां लद्दाख के लोगों को इस तरह की फिल्में देखने की सुविधा मिलती है। मुख्य कार्यकारी काउंसलर ताशी ग्यालस्तान ने पूरी पहल के लिए सभी की प्रशंसा की है। उन्हें लगता है कि लद्दाख जैसी जगह जहां लोगों के मनोरंजन के कई साधन नहीं हैं, इससे बेहतर कुछ नहीं हो सकता। 'द कश्मीर फाइल्स' को लद्दाख में लाने पर, पिक्च रटाइम के संस्थापक और सीईओ सुशील चौधरी कहते हैं कि पूरे देश में अच्छी कला को दर्शना हमारा कर्तव्य है।

फाइजर की दवा कोरोना के नए वैरिएंट पर भी कारगर

न्यूयार्क(आईएएनएस)। शोधकर्ताओं का कहना है कि दवा कंपनी फाइजर द्वारा विकसित एंटीवायरस दवा पैक्सलोविड कोविड-19 के नए वैरिएंट के उपचार लिए भी कारगर है। अमेरिका में रटगर्स विश्वविद्यालय के शोधकताओं का कहना है कि फाइजर की दवा पैक्सलोविड एक प्रमुख प्रोटीन की सेल मशीनरी को जाम कर देती है, जिसे मुख्य प्रोटीज या एमप्रो के रूप में जाना जाता है। यह प्रोटीन ही वायरस की संख्या बढ़ाने में मदद करता है। कोविड का ओमिक्रान वैरिएंट दुनिया भर में तेजी से फैल रहा है और एशिया में अभी इसने तबाही मचाई हुई है।

कोविड के इलाज के लिए बहुत ही कम दवाएं बाजार में उपलब्ध हैं। ऐसी स्थिति में चिकित्सक कोरोना संक्रमण के प्रसार को रोकने के लिए पैक्सलोविड जैसी दवाओं पर भरोसा कर रहे हैं। सेल रिसर्च जर्नल में प्रकाशित अध्ययन के अनुसार, वैज्ञानिकों ने आनुवंशिक विश्लेषण के माध्यम से पता लगाया है कि वायरस अब अलग-अलग रूप ले रहा है और ये ऐसे स्ट्रेन उत्पन्न कर रहा है जिन पर मौजूदा उपचार विधि कामयाब नहीं है। रटगर्स अर्नेस्ट मारियो स्कूल आफ फामेर्सी में मेडिसिनल केमिस्ट्री विभाग में एसोसिएट प्रोफेसर जून वांग ने कहा, कम से कम फाइजर की दवा अभी के लिए उम्मीद है।

■ अमेरिका में रटगर्स विश्वविद्यालय के शोधकताओं का कहना है कि फाइजर की दवा पैक्सलोविड एक प्रमुख प्रोटीन की सेल मशीनरी को जाम कर देती है, जिसे मुख्य प्रोटीज या एमप्रो के रूप में जाना जाता है। यह प्रोटीन ही वायरस की संख्या बढ़ाने में मदद करता है।

उन्होंने कहा,ओमीक्रोन अभी भी काफी नया है इसी कारण उपचार अभी भी काम कर रहे हैं। वांग ने लेकिन चेतावनी दी है कि जैसे-जैसे अधिक लोग पैक्सलोविड लेंगे, तो दवा बेअसर होने लगेगी। वैज्ञानिकों ने जीआईएसएआईडी के नाम से जाना जाने वाला एक सार्वजनिक डाटाबेस एक्सेस किया, जो अब तक पाए गए कोविड के सभी स्ट्रेन के एमप्रो अनुक्रमों का अध्ययन कर रहा है। दुनिया भर के चिकित्सकों द्वारा एकत्र किए गए पहले के कोरोना स्ट्रेन के साथ हाल के स्ट्रेन की तुलना करते हुये वैज्ञानिकों ने एमप्रो के आनुवंशिक अनुक्रमों में म्यूटेशन की खोज की। म्यूटेशन की वजह से एमप्रो की संभावित नई संरचनाएं सामने आ सकती हैं। इन नई संरचनाओं का संबंध ही ड्रग रेजिस्टेंस से होता है।

शोधकताओं ने कई ओमीक्रोन स्ट्रेन के मुख्य प्रोटीज में शीर्ष 25 सबसे आम नए म्यूटेशन की खोज की। इनमें सबसे आम है-पी132एच। जब उन्होंने पी132एच म्यूटेशन पर फाइजर की दवा का परीक्षण किया, तो एंटीवायरल दवा प्रभावी साबित हुई। एक्स-रे क्रिस्टलोग्राफी द्वारा इसकी और पुष्टि की गई, जिसमें दिखाकि एमप्रो की संरचना में कोई खास बदलाव नहीं आया है। वांग ने कहा, यह म्यूटेशन पैक्सलोविड के लिए प्रतिरोध का कारण नहीं बनता है, इसका मतलब है कि वायरस अभी और म्यूटेशन कर सकता है, जो दवा प्रतिरोध का कारण बन सकता है। उन्होंने कहा कि जब किसी दवा का व्यापक उपयोग होने लगता है तो प्रतिरोध प्रकट होने में कुछ ही समय लगता है।

प्रतीक का नया स्टूडियो एलबम 20 मई को

मुंबई (आईएएनएस)। 'कोल्ड मेस', 'खो गए हम कहां' जैसे गानों के लिए मशहूर गायक-गीतकार प्रतीक कुहाड़ ने अपने नए स्टूडियो एलबम 'द वे दैट लवर्स डू' के रिलीज की घोषणा कर दी है। एल्बम 20 मई को आने के लिए तैयार है। एल्बम, जिसमें 11 ट्रैक हैं, मानवीय प्रेम, दोस्ती और कनेक्टिविटी के बारे में बात करता है। 'द वे दैट लवर्स डू' को सिएटल के एकांत भालू क्रीक स्टूडियो में रयान हैंडलाक (द ल्यूमिनियर्स, वेंस जाय) के साथ रिकार्ड किया गया था। एकल की जड़ों पर विस्तार करते हुए, प्रतीक ने कहा कि मैं कुछ ऐसा लिखना चाहता था जो थोड़ा पाप टाइप हो। एल्बम पर मैंने बहुत काम किया है, ध्वनियों और उत्पादन तकनीकों पर मेहनत की है, जो मेरे लिए नया था। 'द वे दैट लवर्स डू' को इलेक्ट्रा रिकार्ड्स के सहयोग से बनाया गया है।

हिमाचल के 8 पर्वतीय जिलों में 23-24 मार्च को वर्षा बर्फबारी का येलो अलर्ट, उत्तर भारत में बढ़ी गर्मी

नई दिल्ली। देश के ज्यादातर हिस्से में पिछले एक हफ्ते से गर्मी काफी ज्यादा बढ़ गई है। गर्मी का अगर अभी यह हाल है तो मई-जून में गर्मी तो लोगों को बुरा हाल कर देगी। मौसम विभाग के मुताबिक आने वाले दिनों में गर्मी से कोई ज्यादा राहत मिलने की कोई उम्मीद नहीं है। देश के कई राज्यों में आने वाले दिनों में बारिश की संभावना भी बनी हुई है। वहीं, मैदानी राज्यों में दिन में हवा चलने की गति में बढ़ोतरी देखी जा सकेगी।

मौसम विभाग की मानें तो अभी लोगों को गर्मी से राहत मिलने के ज्यादा आसार नहीं है। मौसम विभाग के अनुसार मौसम की मौजूदा स्थिति सामान्य नहीं है। इस बार गर्मी समय से पहले आ गई है। दरअसल अंडमान सागर और आसपास के इलाकों में गहरा दबाव बना हुआ है। हालांकि इस दबाव के तेज होकर चक्रवात में बदलने और उत्तर म्यांमार तट की ओर उत्तर दिशा में बढ़ने की उम्मीद है। वहीं पश्चिमी विक्षोभ उत्तर और इससे सटे मध्य पाकिस्तान पर एक चक्रवाती परिसंचरण के रूप में बना हुआ है। जिस कारण चक्रवाती हवाओं का असर पश्चिमी राजस्थान पर साफ दिखाई देगा।

वहीं आने वाले 24 घंटों के दौरान, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में हल्की

से मध्यम बारिश हो सकती है और कुछ स्थानों पर भारी बारिश हो सकती है। केरल, तमिलनाडु, दक्षिण कर्नाटक और आंध्र प्रदेश में कुछ स्थानों पर हल्की बारिश हो सकती है। वहीं महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश और गरज के साथ छींटें पड़ सकते हैं। इसी के ही साथ अगले 24 घंटों में पश्चिमी राजस्थान और पश्चिमी मध्य प्रदेश में कुछ स्थानों पर लू चल सकती है। राजधानी दिल्ली में मंगलवार को मौसम साफ रहेगा। लेकिन दिन के समय तेज हवाएं चलेंगी। दिल्ली का न्यूनतम तापमान 21 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहेगा और अधिकतम तापमान 37 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है। वहीं चंडीगढ़ का न्यूनतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 37 डिग्री सेल्सियस रहेगा। हिमाचल प्रदेश में मंगलवार को मौसम साफ रहेगा, लेकिन मौसम विभाग ने 23 और 24 मार्च को मध्य और उच्च पर्वतीय आठ जिलों में बारिश और बर्फबारी का येलो अलर्ट जारी किया है। पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से 23 मार्च से मौसम में बदलाव आने का पूवार्नुमान है। मैदानी जिलों ऊना, बिलासपुर, हमीरपुर और कांगड़ा में 25 मार्च तक मौसम साफ रहने की संभावना है।

रोडरेज मामले में सिद्धू के खिलाफ पुनर्विचार याचिका पर 25 मार्च को सुनवाई करेगा सुप्रीम कोर्ट

चंडीगढ़। उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि वह 1988 के रोडरेज मामले में क्रिकेटर से नेता बने नवजोत सिंह सिद्धू को मई 2018 में दी गई सजा के पुनर्विचार के अनुरोध वाली याचिका पर 25 मार्च को सुनवाई करेगा। न्यायमूर्ती एएम खानविलकर और न्यायमूर्ति एसके कौल की विशेष पीठ के समक्ष इस मामले को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया गया है। दोपहर के भोजन के बाद के सत्र में जैसे ही न्यायमूर्ति मामलों की सुनवाई के लिए बैठे, न्यायमूर्ती खानविलकर ने कहा कि विशेष पीठ शुक्रवार को पुनर्विचार याचिका पर सुनवाई करेगी। यह पीठ शेष कार्य जारी रखने जा रही है इसलिए विशेष पीठ के मामले को शुक्रवार अपराह्न 2 बजे लिया जा सकता है।

25 को शपथ ग्रहण से पहले योगी ने दिया विधान परिषद से इस्तीफा

लखनऊ। योगी आदित्यनाथ 25 मार्च को सीएम पद की शपथ लेंगे। इससे पहले सीएम योगी ने विधान परिषद से इस्तीफा दे दिया। योगी इस बार गोरखपुर शहरी सीट से विधायक चुने गए हैं। 2017 विधानसभा चुनाव के बाद योगी आदित्यनाथ को विधायक दल का नेता चुना गया था। वे तब गोरखपुर से सांसद थे। वह सांसद पद से इस्तीफा देकर 8 सितंबर को विधान परिषद सदस्य बने थे। उन्होंने एमएलसी रहते हुए ही सीएम पद का पहला कार्यकाल पूरा किया। हालांकि, इस बार भाजपा नेतृत्व ने योगी आदित्यनाथ को चुनाव लड़ाने का फैसला लिया और गोरखपुर शहर सीट से चुनाव मैदान में उतारा था। योगी ने अच्छे अंतर से चुनाव जीत लिया है। वह अब विधायक हैं इसी लिए उन्होंने एमएलसी पद से इस्तीफा दे दिया है। 25 मार्च 2022 को योगी आदित्यनाथ लगातार दूसरी बार सीएम पद की

शपथ लेंगे। यूपी की राजनीति में 37 साल बाद, किसी पार्टी ने लगातार दूसरी बार सत्ता हासिल की है। योगी के शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और कई भाजपा राज्यों के मुख्यमंत्री शामिल होंगे। यह कार्यक्रम अटल बिहारी वाजपेयी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में होगा। स्टेडियम में योगी आदित्यनाथ के शपथ ग्रहण समारोह में 45 हजार से ज्यादा लोगों के शामिल होने की संभावना है। इसके अलावा इस कार्यक्रम के लिए 200 वीवीआईपी मेहमानों की सूची तैयार की गई है। पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव, मुलायम सिंह यादव, बसपा सुप्रीमो मायावती समेत सभी विपक्षी नेताओं को भी आमंत्रित किया जाएगा। शपथ ग्रहण समारोह में भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों के भी शामिल होने की संभावना है।

सभी 18 प्लस वालों को बूस्टर डोज देने की तैयारी

नई दिल्ली। वैश्विक महामारी कोरोना की तीसरी लहर के संक्रमण से चीन, दक्षिण कोरिया और यूरोप के देशों में कोहराम मचा है ऐसे में खतरनाक कोरोना लहर को देखते हुए भारत सरकार बूस्टर डोज पर बड़ा प्लान बना रही है। इस समय देश के स्वास्थ्यकर्मियों और 60 साल से अधिक उम्र के लोगों को वैक्सीन की बूस्टर डोज लग रही है। कई देशों में ओमिक्रोन के खतरनाक संक्रमण के मद्देनजर अब 18 साल से अधिक उम्र के सभी वयस्कों को कोरोना वैक्सीन की बूस्टर खुराक देने की तैयारी हो रही है। सूत्रों ने बताया है कि सरकार के स्तर पर यह मंथन हो रहा है कि इसे चरणबद्ध तरीके से शुरू किया जाए या 18 साल और उससे अधिक उम्र के सभी लोगों के लिए बूस्टर उपलब्ध कराया जाए। बूस्टर डोज में जल्दी की अपनी वजह भी है। देश में चौथी लहर का खतरा बना हुआ है। उधर, दुनिया के कई देशों में हालात बिगड़ रहे हैं। ऐसे में सरकार अपनी तैयारी को पुख्ता रखना चाहती है। एक अधिकारी ने बताया कि उम्र की पात्रता के साथ-साथ सरकार कई अन्य फैक्टरों का आकलन कर रही है, जैसे- वैक्सीन का उत्पादन कैसे होगा और समय पर सप्लाई कैसे होगी और कितनी जल्दी बूस्टर उपलब्ध कराया जा सकता है। यह जरूर तय माना जा रहा है कि सरकार देशभर में बूस्टर शॉट लगाना जारी रखेगी और फिलहाल इसे रिटेल मार्केट में उपलब्ध नहीं कराएगी। अमेरिका के शीर्ष संक्रामक रोग विशेषज्ञ डॉ. एंथनी फाउची ने आगाह किया है कि कोविड-19 के ओमिक्रोन वेरिएंट के ज्यादा संक्रामक सब-वेरिएंट बीए.2 के कारण जल्द ही अमेरिका में कोरोना वायरस के मामलों में वृद्धि हो सकती है।

बिहार में मुस्लिम शख्स ने रामायण मंदिर निर्माण के लिए दान की 2.5 करोड़ की जमीन

पटना। बिहार के पूर्वी चंपारण जिले के कैथवलिया में विश्व के सबसे ऊंचे (270 फीट) विराट रामायण मंदिर का निर्माण अगले माह शुरू होने जा रहा है। मंदिर निर्माण में करीब ढाई करोड़ रुपए की जमीन एक मुस्लिम शख्स ने मुफ्त में देकर सांप्रदायिक सौहार्द की मिसाल पेश की है। मंदिर निर्माण के लिए 125 एकड़ जमीन की आवश्यकता है, इसमें से सौ एकड़ जमीन मंदिर को मिल चुकी है।

बीते बुधवार को कैथवलिया के जमींदार इश्तयाक मोहम्मद खान ने 23 कट्ठा (0.71 एकड़) का प्लॉट मंदिर निर्माण के लिए दान कर दिया। इसकी कीमत करीब ढ़ाई करोड़ रुपए बताई जा रही है। इसके पहले भी इनके परिवार की तरफ से मंदिर के लिए जरूरी जमीन की व्यवस्था में सहयोग दिया गया। मंदिर के लिए मुफ्त में जमीन देने वाले इश्तियाक कहते हैं हिंदू-मुस्लिम प्रेम से रहें। अपनी-अपनी आस्था अपनी जगह करें और इसके लिए लड़ाई झगड़ा न करें, वह बस यही चाहते हैं। पटना महावीर

मंदिर के सचिव आचार्य किशोर कुणाल ने कहा कि प्रस्तावित स्थल पर मंदिर का निर्माण संसद भवन निर्माण में काम करने वाले विशेषज्ञों की देखरेख में किया जाएगा। मंदिर निर्माण का डिजाइन तैयार करने में अहमदाबाद के आर्किटेक्ट पीयूष सोमपुरा और इंटीरियर डिजाइनर नवरत्न रघुवंशी की मदद ली गई है। मंदिर का निर्माण 2027 तक करने की योजना है। महावीर मंदिर न्यास के सचिव किशोर कुणाल ने कहा कि विराट रामायण मंदिर में सबसे पहले विश्व का सबसे ऊंचा शिवलिंग स्थापित किया जाएगा। यह शिवलिंग 33 फीट उंचा और 33 फीट गोलाई में होगा। शिवलिंग निर्माण के लिए कन्याकुमारी के पास 250 मीट्रिक टन का ग्रेनाइट पत्थर खरीदा गया है। इसे शिवलिंग का आकार देने के लिए कन्याकुमारी से महाबलीपुरम बड़ी मुश्किल से भेजा गया है। शिवलिंग का निर्माण सहस्त्रलिंगम की तरह होगा। 8वीं सदी में इस तरह के शिवलिंग का निर्माण होता था। लगभग 1300 वर्षों के बाद इस तरह के शिवलिंग का निर्माण हो रहा है।

द कश्मीर फाइल्स ने ऐसे हालात पैदा किए जिससे देश को हो सकता है नुकसान : येचुरी

नागपुर। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के महासचिव सीताराम येचुरी ने कहा कि हाल में रिलीज हुई फिल्म द कश्मीर फाइल्स ऐसे हालात पैदा कर रही है, जो देश की सामाजिक एकता और अखंडता को भारी नुकसान पहुंचा सकते हैं। येचुरी ने यहां 23 वें माकपा महाराष्ट्र राज्य सम्मेलन से इतर पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि उनकी पार्टी 1990 में कश्मीरी पंडितों की पीड़ा पर बात करने वाली पहली पार्टी थी, उसके विधायक ने उस समय जम्मू कश्मीर विधानसभा में इस मुद्दे को उठाया था। उन्होंने कहा कि कश्मीर के लोगों ने कश्मीरी पंडितों की संपत्तियों की रक्षा की है। उन्होंने सूचना के अधिकार के तहत श्रीनगर पुलिस से प्राप्त उत्तर का जिक्र करते हुए कहा कि 1990 से अब तक 89 कश्मीरी पंडित आतंकवादियों के हाथों मारे गए, वहीं अन्य धर्म के 1,635 लोग मारे गए। येचुरी ने कहा द कश्मीर फाइल्स ऐसे हालात पैदा कर रही है, जो देश की सामाजिक एकता और अखंडता को भारी नुकसान पहुंचा सकती है। वर्ष 2024 के लोकसभा चुनावों के लिए भाजपा विरोधी गठबंधन के बारे में पूछे जाने पर, माकपा के वरिष्ठ नेता ने कहा कि भगवा पार्टी के खिलाफ मतों के बिखराव को रोकने के प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने कहा क्षेत्रीय दलों के बीच समन्वय होगा, ताकि भाजपा विरोधी वोट बंटे नहीं, जैसा कि तमिलनाडु में द्रमुक के नेतृत्व में हुआ। इसी प्रकार से यह राजद के नेतृत्व में बिहार में, झारखंड में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में और महाराष्ट्र में एमवीए के तहत हो सकता है। येचुरी ने कहा कि संविधान और अर्थव्यवस्था को बचाने के लिए भाजपा को अलग-थलग करने और हराने जरूरत है।

तीन नए कृषि कानूनों की वापसी के खिलाफ था सुप्रीम कोर्ट का बनाया पैनल

नई दिल्ली। पिछले साल निरस्त हुए तीन कृषि कानूनों को लेकर सुप्रीम कोर्ट की समिति ने एक बड़ा खुलासा किया है। तीन कृषि कानूनों का अध्ययन करने के लिए उच्चतम न्यायालय द्वारा नियुक्त समिति ने इन्हें किसानों के लिए फायदेमंद बताते हुए इसे निरस्त नहीं करने की सिफारिश की थी। पिछले साल नवंबर में संसद ने तीनों कानूनों को रद्द कर दिया था। शीर्ष अदालत को 19 मार्च 2021 को सौंपी गई रिपोर्ट को सोमवार को सार्वजनिक किया गया। तीन सदस्यीय समिति ने राज्यों को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) प्रणाली को कानूनी रूप देने की स्वतंत्रता समेत कानूनों में कई बदलावों का भी सुझाव दिया था। समिति के सदस्यों में से एक अनिल घनवट ने राष्ट्रीय राजधानी में संवाददाता सम्मेलन में रिपोर्ट के निष्कर्ष जारी किए। स्वतंत्र भारत पार्टी के अध्यक्ष घनवट ने कहा, "19 मार्च 2021 को हमने उच्चतम न्यायालय को रिपोर्ट सौंपी।

शाह और राजभर की मुलाकात पर अखिलेश बोले वह हमारे निकट सहयोगी, उन्हें तोड़ना आसान नहीं

लखनऊ। सुभासपा प्रमुख ओमप्रकाश राजभर और अमित शाह की मुलाकात की वायरल तस्वीर को लेकर सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव ने चुप्पी तोड़ी है। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि भाजपा के लोग उनकी पुरानी तस्वीर को वायरल कर लोगों को भ्रमित कर रहे हैं। जबकि ऐसा कुछ नहीं है। ओमप्रकाश राजभर आज भी समाजवादी पार्टी के साथ मजबूती से खड़े हैं। साथ में चुनाव लड़ने वाली पार्टी हमारे साथ आज भी खड़ी है। अखिलेश ने कहा कि हमारा गठबंधन नहीं टूटा है। कोई भी पार्टी हमसे अलग नहीं हुई है। भले ही हमारी सरकार नहीं बनी, लेकिन अगली बार हम सब मिलकर जीत हासिल करेंगे। सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव सोमवार को आजमगढ़ में पूर्व मंत्री एवं नवनिर्वाचित विधायक दुर्गा प्रसाद के आवास पर पहुंचे। ओमप्रकाश राजभर अमित शाह के मुलाकात को लेकर किए गए सवाल पर उन्होंने खुलकर बात की। मुलाकात के बारे में उन्होंने कहा यह भाजपा वालों की न्यूज हो

सकती है। ओमप्रकाश राजभर आज के समाजवादी पार्टी के साथ मजबूती से खड़े हैं। भाजपा के लोग फोटो वायरल कर अफवाह फैला रहे हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव परिणाम की समीक्षा पर बहस न हो इसलिए कश्मीर फाइल्स रिलीज की गई है। सपा अध्यक्ष ने कहा कि नीति आयोग के आंकड़े पर सरकार को सोचना होगा कि प्रदेश कैसे आगे बढ़ सके। उल्लेखनीय है कि बीते दिनों ओमप्रकाश राजभर की तस्वीर गृह मंत्री अमित शाह के साथ वायरल होने के बाद चर्चा शुरू हो गई थी राजभर केंद्र और राज्य सरकार में शामिल हो सकते हैं। अखिलेश के बयान के बाद इन अटकलों पर फिलहाल विराम लग गया है।

सियासी विरोधियों को ठिकाने लगाने में केंद्रीय एजेंसियों का इस्तेमाल करती है भाजपा : टीएमसी

कोलकाता। पश्चिम बंगाल की सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस ने राज्य में कोयला घोटाले से जुड़े धन शोधन के एक मामले में पार्टी के सांसद अभिषेक बनर्जी से प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा आठ घंटों तक पूछताछ किए जाने पर आपत्ति दर्ज कराई है। टीएमसी ने भाजपा पर आरोप लगाया कि वह अपने राजनीतिक विरोधियों को ठिकाने लगाने में केंद्रीय एजेंसियों का इस्तेमाल कर रही है। तृणमूल के इन आरोपों पर पलटवार करते हुए भाजपा ने कहा कि ईडी और सीबीआई स्वतंत्र एजेंसियां है। पार्टी ने इस बात पर आश्चर्य जताया कि जब भी तृणमूल के नेताओं को तलब किया जाता है, पार्टी हर बार दोषारोपण शुरू कर देती है। तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव बनर्जी (34) केन्द्रीय जांच एजेंसी के नए कार्यालय में सुबह करीब 11 बजे गए थे और रात आठ बजे से कुछ पहले उन्हें बाहर निकलते देखा गया। बनर्जी के साथ उनके सुरक्षा कर्मी और कानूनी टीम थी।

अवैध रूप से बेचा जा रहा था प्रतिबंधित ऑक्सीटोसिन, जब्त

मैनपुरी। शहर के देवी रोड स्थित एक दुकान पर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की टीम ने छापेमारी कर प्रतिबंधित ऑक्सीटोसिन इंजेक्शन बरामद किए। बिना लाइसेंस के दवाओं का कारोबार किया जा रहा था। दवाओं के नमूने लेकर जांच के लिए भेजे हैं। कार्रवाई के लिए औषधि अनुज्ञापन प्राधिकारी आगरा को रिपोर्ट भेजी है। सोमवार को औषधि निरीक्षक उर्मिला अग्रवाल को सूचना मिली कि देवी रोड स्थित एक दुकान पर ऑक्सीटोसिन की बिक्री की जा रही है। छापेमारी में दुकान पर ऑक्सीटोसिन के 13 वाइल बरामद हुए। इन पर लेबिलिंग नहीं की गई थी। ऑक्सीटोसिन जब्त कर नमूने जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे हैं।दुकान से सैंपल की दवाएं भी बरामद की गईं, इनकी बिक्री की जा रही थी। टीम को दुकान पर एक्सपाइरी दवा भी मिलीं। निरीक्षण के दौरान औषधि अनुसेवक रामकुमार मौजूद रहे।

नहीं प्रस्तुत कर सके अभिलेख- औषधि निरीक्षक ने बताया जांच में पता चला जिस दुकान से दवाएं बरामद हुईं हैं उसमें पहले अन्नू मेडिकल स्टोर संचालित था। उसके लाइसेंस की वैद्यता खत्म हो चुकी है। मौजूद युवक ने अपना नाम मुकेश यादव बताया। वह लाइसेंस या अन्य अभिलेख प्रस्तुत नहीं कर सका। दुकान के सामने क्लीनिक पर भी औषधि निरीक्षक ने जांच की, यहां कोई दवा नहीं मिली। खुद को चिकित्सक बताने वाले उमेश यादव अपने अभिलेख प्रस्तुत नहीं कर सके। कार्रवाई के लिए औषधि अनुज्ञापन प्राधिकारी आगरा को रिपोर्ट भेजी है।

दवाएं की गई सीज- मेडिकल स्टोर पर पर्याप्त मात्रा में दवाएं उपलब्ध थीं। इनमें कई इंजेक्शन भी शामिल थे। लाइसेंस न होने के चलते सभी दवाओं को सीज कर दिया गया है।

पैकिंग है प्रतिबंधित- सरकार द्वारा दो एमएल से अधिक की ऑक्सीटोसिन इंजेक्शन की पैकिंग प्रतिबंधित की हुई है। केवल मानव चिकित्सा में ही इसका उपयोग किया जा सकता है। बड़ी पैकिंग कर अवैध रूप से इसका प्रयोग पशुओं और सब्जियों में किया जाता है।

दिल्ली में फिर बढ़ रही है कोरोना की रफ्तार 108 नए मामले मिले

नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली में कोरोना के मामले फिर से बढ़ने लगे हैं। लंबे समय के बाद सोमवार को दिल्ली में ठीक होने वाले मरीजों के मुकाबले संक्रमित होने वालों की संख्या ज्यादा रही। वहीं संक्रमित का आंकड़ा फिर से 100 को पार कर गया। कोरोना के सक्रिय मरीन भी 500 से ऊपर हो गए हैं। हालांकि संक्रमण दर 0.5 फीसदी से कम बनी हुई है। दिल्ली के स्वास्थ्य विभाग के अनुसार सोमवार को 108 नए मामले सामने आए जबकि 98 मरीजों को छुट्टी दी गई। राहत की बात है कि सोमवार को किसी मरीज ने दम नहीं तोड़ा। दिल्ली में कोरोना के संक्रमित मरीज की संख्या बढ़कर 1863899 हो गई है। इनमें से 1837247 मरीज ठीक हो गए, जबकि 26147 मरीजों ने कोरोना के कारण दम तोड़ दिया। दिल्ली में कोरोना से मृत्युदर 1.40 फीसदी हैं। विभाग के अनुसार दिल्ली में कोरोना के सक्रिय मरीज बढ़कर 505 हो गए हैं।

प्रश्न पत्र खोलने से लेकर पूरी परीक्षा प्रक्रिया सीसीटीवी कैमरो की निगरानी में होगी संपन्न : डीएम

सभी परीक्षा केंद्रों पर होगी कड़ी सुरक्षा व्यवस्था- पुलिस अधीक्षक, समस्त जोनल, सेक्टर, स्टैटिक मजिस्ट्रेट एवं केन्द्र व्यवस्थापकों की बैठक संपन्न

मऊ। माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा आयोजित बोर्ड परीक्षा-2022 24 मार्च, 2022 से प्रारम्भ होकर 12 अप्रैल, 2022 तक चलेगी। इस सम्बन्ध में जिलाधिकारी अरूण कुमार ने पुलिस अधीक्षक सुशील घुले के साथ समस्त जोनल, सेक्टर, स्टैटिक मजिस्ट्रेट एवं केन्द्र व्यवस्थापकों के साथ बैठक सिकटिया स्थित लिटिल फ्लावर स्कूल में की। जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद में कुल 126 परीक्षा केन्द्र है। जिसके लिए 126 स्टेटिक मजिस्ट्रेट एवं 31 सेक्टर मजिस्ट्रेट बोर्ड परीक्षा को नकल विहिन एवं सुचितापूर्ण सम्पन्न कराने के लिए तैनात किये गये है। 126 केन्द्र व्यवस्थापको के अतिरिक्त प्रत्येक केन्द्र पर एक सहायक केन्द्र व्यवस्थापक की भी तैनाती की गयी है। जिलाधिकारी ने बताया कि पहली बार कक्ष निरीक्षकों की तैनाती ऑनलाइन होगी एवं प्रश्न पत्र खोलने से लेकर पूरी परीक्षा प्रक्रिया सीसीटीवी कैमरो की निगरानी में सम्पन्न होगी। प्रत्येक परीक्षा केन्द्र पर कोविड-19 हेल्प डेस्क की व्यवस्था होगी एवं पूरी परीक्षा कोविड़-19 प्रोटोकॉल के तहत सम्पन्न करायी जायेगी। उपस्थित लोगो को सम्बोधित करते हुए जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद मऊ संवेदनशील जिलों की सूची में शामिल है एवं शासन के

उच्च स्तर से जनपद पर नजर रखी जा रही है। परीक्षा सम्पन्न कराने से सम्बन्धित सभी लोगो को निर्देशित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि शासन द्वारा जारी निदेर्शों का गहनता से अध्ययन कर उसका कड़ाई से अनुपालन कराना सुनिश्चि करे, जिससे परीक्षा को नकल विहिन एवं सुचितापूर्ण ढंग से सम्पन्न कराया जा सके। सभी केन्द्र व्यवस्थापक यह सुनिश्चित कर ले कि परीक्षा के दौरान ड्यूटी पर लगाये गये कर्मचारियो के अलावा अन्य कोई भी व्यक्ति परीक्षा केन्द्र के अन्दर प्रवेश न कर पाये। जिलाधिकारी ने उपस्थित लोगो को सचेत करते हुए कहा कि मुख्य विषयों की परीक्षा के दौरान ज्यादा सजग रहें, क्योकि इन विषयो की परीक्षा के दौरान नकल करने या कराने की संभावना ज्यादा रहती है। जिलाधिकारी ने बताया कि शासन बोर्ड परीक्षा को लेकर बहुत गंभीर है सभी लोग पुरी जिम्मेदारी से निष्ठापूर्वक परीक्षा सम्पन्न कराये, अगर कही से कोई शिकायत मिलती है तो सम्बन्धित के खिलाफ कड़ी दण्डनात्मक कार्यवाही की जायेगी। वहां पर उपस्थित लोगो को सम्बोधित करते हुए पुलिस अधीक्षक ने बताया कि परीक्षा के दौरान सभी केंद्रों पर पुलिस बल की पर्याप्त व्यवस्था रहेगी। सभी लोग जिम्मेदारी से अपना काम करे, साथ ही उन्होने सोशल मीडिया के माध्यम से फैलने वाले अफवाहो पर सतर्क रहने को कहा। इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक राजेन्द्र प्रसाद ने शासन द्वारा जारी बोर्ड परीक्षा हेतु दिशा निदेर्शों को वहां पर उपस्थित सभी लोगो को बताया। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी भानु प्रताप सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक त्रिभुवन नाथ त्रिपाठी, समस्त जोनल, सेक्टर, स्टेटिक मजिस्ट्रेट एवं सभी केन्द्र व्यवस्थापक उपस्थित रहे।

रोटरी क्लब द्वारा होली मिलन समारोह में बही काव्य फुहार

मऊ। रोटरी क्लब के तत्वधान में शारदा नारायन हॉस्पिटल सभागार में आयोजित होली-मिलन समारोह के पल में स्वर राग लय से सजी कविताओं की मोहक प्रस्तुति ने लोगो का मन मोह लिया। रोटरी क्लब के कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए अध्यक्ष डा. संजय सिंह कहा की संपूर्ण संस्कृति को अपने में समाहित करने का पर्व होली है। सदभाव के साथ राग और द्वेष से मुक्त होकर यह हृदय के मिलने का क्षण होता है। इस होली-मिलन के पल आमंत्रित कविओ को पुष्पगुच्छ व अंगवस्त्र देकर उन्होंने सम्मानित किया। पुरुषार्थ सिंह की वाणी वंदना के उपरान्त कुमारी दिव्या पांडेय ने अपनी गजलों से उपस्थित श्रोता वर्ग का मन मोह लिया। रितेश पांडेय ने हल्दी घाटी का काव्य पाठ किया। भोजपुरी के कवि जितेन्द्र मिश्रा से होली के रंग की बेसजता का आभास कराया। शमीम अहमद ने अपनी हास्य की उत्तम प्रस्तुतियो से लोगो को गुदगुदाने पर विवश कर दिया। गीतकार पुरुषार्थ सिंह ने फागुन आया है से मंच को ऊंचाई प्रदान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पंडित दयाशंकर तिवारी के काव्य पाठ ने होली के सभी रंगो को अपने में समेट लिया। इस मौके पर रोटेरियन डा. एकीका सिंह, रोटेरियन डा. एच एन सिंह, रोटेरियन डा. पीके गुप्ता, रोटेरियन डा. सुजीत सिंह, रोटेरियन अजित सिंह, रोटेरियन डा. असगर अली, रोटेरियन शैलेन्द्र मिश्रा, रोटेरियन डा. अरविन्द श्रीवास्तव, डा. मधुलिका सिंह, रोटेरियन प्रदीप सिंह, रोटेरियन डा. एके सिंह, रोटेरियन पुनीत श्रीवास्तव, रोटेरियन सौरभ बरनवाल आदि लोग मौजूद रहे।

आईपीएल: रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर से जुड़े विराट कोहली

नए कप्तान की अगुआई में खिताबी सूखे को समाप्त करना चाहेंगी टीम

नई दिल्ली। आईपीएल के 15वें सीजन के लिए रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) की तैयारी शुरू कर दी है। तीन बार आईपीएल फाइनल खेलने वाली आरसीबी से पूर्व कप्तान विराट कोहली टीम से जुड़ गए।

कोहली ने पिछले सीजन की समाप्ति के बाद ही रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर की कप्तानी से इस्तीफा दे दिया था। फ्रेंचाइजी ने इस बार दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान फाफ डुप्लेसी को अपना कप्तान नियुक्त किया है और कोहली अब बतौर बल्लेबाज टीम के लिए खेलेंगे। आरसीबी ने सोशल मीडिया पर ?किंग कोहली के टीम से जुड़ने की कुछ तस्वीरें पोस्ट की है। फ्रेंचाइजी ने इसके साथ ही कैप्शन में लिखा, किंग कोहली आ गए हैं! बस इतना ही। यही न्यूज है। टीम ने नए कप्तान का ऐलान करने के साथ ही अपनी नई जर्सी भी लॉन्च की थी। आरसीबी कागजों पर हमेशा काफी मजबूत रही है, लेकिन वो अब तक एक बार ट्रॉफी नहीं जीत पाई है। टीम को उम्मीद है कि नए कप्तान की अगुआई में वह अपने खिताबी सूखे को समाप्त करने में सफल रहेगी। रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर ने आईपीएल 2022 मेगा ऑक्शन के दौरान जोश हेजलवुड, वानिंदु हसरंगा और शेरफेन रदरफोर्ड जैसे खिलाड़ियों को खरीदा था जबकि कोहली, ग्लेन मैक्सवेल और मोहम्मद सिराज को नीलामी से पहले ही रिटेन किया था। रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर आईपीएल 2022 में 27 मार्च को शाम 7.30 बजे पंजाब किंग्स के खिलाफ मुकाबले से लीग के 15वें सीजन में अपने अभियान की शुरुआत करेगी।

आईपीएल 2022 में 25 फीसदी से अधिक दर्शकों की हो सकती है मौजूदगी

महाराष्ट्र में होने आईपीएल के आगामी सीजन में आयोजन स्थलों पर 25 प्रतिशत से अधिक दर्शकों की मौजूदगी देखी जा सकती है। राज्य सरकार से हालांकि प्रारंभिक अनुमति केवल एक-चौथाई स्टेडियम के आकार के लिए है, लेकिन भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) को विश्वास है कि लीग के आगे बढ़ने पर अधिक प्रशंसकों को अनुमति दी जाएगी। बीसीसीआई के एक पदाधिकारी ने सोमवार को को बताया कि यह हमारी समझ के ऊपर है। आगे जाकर स्टेडियमों में शुरुआती खेलों की तुलना में अधिक प्रशंसक होंगे। कोरोना के मामले दिन ब दिन कम होने के साथ हम उम्मीद कर रहे हैं कि अधिक लोग स्टैंड में होंगे। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार वानखेड़े में 9800 से 10 हजार दर्शक होंगे, जबकि पड़ोसी ब्रेबोर्न स्टेडियम, जिसकी क्षमता लगभग 28 हजार है, में सात से आठ हजार दर्शक होंगे। वहीं नेरुल में डीवाई पाटिल स्टेडियम, जो आकार में बड़ा है, में 11 से 12 हजार दर्शकों को अनुमति दी जाएगी और पुणे में महाराष्ट्र क्रिकेट स्टेडियम में शुरुआत में 12 हजार दर्शकों को अनुमति दिए जाने की जानकारी है।

इंग्लैंड- विंडीज के बीच खेला गया दूसरा टेस्ट ड्रॉ पर समाप्त

बारबाडोस। वेस्टइंडीज ने बारबाडोस में खेले गया दूसरा टेस्ट मैच ड्रॉ हो गया और इंग्लैंड की जीत की उम्मीदों पर पानी फिर गया। वेस्टइंडीज को आउट करने के लिए इंग्लैंड के पास दो सत्र थे। इंग्लिश टीम ने चाय के बाद वेस्टइंडीज का पांचवां विकेट ले लेकर कैरेबियाई टीम पर दबाव बना लिया था।

हालांकि, वेस्टइंडीज के कप्तान क्रेग ब्रैथवेट, जिन्होंने पहली पारी में 11 घंटे 160 रन बनाए, दूसरी पारी में नाबाद रहे और 56 रन बनाए। इस दौरान उन्होंने 184 गेंदों खेलीं। इसके साथ ही सलामी बल्लेबाज ने एक रिकॉर्ड भी बनाया।कप्तान ने दोनों पारियों में 673 गेंदों पर बल्लेबाजी की, जो टेस्ट इतिहास में वेस्टइंडीज के बल्लेबाज द्वारा खेली गई सबसे अधिक गेंदों की संख्या है। इससे पहले इंग्लैंड ने दोपहर के भोजन पर 122-5 पर अपनी पारी को घोषित किया था। इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज का स्कोर 39-3 कर दिया। इसके बाद ब्रैथवेट ने जर्मन ब्लैकवूड के साथ 25 ओवर बल्लेबाजी की।

नडाल का 20 मैचों से चला आ रहा विजय अभियान थमा

फ्रिट्ज ने जीता इंडियन वेल्स का खिताब

इंडियन वेल्स। अमेरिका के टेलर फ्रिट्ज ने टखने की चोट के बावजूद राफेल नडाल का 20 मैच से चला आ रहा विजय अभियान रोककर रविवार को यहां इंडियन वेल्स बीएनपी परिबास ओपन टेनिस टूर्नामेंट का खिताब जीता।

फ्रिट्ज 2001 में आंद्रे अगासी के बाद इंडियन वेल्स में जीतने वाले पहले अमेरिकी बन गए। फ्रिट्ज पर चोट के कारण मैच से हटने का दबाव था। उनके कोच ने उन्हें जोखिम नहीं लेने की सलाह दी थी लेकिन अमेरिका के इस खिलाड़ी ने हार नहीं मानी और स्पेनिश दिग्गज नडाल को 6-3, 7-5 (6) से हराकर खिताब जीता। रिकॉर्ड 21 ग्रैंडस्लैम जीत चुके नडाल की यह इस साल में पहली हार है। वह इस बीच आस्ट्रेलियाई ओपन का खिताब जीतकर नोवाक जोकोविच और रोजर फेडरर को पीछे छोड़कर सर्वाधिक ग्रैंडस्लैम एकल खिताब जीतने वाले पुरुष खिलाड़ी बने थे। फ्रिट्ज सेमीफाइनल में सातवीं वरीयता प्राप्त आंद्रे रूबलेव के खिलाफ मैच के दौरान चोटिल हो गए थे। नडाल भी अस्वस्थ थे और उन्होंने फाइनल के दौरान दो बार च्मेडिकल टाइमआउटज् लिया था। उन्हें सांस लेने में परेशानी हो रही थी।

खिताब जीतना बचपन के सपनों में से एक

24 वर्षीय फ्रिट्ज ने जीत के बाद कहा, यह उन बचपन के सपनों में से एक है, जिसके बारे में मैंने कभी सोचा भी नहीं था कि यह सच होगा। उन्होंने अपने दूसरे एटीपी टूर खिताब और पहली मास्टर्स 1000 जीत हासिल करने के लिए टाई-ब्रेक जीतने से दो ब्रेक पॉइंट बचाए। फ्रिट्ज ने कहा, मैं आपको बता नहीं सकता कि खेलना कितना मुश्किल रहा, मैं कैसे खेल सका, मैंने कभी भी ऐसे दर्द का अनुभव नहीं किया जैसा मैच से पहले किया था। मैं कड़ी मेहनत करने की कोशिश कर रहा था और हमने मैच तक काफी काम किया। नडाल ने कहा, मैंने पिछले दो हफ्तों के दौरान अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास किया, आज संभव नहीं था। मेरे विचार से अंत तक मैंने अच्छी मुकाबला किया। मुझे यहां खेले काफी समय हो गया है, लेकिन मैं वापस आकर बहुत खुश हूं और वास्तव में इसका भरपूर आनंद ले रहा हूं।

स्विस ओपन में सिंधु और श्रीकांत से पदक की उम्मीद, लक्ष्य सेन हटे

बासेल। ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप के उप विजेता लक्ष्य सेन की अनुपस्थिति में मंगलवार से यहां शुरू होने वाले स्विस ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट में सभी की निगाहें दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु और विश्व चैंपियनशिप के रजत विजेता किदांबी श्रीकांत पर टिकी रहेंगी। सेन ने लगातार दो सप्ताह के व्यस्त कार्यक्रम के बाद थकान के कारण स्विस ओपन से हटने का फैसला किया है। सेन ने पिछले दो सप्ताह में शानदार प्रदर्शन किया लेकिन शीर्ष खिलाड़ी सिंधु, श्रीकांत और साइना नेहवाल बर्मिंघम में ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप में क्वॉर्टर फाइनल में पहुंचने में भी नाकाम रहे। इस सप्ताह वे अपने प्रदर्शन में सुधार करने की कोशिश करेंगे।

बीसीसीआई ने जताया राज्य संघों का आभार

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह ने रणजी ट्रॉफी टूर्नामेंट के लीग चरण के सफल समापन के लिए सभी राज्य क्रिकेट संघों का धन्यवाद किया है। शाह ने सभी राज्य क्रिकेट संघों को लिखे पत्र में कहा, मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि हमने रणजी ट्रॉफी के पहले चरण को सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है जो 20 मैदानों और स्टेडियमों में खेला गया। यह हमारे प्रमुख घरेलू टूर्नामेंट के ट्रैक पर वापस आने के लिए महत्वपूर्ण था और मैं आपको हमारे स्वास्थ्य और सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करने के लिए आपके सहयोग के लिए धन्यवाद देता हूं और उस समझ के लिए जिसने हमें बिना किसी बड़ी बाधा के पहले चरण का सफल आयोजन करने में सक्षम बनाया।

पाकिस्तान ने महिला विश्व कप में खोला जीत का खाता

महिला विश्वकप में पाकिस्तान को लगातार 18 हार के बाद पहली जीत मिली

हैमिल्टन। मैन ऑफ द मैच निदा दार की घातक गेंदबाजी (10 रन पर चार विकेट) और फिर मुनीबा अली (37), ओमैमा सोहेल (22) और कप्तान बिस्माह मारूफ (20) की महत्वपूर्ण पारियों की बदौलत पाकिस्तान ने यहां आईसीसी 2022 महिला क्रिकेट विश्व कप मुकाबले में वेस्टइंडीज को एकतरफा अंदाज में आठ विकेट से हरा दिया।

महिला विश्वकप में पाकिस्तान को लगातार 18 हार के बाद पहली जीत मिली। इसी के साथ पाकिस्तान ने टूर्नामेंट में पहली जीत दर्ज की। पाकिस्तान ने टॉस जीत कर गेंदबाजी चुनी और बारिश के चलते निर्धारित 20 ओवर के खेल में वेस्टइंडीज को सात विकेट पर महज 89 रन पर ही रोक दिया। फिर जवाब में 18.5 ओवर में दो विकेट पर 90 रन बना कर मैच जीत लिया। सलामी बल्लेबाज मुनीबा अली ने पांच चौकों की मदद से 43 गेंदों पर 37 रन बनाए, जबकि ओमैमा सोहेल और कप्तान बिस्माह मारूफ क्रमशः 27 गेंदों पर 22 और 29 गेंदों पर 20 रन बना कर नाबाद रहीं। इससे पहले गेंदबाजी में ऑफ स्पिन गेंदबाज निदा दार ने चार ओवर में 10 रन पर वेस्टइंडीज के चार विकेट चटकाए। फातिमा सना, नशरा संधु और ओमैमा सोहेल ने भी एक-एक विकेट लिया। वहीं वेस्ट इंडीज की ओर से डिएंड्रा डॉटिन ने पांच चौकों के सहारे 35 गेंदों पर सर्वाधिक 27 रन बनाए। कप्तान स्टेफनी टेलर ने भी 31 गेंदों पर 18 रन का योगदान दिया। गेंदबाजी में एफी फ्लेचर और शकेरा सेल्मन ने एक-एक विकेट लिया। उल्लेखनीय है कि पाकिस्तान की टूर्नामेंट में यह पहली जीत है, जबकि वेस्ट इंडीज को तीसरी हार मिली है, हालांकि वेस्ट इंडीज अभी भी छह अंकों के साथ अंक तालिका में तीसरे नंबर पर है। पाकिस्तान का स्थान नहीं बदला है। वह अभी भी सबसे निचले आठवें नंबर पर है।

पाक की जीत से भारत की सेमीफाइनल में पहुंचने की राह आसान

ऑस्ट्रेलिया पहले ही इस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंच चुकी है और दक्षिण अफ्रीका का सेमीफाइनल में जाना भी लगभग तय है। वहीं बाकी दो स्थानों के लिए भारत, वेस्टइंडीज और इंग्लैंड के बीच टक्कर है। न्यूजीलैंड, बांग्लादेश और पाकिस्तान भी सेमीफाइनल में पहुंच सकती हैं, लेकिन इसकी उम्मीद न के बराबर है। ऐसे में वेस्टइंडीज के हारने से भारत को फायदा हुआ है और बाकी दो में से एक मैच जीतने पर भी टीम इंडिया सेमीफाइनल में जगह बना सकती है। वेस्टइंडीज के छह मैच में छह अंक हैं और इस टीम का आखिरी मैच दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ है। विंडीज के यह मैच जीतने की संभावना बेहद कम है। वहीं पांच मैचों में भारत के पास चार अंक हैं और उसके बाकी दो मैच दक्षिण अफ्रीका और बांग्लादेश से हैं। वहीं भारत का रन रेट ऑस्ट्रेलिया के बाद बाकी सभी टीमों से बहतर है। ऐसे में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हारने पर भी भारत के पास सेमीफाइनल में पहुंचने का मौका रहेगा।

देवेंद्र झझारिया पद्मभूषण पाने वाले पहले पैरा एथलीट बने

अवनि लेखरा, सुमित अंतिल व प्रमोद भगत को पद्मश्री से नवाजा गया

नई दिल्ली। पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता भालाफेंक खिलाड़ी देवेंद्र झझारिया सोमवार को देश का तीसरा सर्वोच्च नागरिक सम्मान पद्मभूषण पाने वाले पहले पैरा एथलीट बन गए । 40 वर्ष के झझारिया ने राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद से राष्ट्रपति भवन में यह सम्मान हासिल किया।

उन्होंने टोक्यो पैरालंपिक 2020 में रजत पदक जीता। पैरालंपिक के चार पदक विजेताओं को पद्म पुरस्कार से नवाजा गया। टोक्यो पैरालंपिक में दो पदक जीतने वाली निशानेबाज अवनि लेखरा को पद्मश्री प्रदान किया गया। वहीं स्वर्ण पदक विजेता भालाफेंक खिलाड़ी सुमित अंतिल और बैडमिंटन में स्वर्ण पदक जीतने वाले प्रमोद भगत को भी पद्मश्री सम्मान मिला। झझारिया ने कहा, पहली बार एक पैरा एथलीट को पद्मभूषण मिला है। मैं इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद देता हूं । अब देश के लिए और पदक जीतने की मेरी जिम्मेदारी बढ गई है। उन्होंने कहा, मैं युवाओं से कहूंगा कि कड़ी मेहनत करें । एक मिनट की मेहनत से कुछ हासिल नहीं होगा। मैं पिछले 20 साल से मेहनत कर रहा हूं। लेखरा ने ट्वीट किया, पद्मश्री मिलने से सम्मानित और गौरवान्वित महसूस कर रही हूं । यह सम्मान मेरे प्रयासों का पुरस्कार ही नहीं बल्कि मेरे परिवार के बलिदानों का नतीजा और मेरे कैरियर में सहयोग करने वाले हर व्यक्ति के समर्थन का फल है ।

एफए कपः मैनचेस्टर सिटी ने साउथम्पटन को 4-1 से हराया

मैनचेस्टर सिटी और लिवरपूल ने सेमीफाइनल में जगह बनाई

लंदन। मैनचेस्टर सिटी और लिवरपूल ने रविवार को एफए कप फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई। सिटी ने क्वॉर्टर फाइनल में साउथम्पटन को 4-1 से हराया वहीं लिवरपूल ने दूसरी श्रेणी की लीग में खेलने वाली टीम नॉटिंघम फॉरेस्ट को 1-0 से पराजित किया।

मैनचेस्टर सिटी के लिए रहीम स्टर्लिंग ने 12वें मिनट, केविन डी ब्रूयन ने 62वें मिनट, फिल फोडेन ने 75वें मिनट और रियाद महरेज 78 वें मिनट में गोल दागे। इसका मतलब होगा कि अगले महीने ये दोनों टीम एक सप्ताह के अंदर दो बार एक दूसरे से भिड़ेंगी। इन दोनों के बीच 10 अप्रैल को ईपीएल का मैच खेला जाएगा जबकि 16-17 अप्रैल के सप्ताहांत में एफए कप का सेमीफाइनल होगा। एफए कप का दूसरा सेमीफाइनल चेल्सी और क्रिस्टल पैलेस के बीच खेला जाएगा। क्रिस्टल पैलेस ने रविवार को एवर्टन को 4-0 से हराकर 2016 के बाद पहली बार अंतिम चार में जगह बनाई। चेल्सी ने शनिवार को मिडिलेसबोरोग को 2-0 से हराया था।

रीयाल मैड्रिड के खिलाफ लगातार पांच हार के बाद जीता बार्सिलोना

मैड्रिड। बार्सिलोना ने रीयाल मैड्रिड को 4-0 से करारी शिकस्त देकर स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा में खिताब की अपनी उम्मीदें भी बरकरार रखी। लियोनेल मेसी के बिना अपना पहला सत्र खेल रहे बार्सिलोना को रीयाल मैड्रिड से लगातार पांच मैच में हार का सामना करना पड़ा था। यह 2019 के बाद एल-क्लासिको में रीयाल मैड्रिड के खिलाफ उसकी पहली जीत है। बार्सिलोना की जीत में पियरे एमरिक औबामेयांग ने दो जबकि रोनाल्ड आरुजो और फेरान टोरेस ने एक - एक गोल किया। मुकाबले के लिए करीब 60 हजार दर्शक सैंटियागो बर्नबेऊ में मौजूद थे। इनमें बार्सिलोना के फैंस कुछ ही थे। नए कोच जावी हर्नांडेज के नेतृत्व में बार्सिलोना ने रियाल को मुकाबले में टिकने ही नहीं दिया। हालत ऐसी थी कि रियाल के फैंस 90 मिनट के खेल में 60 मिनट के बाद ही स्टेडियम से लौटने लगे थे।इस जीत से बार्सिलोना लीग में शीर्ष पर चल रहे रीयाल मैड्रिड से अब 12 अंक पीछे है।

मोदी ने लक्ष्य को रजत पदक जीतने पर दी बधाई

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित कई खेल दिग्गजों और मुख्यमंत्रियों ने दुनिया के सबसे पुराने बैडमिंटन टूर्नामेंट ऑल इंग्लैंड ओपन चैंपियनशिप में रजत पदक जीतने के लिए भारतीय युवा बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन को बधाई दी है।मोदी ने सोमवार को ट्वीट में कहा, आप पर गर्व है लक्ष्य सेन। आपने उल्लेखनीय धैर्य और तप दिखाया है। आपने एक उत्साही लड़ाई लड़ी। भविष्य के लिए आपको शुभकामनाएं। मुझे विश्वास है कि आप सफलता की नई ऊंचाइयों को छूते रहेंगे। भारतीय क्रिकेट लीजेंड सचिन तेंदुलकर ने ट्वीट में कहा, जीवन में कोई असफलता नहीं है। आप या तो जीतते हैं या आप सीखते हैं। मुझे यकीन है कि आपने इस अछुत अनुभव से बहुत कुछ सीखा है। लक्ष्य, आपको आगामी टूर्नामेंटों के लिए शुभकामनाएं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को न्यूजीलैंड में जारी आईसीसी 2022 महिला क्रिकेट विश्व कप में ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम के शानदार प्रदर्शन की सराहना की। वहीं मोदी ने ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री स्कॉट मॉरिसन को कहा, आईसीसी महिला विश्व कप में ऑस्ट्रेलियाई महिला क्रिकेट टीम के शानदार प्रदर्शन के लिए आपको बहुत-बहुत बधाई। ऑस्ट्रेलिया ने भारत के खिलाफ शनिवार का मैच जीता था, लेकिन टूर्नामेंट अभी भी जारी है। मैं दोनों देशों की टीमों को शुभकामनाएं देता हूं।

शतक से चूके ख्वाजा स्मिथ का अर्धशतक

ऑस्ट्रेलिया ने बनाए पांच विकेट पर 232 रन

लाहौर। उस्मान ख्वाजा (91) और स्टीवन स्मिथ (59) के शानदार अर्धशतकों की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने पाकिस्तान के खिलाफ तीसरे और आखिरी टेस्ट मैच के पहले दिन सोमवार को 88 ओवर में पांच विकेट पर 232 रन बना लिए।

मेहमान टीम ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया, हालांकि उसकी शुरुआत बहुत खराब रही। उसने महज आठ के स्कोर पर डेविड वार्नर और मार्नस लाबुशेन के रूप में अपने दो महत्वपूर्ण विकेट खो दिए, लेकिन फिर ख्वाजा और स्मिथ ने पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों ने तीसरे विकेट के लिए 138 रन की बड़ी साझेदारी की। स्मिथ ने हालांकि 146 के स्कोर पर 59 रन बनाकर आउट हुए । इसके बाद ख्वाजा ने ट्रैविस हेड के साथ 41 रन की साझेदारी की। ख्वाजा ने कप्तान बाबर आजम को कैच थमा दिया। वह 91 रन बना कर आउट हुए और एक बार फिर अपने शतक से चूक गए। फिलहाल कैमरन और एलेक्स कैरी क्रीज पर हैं और क्रमशः 20 और आठ रन पर खेल रहे हैं।

स्मिथ ने संगकारा व सचिन तेंदुलकर का रिकॉर्ड तोड़ा

ऑस्ट्रेलिया के उपकप्तान स्टीव स्मिथ 150 पारी के बाद टेस्ट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। 150 पारी में स्मिथ के नाम 60.10 की औसत से 7993 रन हैं। इससे पहले वर्ल्ड रिकॉर्ड श्रीलंका के कुमार संगकारा के नाम दर्ज था। संगकारा ने 7913 रन बनाए थे। इसके बाद भारत के लिए सचिन तेंदुलकर का नंबर आता है। सचिन के नाम 150 पारी में 7869 रन था।

सीएम ने किया औबेदुल्ला खां हैरीटैज कप हॉकी टूर्नामेंट 2022 का शुभारंभ

कहा, भोपाल फिर बनेगा हॉकी की नर्सरी

भोपाल। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने औबेदुल्ला खां हैरीटैज कप हॉकी टूर्नामेंट का शुभारंभ करते हुए कहा कि भोपाल कभी हॉकी की नर्सरी था, हम पुनः भोपाल को हॉकी की नर्सरी के रूप में स्थापित करना चाहते हैं। हॉकी हमारे देश का मान है, भोपाल की शान है और भारत की जनता का सम्मान है। हमारे खिलाड़ी उत्साह से परिपूर्ण है, यदि उन्हें उचित रूप से संसाधन और श्रेष्ठ प्रशिक्षक उपलब्ध हो तो भारत एक बार फिर हॉकी का सिरमौर बन सकता है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए खेल और युवा कल्याण मंत्री मान. यशोधरा राजे सिंधिया ने कहा कि मुख्यमंत्री जी की पहल से ही औबेदुल्ला खां हेरिटेज कप हॉकी टूर्नामेंट पुनः प्रारंभ हो सका है। भोपाल में पांच एस्ट्रोटर्फ स्थापित किए जा रहे है। इस अवसर पर खेल मंत्री मान. यशोधरा राजे सिंधिया, ओलम्पियन श्री जलालउद्दीन रिजवी, इनाम उर रहमान, प्रमुख सचिव खेल सुश्री दीप्ति गौड़ मुखर्जी तथा संचालक खेल श्री रवि कुमार गुप्ता भी मौजूद थे। औबेदुल्ला खां हेरिटेज कप की ट्रॉफी का भी अनावरण किया। उल्लेखनीय है कि आधुनिक डिजाईन में नवीन ट्रॉफी बनाई गई है। हॉकी का रोमांच इस ट्रॉफी के लिए 27 मार्च तक जारी रहेगा। मुख्यमंत्री चौहान द्वारा हॉकी टूर्नामेंट की प्रतिभागिता करने वाली इंडियन ऑयल, भारतीय रेलवे, पंजाब एंड सिंध बैंक, आर्मी एकादश मप्र हॉकी अकादमी, सीएनजी जीएसटी एंड सेंट्रल एक्साइज चेन्नई, पंजाब पुलिस, इंडियन नेवी, आर्मी ग्रीन, सेंट्रल सेक्रेटेरियट और मध्य प्रदेश हॉकी एसोसिएशन की टीमों के खिलाड़ियों से परिचय भी प्राप्त किया गया। शिवराज सिंह ने ताशकंद के उज्बेकिस्तान में आयोजित एशियन फेंसिंग चैम्पियनशिप के ईपी इवेन्ट में रजत पदक प्राप्त खिलाड़ी सुश्री प्रज्ञा सिंह तथा कांस्य पदक प्राप्त आर्यन सेन, जार्डन में आयोजित एशियन यूथ एवं जूनियर बॉक्सिंग चैम्पियनशिप में कांस्य पदक प्राप्त खिलाड़ी अमन सिंह बिष्ट तथा रजत पदक प्राप्त खिलाड़ी आनंद यादव, आधू धाबी में आयोजित एशियन सेलिंग चैम्पियनशिप के 4.7 लेजर इवेन्ट में स्वर्ण पदक प्राप्त सेलर रितिका दांगी और कांस्य पदक प्राप्त सेलर नेहा ठाकुर को भी सम्मानित किया।

गौरांशी शर्मा एवं धनंजय दुबे को 1-1 लाख रूपए की प्रोत्साहन राशि

मुख्यमंत्री मान. शिवराज सिंह चौहान ने ब्राजील में आयोजित डैफलपिक के लिए चयनित म.प्र. बैडमिंटन अकादमी की मुक-बधिर बैडमिंटन खिलाड़ी गौरांशी शर्मा और टेनिस खिलाड़ी धनंजय दुबे को एक-एक लाख रूपए की सम्मान निधि से सम्मानित किया।

म.प्र. हॉकी अकादमी का विजयी आगाज

टूर्नामेंट के पहले मैच में म.प्र. हॉकी अकादमी ने जीएसटी हॉकी चेन्नई को 1-0 से हराया। इस मैच का एक मात्र गोल म.प्र. हॉकी अकादमी के खिलाड़ी रजत ने मैच के पहले हॉफ के 14वें मिनट में किया। दोनों ही टीमों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया और मैच के दूसरे, तीसरे और चौथे हॉफ में दोनों टीमें कोई गोल नहीं कर सकी। टूर्नामेंट के दूसरे मुकाबले में इंडियन नेवी ने सेन्ट्रल सेक्रेटिएट को हराया। मैच के चौथे और अंतिम हॉफ के 49वें मिनट में इंडियन नेवी के खिलाड़ी प्रशांत ने पेनॉल्टी कार्नर को गोल में बदलकर अपनी टीम को 2-1 से विजय दिलायी। मैच के दूसरे और तीसरे हॉफ में दोनों ही टीमें कोई गोल नहीं कर सकी। आज 22 मार्च को म.प्र. हॉकी विरूद्ध पंजाब पुलिस अपरांह 2:30 बजे तथा इंडियन ऑयल विरूद्ध सीएजी के मध्य 4:30 बजे मुकाबले खेले जायेंगे।

आंकड़े क्रिकेट यात्रा का हिस्सा अंतिम लक्ष्य नहीं : अश्विन

मुंबई। भारत की तरफ से टेस्ट क्रिकेट में सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाजों की सूची में हाल में दूसरे नंबर पर काबिज होने वाले दिग्गज ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने कहा कि वह कभी आंकड़ों के पीछे नहीं भागते तथा निजी उपलब्धियों को यात्रा का हिस्सा मानते हैं, अंतिम लक्ष्य नहीं। अश्विन ने श्रीलंका के खिलाफ हालिया टेस्ट श्रृंखला में 15.08 की औसत से 12 विकेट लिये। इस बीच उन्होंने कपिल देव के 434 विकेट के आंकड़े को पीछे छोड़ा। उनके नाम पर अब 442 विकेट दर्ज हैं और विश्व में सर्वाधिक टेस्ट विकेट लेने वाले गेंदबाजों की सूची में आठवें स्थान पर पहुंच गये हैं। अश्विन ने एक विज्ञप्ति में कहा, आंकड़े देखने में अच्छे लगते हैं और देखकर अच्छा लगता है कि आंकड़ों के मामले में मैंने क्या हासिल किया है। मैं जितना अधिक खेला, उतना मुझे लगा कि आंकड़े अंतिम लक्ष्य नहीं बल्कि आपकी यात्रा का हिस्सा हैं। उन्होंने कहा, पिछले दो तीन वर्षों में विशेषकर बहुत अच्छा लग रहा है। आस्ट्रेलिया में श्रृंखला जीत, टी20 टीम में वापसी, यह वैसा ही अहसास था जब मैंने पहली बार टीम में जगह बनायी थी। यह 35 वर्षीय स्पिनर आगामी आईपीएल में राजस्थान रॉयल्स की तरफ से खेलेगा जो इस लीग में उनकी पांचवीं फ्रेंचाइजी है।

नगर में गहराया पेयजल संकट भाजपा ने दिया आंदोलन की चेतावनी

प्रखर अहरौरा मिजार्पुर। गर्मी की तपिश अभी शुरू ही हुई है की नगर पालिका परिषद अहरौरा के कई वार्डों में पेयजल का संकट उत्पन्न हो गया है। बताया जाता है कि नगर में पेयजल आपूर्ति के लिए लगाए गए नौ समरसेबल में चार खराब चल रहे हैं जिससे नगर में पर्याप्त मात्रा में पेयजल की आपूर्ति नहीं हो पा रही है जिसके कारण नगर के कई मुहल्ले पेयजल संकट से जूझ रहे। वहीं भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिंह ने आरोप लगाया है कि नगर पालिका अध्यक्ष की लापरवाही एवं नगर के कुछ वार्डों के साथ उनके सौतेले व्यवहार से नगर में पेयजल संकट उत्पन्न हुआ है। मंडल अध्यक्ष में सोशल मीडिया के माध्यम से चेतावनी दिया है कि अगर जल्द ही पेयजल संकट से नगर वासियों को निजात नहीं मिली तो भारतीय जनता पार्टी आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी। 25 वार्डों में विभक्त लगभग चालीस हजार की आबादी वाले नगर पालिका परिषद अहरौरा में पेयजल आपूर्ति करने के लिए नौ ट्यूबवेल लगाए गए हैं। जो पटवा टोला, मलाही टोला, पोखरासहुवाईन, मेहंदीपुर, पट्टीखुर्द, निर्मलवा पहाड़ पर लगे हुए हैं। इन्हीं ट्यूबवेलों के माध्यम से नगर पालिका परिषद में पेयजल आपूर्ति की जाती है। नगर में पेयजल आपूर्ति करने के लिए दो ओवर हैंड टैंक भी है जिसमें एक टंकी नगर पालिका कार्यालय परिसर में तो दूसरी टंकी कार्यालय के ठीक सामने सहित उद्यान में स्थित है। बताया जाता है कि नगर के मेहंदीपुर, पोखरा सहुवाइन, मलाही टोला, मेहंदीपुर में लगा ट्यूबवेल इस समय खराब है जिसके कारण नगर में पेयजल संकट उत्पन्न हो गया है। सूत्र बताते हैं कि नगर का हार्ट कहे जाने वाले चौक बाजार में मलाही टोला से पेयजल की आपूर्ति की जाती है लेकिन मलाही टोला का ट्यूबवेल खराब होने से नगर के चौक बाजार सहित आसपास के क्षेत्रों में पानी का संकट गहरा गया है ।

पेयजल संकट से निजात दिलाने के लिए हैंडपंपों के बोर में लगाया जा रहा है समरसेबल- नगर पालिका क्षेत्र के चौक बाजार सहित आने मोहल्ले में पैदा हुए पेयजल संकट से निजात दिलाने के लिए आसपास लगे हैंडपंपों में समरसेबल लगाकर पेयजल संकट से निजात दिलाने का प्रयास किया जा रहा है लेकिन वह काफी नाकाफी साबित हो रहा है साथ ही हैंडपंपों से गंदा पानी भी आ रहा है जो लोगों के किसी काम का नहीं है।

भारतीय जनता पार्टी ने दिया आंदोलन की चेतावनी- भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिंह ने सोशल मीडिया पर कमेंट लिखकर नगर पालिका अध्यक्ष के ऊपर नगर के कुछ वार्डों के साथ सौतेला व्यवहार करने एवं पेयजल के प्रति घोर लापरवाही दिखाने का आरोप लगाते हुए चेतावनी दिया है कि अगर तत्काल पेयजल संकट को दूर नहीं किया गया तो भारतीय जनता पार्टी जिलाधिकारी सहित अन्य उच्च अधिकारियों को इस समस्या से अवगत कराते हुए आंदोलन करने को बाध्य होगी।

क्या कहते हैं जिम्मेदार- जगह-जगह हैंडपंपों में समरसेबल डालकर पेयजल संकट से निजात दिलाने का प्रयास किया जा रहा है तीन-चार दिनों में टयूवेल के लिए बोरिंग कराने का कार्य शुरू करा दिया जाएगा। पेयजल समस्या से नगर वासियों को जल्द ही निजात मिल जाएगी।

नवनीत सिंह अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद अहरौरा

दो दिवसीय गंगा दूत प्रशिक्षण का दीप प्रज्वलन कर किया गया शुभारंभ

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। नेहरू युवा केंद्र युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के तत्वधान में नमामि गंगे अभियान के अंतर्गत दो दिवसीय गंगा दूत प्रशिक्षण विकास खंड करंडा के चोचकपुर गंगा ग्राम में दीप प्रज्वलन कर शुभारंभ किया गया। प्रशिक्षण के प्रथम दिन गंगा को स्वच्छ एवं निर्मल बनाने में गंगा दूतों का क्या योगदान हो सकता है एवं युवाओं को नमामि गंगे अभियान में कैसे जोड़ा जाए इस विषय पर प्रशिक्षकों द्वारा विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। विश्व जल दिवस के अवसर पर सभी गंगा दूतों ने गंगा घाट पर स्वच्छता अभियान चलाकर जल बचाने का शपथ लिया। जिला परियोजना अधिकारी बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने कहा मां गंगा को स्वच्छ और निर्मल बनाने के लिए जन जन को जागरुक करना आवश्यक है। गंगा दूत नमामि गंगे अभियान को सफल बनाने के लिए गंगा ग्रामो में विभिन्न गतिविधियों को अयोजित कर लोगो को जागरुक कर रहे हैं एवं युवाओं को शामिल कर रहे है। इस दौरान प्रमुख समाज सेवी उमेश श्रीवास्तव ने कहा कि गंगा की धारा स्वच्छ और निर्मल रहे इसके लिए हम सभी को गंगा की धारा के बाधक को रोकना होगा स गंगा को प्लास्टिक मुक्त बनाना होगा। सभी प्रतिभागियो ने राज्य प्रशिक्षक अंगद सिंह यादव के नेतृत्व में गंगा घाट पर स्वच्छता अभियान चलाया। इस अवसर पर डा. अरविंद मिश्रा, स्पेयर हेड सदस्य पवन वर्मा, रजनीश कुमार, अजय चौधरी, राजकुमार चौधरी, राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक ज्योति प्रजापति आदि लोग उपस्थित थे ।

मुखबिर की सूचना पर चंदवक पुलिस ने एक वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

प्रखर चंदवक जौनपुर। पुलिस अधीक्षक अजय सहनी के कुशल निर्देशन व क्षेत्राधिकारी शुभम तोदी के निकट पर्यवेक्षण में तलाश वांछित/पुरस्कार घोषित अपराधियों की गिरफ्तारी के अभियान के क्रम में कार्यवाही करते हुए मुखबिर की सूचना पर थानाध्यक्ष रामाराम द्विवेदी के नेतृत्व में सोमवार की दोपहर वांछित अभियुक्त आशीष राजभर पुत्र संकठा राजभर को बूढ़ऊ बाबा के दुकान के पास से पुलिस ने गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में न्यायलय भेजा।

गेंहू के खेत में मिले अधजले शव का हुआ शिनाख्त

प्रखर केराकत जौनपुर। केराकत कोतवाली क्षेत्र के थानागद्दी चौकी अंतर्गत सोहनी गांव मे सोमवार की सुबह महेंद्र सिंह के गेंहू के खेत में अधजली शव मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया था पुलिस के कड़ी मेहनत के बाद भी शव का शिनाख्त नहीं हो सका था। हालांकि घटना के दूसरे दिन ही पुलिस ने मृतक की पहचान करने में सफल रही। मृतक की पहचान बृजेश कुमार पटेल उर्फ बबलू उम्र 40 वर्ष पुत्र चंद्र मोहन वाराणसी के पहाड़िया का रहने वाला था। मृतक बृजेश कुमार पटेल वाराणसी के पहड़िया पर कपड़े की दुकान व लान संचालन करता था।परिजनों ने बताया की रविवार की दोपहर लान मे बुकिंग होने के कारण शाम को लगभग आठ बजे स्कूटी से घर आया जो ठीक लान से दो सौ मीटर पर है थोड़ी शराब भी पिए हुए थे इसके बाद घर पर फोन कर के कार मांगे और घर से कार लेकर किसी से मिलने के लिए निकल गए फिर वापस नही आए।जिनकी हत्या कर जौनपुर के सोहनी

गांव के गेंहू के खेत फेक दिया गया मृतक का शिनाख्त होते ही पहाड़िया चौराहे पर व्यापारियों ने अपनी दुकान बंद कर हत्यारों की गिरफ्तारी व हत्या के कारणों के खुलासे की मांग कर विरोध कर रहे है।

सिर से छीन गया पिता का साया,परिवार पर टूटा गमों का पहाड़- सुबह सोशलमीडिया व अखबार में खबर छपने के बाद मृतक के परिजनों ने सज्ञान लिया और आनन फानन में केराकत कोतवाली पहुंचकर श?व की शिनाख्त की। मृतक बृजेश कुमार तीन भाइयों में सबसे छोटा था सबसे बड़े भाई राजेश कुमार व कमलेश कुमार थे।मृतक बृजेश कुमार को एक बेटा 15 वर्षीय और 10 साल की एक बेटी है।हत्या को खबर सुनकर पत्नी सुनीता के पैरो तले से जमीन खिसक गई रो रो कर बुरा हाल है पत्नी सुनीता ने बताया की मेरे बच्चों के सिर से पिता का साया उठ गया।मृतक के परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात लोगो के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

गोल्ड लोन से ग्राहकों में खुशी केनरा बैंक बाजीराव कटरा

प्रखर मिजार्पुर। केनरा बैंक निरंतर अपने ग्राहकों के लिए बेहतर सुविधा के लिए जाना जाता है कई प्रकार की सुविधाएं बैंक निरंतर जनपद मिजार्पुर वासियों को दे रही है। राष्ट्रीयकृत बैंक केनरा

बैंक बाजीराव कटरा मुख्य शाखा में मंगलवार के दिन गोल्ड लोन की सुविधा शुरू करा दी गई आज वाराणसी क्षेत्रीय प्रबंधक शिशिर कुमार सिन्हा ने गोल्ड लोन प्लाजा कॉर्नर का उद्घाटन करते हुए कहा कि अब ग्राहकों के अलावा अन्य लोगों के लिए भी बैंक के तरफ से आभूषण व सोने पर ऋण तत्काल उपलब्ध कराए जाने की सुविधा इस ब्रांच में शुरू कर दी गई है । क्षेत्रीय प्रबंधक वाराणसी शिशिर कुमार सिन्हा ने बताया कि बैंक पिछले 30 35 वर्षों से गोल्ड लोन की सुविधा दे रहा है लेकिन जनपद मिजार्पुर में इसकी शुरूआत आज हो रही है। काफी दिनों से मिजार्पुर जिले की मांग को आज पूरा कर दिया गया है। कोई भी व्यक्ति केवाईसी पूरा करके तीस मिनट के अंदर लोन प्राप्त कर सकता है। इस सुविधा के माध्यम से कई ऐसे लोग लाभान्वित होंगे जिनके घरों में अलमारियों में स्वर्ण आभूषण रखा रहता है और उनको व्यवसाय के लिए या अन्य किसी आवश्यक कार्य के लिए सोने के गहने के बदले तत्काल नकद रुपए की जरूरत पूरी करेगी। बहुत ही न्यूनतम ब्याज दर में किसानों के लिए व्यापारियों के लिए या कोई भी महिला पुरुष गोल्ड लोन का लाभ ले सकता है । ब्रांच मैनेजर ने बताया कि गोल्ड लोन जितनी आसानी से उपलब्ध कराई जाती है उतनी ही आसानी से बंद भी कराया जा सकता है । इसमें किसी प्रकार का अतिरिक्त शुल्क बैंक चार्ज नहीं करती ।इस अवसर पर जनपद मिजार्पुर के कई संभ्रांत उद्यमियों ने भी अपनी रुचि दिखाई । मौके पर मौजूद बैंक के कई सम्मानित ग्राहकों के अलावा जनपद के कई संभ्रांत लोगों ने बताया कि गोल्ड लोन की सुविधा शुरू हो जाने से हम लोग भी इससे लाभान्वित होंगे।

विश्व टीबी दिवस पर जिलाधिकारी करेंगे क्षय रोग के मुख्य दो कार्यक्रमों की लांचिंग

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। क्षय रोग या टी.बी एक संक्रामक बीमारी है, जिससे प्रति वर्ष लाखो लोग मौत का शिकार होते हैं। पूरे भारत में यह बीमारी बहुत ही भयावह तरीके से फैली है। क्षय रोग के इस प्रकार से विस्तार पाने का सबसे बड़ा कारण है इस बीमारी के प्रति लोगों में जानकारी का अभाव। विश्व क्षय रोग दिवस पूरे विश्व में 24 मार्च को घोषित किया गया है। इसका मुख्य उद्देश्य लोगों को इस बीमारी के विषय में जागरूक करना और क्षय रोग की

जनपद के 700 टीबी मरीजों को जिलाधिकारी सहित तमाम जिम्मेदार अधिकारी लेंगे गोद

रोकथाम के लिए कदम उठाना है। इसी को लेकर 24 मार्च को जिलाधिकारी के द्वारा दो कार्यक्रमों का लॉन्चिंग जिला अस्पताल से किया जाएगा। इसी को लेकर समस्त ब्लॉकों के सीएचओ को एक दिवसीय प्रशिक्षण मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के सभागार में किया गया, जिसका शुभारम्भ मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. हरगोविंद सिंह के द्वारा किया गया। डीपीसी डॉ. मिथिलेश सिंह ने बताया कि आयुष्मान भारत हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर पर टीबी की सेवाओं का विस्तार हेतु 24 मार्च 2022 से 13 अप्रैल 2022 तक कुल 21 दिन विशेष अभियान चलाकर क्षय रोगियों को खोजे जाने और उनका डाटा पोर्टल पर अपलोड करने के संबंध में ब्लॉक से आए हुए सभी सीएचओ को प्रशिक्षण के माध्यम से जानकारी दिया गया। टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के लिए शासन के द्वारा 2025 तक खात्मे का लक्ष्य रखा गया है। इसी को लेकर तमाम तरह के कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि पिछले दिनों आए शासनादेश के क्रम में 0 से 18 वर्ष के क्षय रोगी और 18 वर्ष से ऊपर के क्षय रोगी जिनकी संख्या जनपद में 700 है और इन सभी मरीजो को जनपद स्तरीय अधिकारियों को गोद लेकर इन्हें दवाखाने के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने बताया कि इन मरीजों की जब तक दवा चलेगा तब तक मरीजों को दवा खाने के लिए प्रोत्साहित करने के साथ ही इन मरीजों को प्रतिमाह मूंगफली, भुना चना, गुण, सत्तू, तिल या गजक के साथ ही अन्य न्यूट्रिशन का समान 1 किग्रा मिलाकर एक किट बनाकर प्रतिमाह इन मरीजों को उपलब्ध कराना है। जनपद में लक्षित 700 टीबी के मरीज को जिला अधिकारी के द्वारा दो, मुख्य विकास अधिकारी दो, मुख्य चिकित्सा अधिकारी दो के साथ ही डीएम के निर्देश पर जनपद के अन्य अधिकारियों को भी गोद लेकर उनके पोषण और ठीक होने तक देखरेख करना होगा। इसी क्रम में जिलाधिकारी की पहल पर सुखबीर एग्रो के जीएम, महिला पीजी कॉलेज की प्राचार्य एवं अध्यापक, पीजी कॉलेज गाजीपुर के प्रबंधक, प्राइवेट बस एसोसिएशन सहित तमाम निजी संस्थाओं के माध्यम से भी इन मरीजों को गोद लिए जाने का क्रम जारी है। आज के इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्य रूप से क्षय रोग के नोडल डॉ. मनोज सिंह, अनुराग पांडे, सुनील वर्मा, वेंकटेश्वर प्रसाद के द्वारा दिया गया। साथ ही इस कार्यक्रम में अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. डी.पी. सिन्हा और डॉ. के.के. वर्मा की मौजूदगी रही।

गंगा ने हमारी मनौतियों को पूरा किया है, हम उसे स्वच्छ रखें : डॉ. जीतेंद्रनाथ मिश्र

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। विश्व जल दिवस पर तुलसीघाट पर बनी मानव श्रृंखला वाराणसी, संकट मोचन फाउंडेशन, मदर्स फॉर मदर व ओज ग्रीन के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को विश्व जल दिवस के अवसर पर गंगा की

गंगा में मलजल गिरना बंद हो -प्रो. विश्वम्भरनाथ मिश्र

स्वच्छता के लिए मानव श्रृंखला बनाकर लोगों को जागरूक किया गया। इस मौके पर सभी लोगों ने संकल्प किया कि वह माँ गंगा में गंदगी नहीं करेगें और दुसरो को भी इसके लिए प्रेरित करेगें। साथ ही स्थानीय प्रशासन और शासन से आग्रह किया गया है कि माँ गंगा को निर्मल अविरल बनाने के लिए व्यवहारिक योजनाओ को मूर्त रूप देने के लिए ठोस कदम उठायें।

मुख्य अतिथि प्रख्यात साहित्यकार डॉ0 जीतेंद्रनाथ मिश्र ने कहा, गंगा की स्वच्छता के दावे धरातल पर खरे नहीं उतरते। वास्तविकता अलग है। गंगा ने हमारी मनौतियों को पूरा किया। गंगा से हमारा रिश्ता मां-बेटे या

बेटी का है। गंगा हमारे सुख-दुख की सहभागी रही है। गंगा में सीवेज व फैक्ट्रियों से गिर रहा दूषित जल बंद हो विकास तो हो लेकिन वह अंध विकास न हो।

समारोह की अध्यक्षता कर रहे श्री संकट मोचन फाउंडेशन के अध्यक्ष प्रो. विश्वम्भरनाथ मिश्र ने कहा कि आज प्रोपोगंडा मशीन ने गंगा को आचमन योग्य बता दिया है। मध्य गंगा व शहर के बाहर गंगा सदा से आचमन योग्य रही हैं। यह नई बात नहीं हैं। गंगा की खराब स्थिति गंगा के पश्चिमी तट से गिरने वाले मलजल के कारण होती है। इसे बंद किया जाना चाहिए। गंगा जीवन का माध्यम है, एक नदी मात्र नहीं है। हमें मिलकर गंगा की स्वच्छता का चिंतन करना होगा। हम गंगा के प्रति तबतक चिंतित रहेंगे जबतक कि गंगा पूरी स्वच्छ नहीं हो जाती। फाउंडेशन के निदेशक प्रो0 सिद्धनाथ मिश्र उपाध्याय ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र संघ ने भूमिगत जल के संरक्षण का लक्ष्य निर्धारित किया है। गंगा में भूमिगत जल भी आता है। आज तालाबों व कुओं से जल गायब है। सभी जल स्त्रोतों को संरक्षित करना जरूरी है। सभी छोटे-बड़े नालों को गंगा में गिरने से रोका जाए। सभी जल स्त्रोत्र पुराने रूप में लाये जाने जरूरी हैं। आज गंगा को पुरानी स्थिति में लाने की जरूरत है। अतिथियो का स्वागत मदर्स फार मदर की संस्थापक अध्यक्ष श्रीमती आभा मिश्र ने किया उन्होंने कहा कि गंगा का संरक्षण जीवन का संरक्षण है। गंगा हमारे जीवन से जुड़ी हैं। मातृ शक्ति गंगा को स्वच्छ रखने हेतु संकल्पित है आईएमएस बीएचयू के पूर्व निदेशक प्रो. त्रिभुवन मोहन महापात्रा ने कहा कि हमें सम्मिलित रूप से गंगा की स्वच्छता का प्रयास करना होगा। मैत्री भवन के निदेशक फादर फिलिप डेनिस ने कहा भारत की विशेषता पानी की समृद्धता से है। सभी को अपने जीवन मे जल संरक्षण के प्रति सचेत रहना चाहिए। प्रख्यात फुटबाल कोच फरमान हैदर ने कहा गंगा से अच्छा पानी कहीं नहीं है। हम जब चाहेंगे गंगा स्वच्छ हो जाएगी। अधिवक्ता आरपी सिंह गौतम ने कहा हम स्वयं के प्रयास से गंगा को स्वच्छ रखें। समाज सेवीका श्रीमती सरोजनी महापात्रा ने कहा कि जब सभी गंगा को अपना मान लेंगे तब गंगा की स्वच्छता हो जाएगी। हमें गंगा में गंदगी नहीं करनी चाहिए। कार्यक्रम की शुरूआत मंगला चरण से स्वर्ण प्रताप चतुर्वेदी ने किया। इस अवसर पर ममता तिवारी ने गंगा से सम्बंधित कविता पाठ किया। कार्यक्रम का कुशल संचालन करते हुऐ वरिष्ठ प्रत्रकार श्री राजेन्द्र कुमार दुबे ने कहा कि मयार्दा है इस देश की पहचान हैं गंगा इसके अक्छुड़ता के लिए सभी लोग अपने-अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें। कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन राजेश मिश्र ने किया। इस कार्यक्रम के संयोजन में अशोक पांडेय, गोपाल पांडेय, प्रभुदत्त त्रिपाठी,डॉ0 अनूप मिश्रा, हृदया नारायण मिश्र, राजेश त्रिपाठी, डॉ0 एच.एन. मिश्र आदि लोगो का सहयोग रहा।

संक्षिप्त खबरें

अज्ञात वाहन के धक्के से बाइक सवार दो घायल

प्रखर चंदवक,जौनपुर। आजमगढ़ वाराणसी मार्ग पर गोमती पुल के पास वाराणसी से दवा लेकर घर जा रहे बाइक सवार दो युवकों को अज्ञात वाहन ने धक्का मार दिया जिससे दोनों बुरी तरह घायल हो गए।ग्रामीणों की मदद से दोनों को सीएचसी डोभी लाया गया जहां 22 वर्षीय पवन पुत्र लल्लन प्रसाद व 26 वर्षीय बादल पुत्र जानकी निवासी नरौली सिधारी आजमगढ़ का इलाज चल रहा है। पुलिस बाइक को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्यवाई कर रही है।

मूक बधिर युवती का अपहरणकर्ता गिरफ्तार, युवती बरामद

प्रखर चंदवक, जौनपुर। क्षेत्र के एक गांव निवासी मूक बधिर युवती का अपहरणकर्ता को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार कर चालान करने के साथ ही युवती को बरामद कर मेडिकल जांच के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। क्षेत्र के एक गांव निवासी मूक बधिर युवती का घर से बाजार जाने के दौरान एक सप्ताह पूर्व परिचित युवक अपहरण कर फरार हो गया था।युवती के परिजनों की तहरीर पर पुलिस मुकदमा दर्ज कर आरोपित की तलाश कर रही थीं।इसी दौरान गश्त पर निकले थानाध्यक्ष राजाराम द्विवेदी व एस आई विभूति नारायण राय को बतौर मुखबिर सूचना मिली कि आरोपित बुढऊ बाबा के पास भागने के फिराक में खड़ा है।तत्परता दिखाते हुए पुलिस ने आशीष राजभर पुत्र संकठा निवासी बोड़सर को दबोच लिया।उनके निशानदेही पर युवती को भी बरामद कर मेडिकल जांच के लिए जिला अस्पताल भेजने के साथ ही आरोपित का चालान न्यायालय भेज दिया।

एमएलसी प्रत्याशियों के नामांकन पत्र वैद्य, चार प्रत्याशी मैदान में

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। उत्तर प्रदेश विधानसभा परिषद स्थानीय (एम.एल.सी) चुनाव के पद हेतु गाजीपुर द्विवार्षिक निर्वाचन-2022 का नामांकन रायफल क्लब सभागर में रिटर्निंग आफिसर/उप जिला निर्वाचन अधिकारी की उपस्थिति में 4 प्रत्याशियों द्वारा अपना-अपना नामांकन पत्र दाखिल किया गया था। नामांकन पत्र दाखिल करने मे समाजवादी पार्टी से भोला नाथ पुत्र राजपति ग्राम निदिउरा पोस्ट अभिया, जिला भदोही तथा भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी विशाल सिंह पुत्र देवेन्द्र प्रताप सिंह ग्राम तेतारपुर पोस्ट गौरी, तहसील-सैदपुर तथा निर्दलीय प्रत्याशी मदन सिंह पुत्र रामअशीष सिंह ग्राम अधियरा पोस्ट अन्हारीपुर तथा निर्दलीय प्रत्याशी देवेन्द्र पुत्र मुसाफिर ग्राम तेतारपुर पोस्ट-गौरी, तहसील सैदपुर द्वारा नामांकन पत्र दाखिल किया गया था। जिसका आज 22 मार्च 2022 को नाम निर्देशनो कि संवीक्षा/जॉच के दौरान समस्त नामांकन पत्र वैद्य पाये गये।

24 मार्च को रोजगार मेले का आयोजन

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। प्रधानाचार्य राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान गाजीपुर ने सूचित किया है कि राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान मे 24 मार्च 2022 को रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें विभिन्न कम्पनियों द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा। समस्त व्यवसाय से उत्तीर्ण प्रशिक्षार्थी जिनकी आयु 18 से 26 वर्ष हो, मेले में उपस्थित होकर रोजगार के अवसर का लाभ उठायें। रोजगार मेले मे उपस्थित होने वाले प्रशिक्षार्थी अपने समस्त शैक्षिक/तकनीकी मूल प्रमाण पत्र एवं उसकी छाया प्रतियों का एक सेट, आधार कार्ड, पासपोर्ट साइज-4 फोटो व बैंक पासबुक की छाया प्रति तथा रिज्युम साथ लायें। मेले में प्रतिभाग करने हेतु किसी भी प्रकार का कोई यात्रा भत्ता देय नही होगा।

विधिक साक्षरता कार्यक्रम का किया गया आयोजन

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के तत्वाधान में तथा जनपद न्यायाधीश के आदेशानुसार 22 मार्च 2022 को वरिष्ठ नागरिकों के भरण पोषण अधिनियम 2007 के तहत विधिक साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन किया गया तथा विधिक जानकारी दी गई। इस अवसर पर पूर्णकालिक सचिव कामायनी दूबे, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने वृद्धजन आवास/वृद्धाश्रम की पूर्णतयाः जानकारी ली तथा परिसर में साफ-सफाई रखने हेतु प्रबंधक श्रीमती ज्योत्सना को निर्देशित किया गया। इस दौरान सचिव ने बालिका शिशु के महत्व और भूमिका के बारे में जागरूकता बढ़ाना उनके स्वास्थ्य, सम्मान, शिक्षा, पोषण आदि से जुडे. मुद्दों तथा पूर्व गभार्धान और प्रसव पूर्व निदान तकनीक अधिनियम, 1994 भारत में कन्या भ्रूण हत्या और गिरते लिंगानुपात को रोकने के लिए भारत की संसद द्वारा पारित एक संघीय कानून है। इस अधिनियम से प्रसव पूर्व लिंग निर्धारण पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। ऐसे में अल्ट्रासाउंड या अल्ट्रासोनोग्राफी कराने वाले जोडे.या करने वाले डाक्टर, लैब कर्मी को तीन से पांच साल सजा और 10 से 50 हजार जुमार्ने की सजा का प्रावधान है के बारे में चर्चा की गयी। बुजुर्गो के अधिकारों के बावत बताया कि माता-पिता व वरिष्ठ नागरिक भरण पोषण एवं कल्याण अधिनियम-2007 के तहत अभिभावक एवं वरिष्ठ नागरिक जो कि अपने आय अथवा अपनी संपत्ति के द्वारा होने वाली आय से भरण-पोषण करने में असमर्थ है। वे अपने व्यस्क बच्चों अथवा ऐसे संबंधितों से भरण-पोषण करने हेतु आवेदन कर सकते है तथा वृद्धा पेंशन एवं विधवा पेंशन के विषय में बताया गया।

बच्चों का अन्नप्राशन और जन्मदिन मनाकर जिलाधिकारी ने किया पोषण पखवाड़े का शुभारंभ

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। 21 मार्च से 4 अप्रैल तक चलने वाले पोषण पखवाड़े का शुभारंभ मंगलवार को जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने विशेश्वरगंज स्थित आंगनबाड़ी केंद्र पर किया। इस दौरान उन्होंने 6 माह पूर्ण कर चुके बच्चे को अन्नप्राशन, 1 वर्ष पूर्ण कर चुकी बच्ची का जन्मदिन मनाने के साथ ही इस कार्यक्रम में 2 गर्भवती महिलाओं की गोद भराई का कार्यक्रम भी किया गया। जिलाधिकारी ने इस कार्यक्रम के माध्यम से आंगनबाड़ी केंद्रों पर आई हुई सभी आंगनबाड़ियों और सुपरवाइजर के साथ ही सीडीपीओ को प्रदर्शित किए गए पोषण प्रदर्शनी को अमली रूप में लाने और इसे आम जनता पहुंचाने का बात कही, जिससे कि पोषण पखवाड़ा जो शासन की प्राथमिकता में शामिल है इसका असर आम जन में देखने को मिले। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने जो सहायिका हाईस्कूल व इंटर पास हैं उन्हें स्मार्टफोन देने का भी निर्देश दिया। ताकि वह विभागीय कार्यों में अपना सहयोग प्रदान कर सकें। ईस दौरान जिला कार्यक्रम अधिकारी दिलीप

कुमार पांडे ने बताया कि 21 मार्च से 4 अप्रैल तक चलने वाले पोषण पखवाड़ा को शासन ने दो कैटेगरी में बांटा है। जिसमें 21 से 27 मार्च तक स्वस्थ बालक बालिका स्पर्धा जिसमें 6 वर्ष से कम आयु के बच्चों की लंबाई, ऊंचाई, वजन की माप करना और पोषण ट्रैकर पर डाटा फिड करना है। साथ ही सभी तीनों पैरामीटर के आधार पर स्वस्थ बच्चों का ई प्रमाण पत्र जारी करना शामिल है, जो डब्ल्यूएचओ के मानक पर आधारित है। इसके अलावा सैम व मैम बच्चों का डाटा शेयर करना भी शामिल है। वही 28 मार्च से 4 अप्रैल तक जन जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से महिलाओं में जल संरक्षण को बढ़ावा देने के साथ ही जल संरक्षण एवं प्रबंधन ने समुदाय एवं संस्थाओं का सहयोग लेना। आंगनबाड़ी केंद्रों पर वर्षा जल संचयन के ढांचे को बढ़ावा देना। किशोर, बालिका व गर्भवती महिला एवं धात्री महिलाओं में एनीमिया की रोकथाम व उपचार के बारे में सरल तरीके से आमजन में जन जागरूकता के माध्यम से जानकारी देना। साथ ही स्कूल के बच्चों में एनीमिया को रोकने और उपचार के बारे में सेमिनार के माध्यम से विद्यालयों में छात्र-छात्राओं का संवेदीकरण करना शामिल है। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम के दौरान जिला अधिकारी मंगला प्रसाद सिंह के के द्वारा 6 माह पूर्ण कर चुके मोहम्मद, रिद्धि, राजा बाबू, शिवांगी, सलोनी एवं रिंकी का अन्नप्राशन कराया। वहीं 1 वर्ष पूर्ण कर चुकी आलिया पुत्री मोहम्मद वसीम का जन्मदिन बच्चों से दीप प्रज्वलन कराने के साथ ही केक कटवा कर किया। इस कार्यक्रम में दो गर्भवती नगमा पत्नी अब्दुल अब्बास और अफसाना पत्नी मोहम्मद वसीम की गोद भराई कार्यक्रम भी संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में प्रभारी सीडीपीओ सोना सिंह, आगनबाडी अंजू कुशवाहा, सीमा यादव, गीता मिश्रा, गीता जायसवाल, सुनीता सिंह सहित अन्य लोग शामिल रहे।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को मिले मेडिकल उपकरण व सामान

प्रखर पिंडरा वाराणसी। ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मंगलवार को उत्कर्ष वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गंगापुर मंगारी को लाखों रुपये के मेडिकल उपकरण व बेड समेत अनेक सामान दिए गए। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में आयोजित समारोह के दौरान उक्त फाउंडेशन ने आरओ प्लांट, हाई फ्लो नोजल नेब्यूला 5 पीस, रेडिएंट

वार्मर, हॉस्पिटल बेड 6 पीस, सिटिंग चेयर 15 पीस, हॉस्पिटल बेड मैट्रेस पिलो बेड सीट 25 पीस, वाल क्लॉक 4 पीस प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ रामाशीष को एक समारोह के दौरान दिया गया। इस दौरान डॉ रश्मि उपाध्याय, डॉ श्रेया सिंह उपस्थित रही।

शिष्टाचार होली मिलन समारोह मनाया

प्रखर पूर्वांचल महाराजगंज। नगर पंचायत बृजमनगंज कस्बे में शनिवार शाम डाकघर रोड पर प्रखर पूर्वांचल मीडिया प्रभारी जगदंबा जायसवाल एवं भावी सभासद प्रत्याशी के नेतृत्व में शिष्टाचार होली मिलन समारोह का कार्यक्रम देर रात तक संगीत के साथ चलता रहा जिसमें कस्बे के सम्मानित नागरिक महिलाएं पत्रकार बंधु एवं पुलिस प्रशासन के लोग सम्मिलित हुए। लोगों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल का टीका लगाकर गले मिले तथा होली मिलन की बधाइयां दी। उसके उपरांत फल एवं मिष्ठान जलपान कर होली के गानों पर नाचे गाए। जगदम्बा जायसवाल ने कहा कि होली पर्व पर विशेष होली मिलन कार्यक्रम रखा गया यह पर्व प्रेम सौहार्द एवं आपसी भाईचारे का है। पहली बार इस प्रकार के

आयोजन का लोगों ने तारीफ की। इस दौरान समाजसेवी विनोद जयसवाल जनप्रतिनिधि शशिकांत जायसवाल जनप्रतिनिधि शशि भूषण अग्रहरी गौरव जायसवाल व्यापार मंडल अध्यक्ष किशन जयसवाल, रामकुमार कसौधन, शंकर दयाल, अरविंद कुमार गुप्त संतोष जयसवाल रामकृष्ण जयसवाल, वेदपुरी गोस्वामी, सौरभ जायसवाल, राम प्रसाद, सुधीर जायसवाल, बबलू जायसवाल, मधुर श्याम सूरज जयसवाल जगन्नाथ प्रजापति आशीष कुमार, उपनिरीक्षक उमा कांत सरोज के साथ पुलिस प्रशासन भी मौजूद रहे।

सस्ते गल्ले की दुकान में अनियमितता के मामले में आरोपी को मिली जमानत

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। सस्ते गल्ले की दुकानों से राशन व मिट्टी तेल के स्टॉक में भारी अनियमितता बरतने व स्टॉक रजिस्टर में हेरफेर करने के मामले में आरोपित को जमानत मिल गई। विशेष न्यायधीश (आवश्यक वस्तु अधिनियम) मिजार्मुराद के गौर गांव निवासी शिवपूजन को 50-50 हजार रुपए की दो जमानतें एवं बंधपत्र देने पर रिहा करने के आदेश दिया। अदालत में बचाव पक्ष की ओर आए अधिवक्ता अनुज यादव, नरेश यादव व विकास सिंह ने पक्ष रखा। अभियोजन पक्ष के अनुसार पूर्ति निरीक्षक श्याम मोहन सिंह ने 9 जून 2017 को मिजार्मुराद थाने में

प्राथमिकी दर्ज कराई थी। आरोप था कि 7 जून 2017 को गौर गांव में स्थित सस्ते गल्ले की दुकान का निरीक्षण किया गया था। इस दौरान विक्रेता की दुकान पर स्टॉक बोर्ड प्रदर्शित था, लेकिन वह सही नही था। साथ ही सामानों की जांच की गई तो उसमें भी भारी गड़बड़ियों को पाया गया। पूछताछ में एक अदद खाद्यान्न का रजिस्टर व एक अदद स्टॉक रजिस्टर उपलब्ध कराया गया। इसके अलावा मिट्टी तेल से सम्बंधित रजिस्टर में भी गड़बड़ी पाई गई। इस संबंध में कोई संतोषजनक जवाब न देने पर उचित कारवाई की गई है।

जल निकासी की समस्या को लेकर ग्रामीणों ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

प्रखर संत कबीर नगर। नगर पंचायत बखिरा क्षेत्र के लेडुआ महुआ गाँव के रहने वाले जिला पंचायत सदस्य इश्तियाक अंसारी ने गांव में जल निकासी की समस्या को लेकर जिलाधिकारी दिव्या मित्तल को सौंपा ज्ञापन। जिला पंचायत सदस्य इश्तियाक अंसारी ने कहा कि आबादी के बीचों बीच गड्ढा हैं, जिसमे गांव में बने घरों का पानी जाता हैं और बरसात का भी पानी उसी गड्ढे में जाता है। लेकिन ठेकेदार द्वारा उस गड्ढे को पाटा जा रहा है। जिसका गांव के लोगों ने विरोध किया और डीएम को शिकायती पत्र दिया लेडुआ महुआ गाँव मे एक गड्ढा हैं जिसका no 131 हैं। जो ठेकेदार द्वारा पाटा जा रहा है जिसका लोग विरोध कर रहे है। जिला पंचायत सदस्य इश्तियाक अंसारी ने कहा कि कई बार eo से टेलिफोनिक वार्ता की गई लेकिन कोई निराकरण नहीं निकला जिस वजह से हम लोगों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया है। इस मामले में तत्परता दिखाते हुए जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने तुरंत मामले को संज्ञान में लेते हुए मेंहदावल के eo को निर्देशित किया और जांच करा कर समस्या का निराकरण करने को कही।

घेरेबंदी कर एक बाइक सवार बदमाश को पुलिस ने दबोचा

प्रखर ब्यूरो भांवरकोल/गाजीपुर। भांवरकोल थाना पुलिस ने क्षेत्र के सुखडेहरा गांव के तेतरिया मोड़ के पास सोमवार की रात घेरेबंदी कर एक बाइक सवार बदमाश को दबोच लिया। उसके पास से तमंचा और कारतूस बरामद किया। जानकारी के अनुसार क्षेत्र में शांति व्यवस्था के मद्देनजर थानाध्यक्ष बागीश विक्रम सिंह हमराहियों के साथ रात में क्षेत्र में गश्त पर थे। इसी दौरान क्षेत्र के सुखडेहरा गांव में स्थित पानी टंकी के पास तेतरिया मोड़ की तरफ से एक संदिग्ध स्कूटी सवार आता दिखाई दिया। पास आने पर जैसे ही पुलिस ने रुकने का इशारा किया, वह बाइक घुमाकर भागना चाहा, लेकिन पुलिस ने मुश्तैदी से घेरंबदी कर उसे दबोच लिया। पकड़े गए व्यक्ति की तलाशी लेने पर उसके पास 315 बोर एक तमंचा और एक तारतूस बरामद हुआ। एसओ ने बताया कि फंदे में आया बदमाश सुखडेहरा गांव निवासी पंकज सिंह यादव है।

बृजमनगंज थानाध्यक्ष पर गंभीर आरोप लगाते हुए पूर्व प्रधान ने एसपी को दिया ज्ञापन

प्रखर पूर्वांचल महराजगंज ब्यूरो। जनपद महराजगंज के थाना क्षेत्र बृजमनगंज ग्राम सभा हाता बेला हरैया के कांग्रेस कार्यकर्ता एवं पूर्व प्रधान दिनेश कुमार पुत्र गोली ने दिन सोमवार को पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन देते हुए अवगत कराया कि हम प्रार्थी अनुसूचित जाति के अंतर्गत चमार जाति के हैं तथा जनप्रतिनिधि हैं हम अपने सहयोगी गणेश जायसवाल के साथ एक झगड़े के मामले को सुलह समझौता कराने दिनांक 19/03/ 2022 को सुबह लगभग 10:30 बजे बृजमनगंज थाने पर गए थे जहां वर्तमान थानाध्यक्ष देवेंद्र कुमार सिंह हम को देखते ही आग बबूला हो गए और भद्दी भद्दी गंदी गंदी गालियां देते हुए जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर लात मुक्का थप्पड़ से मारते हुए कहे कि साले चमार जाति यदि भविष्य में थाने पर दिखाई दिए तो तुम्हें गंभीर धाराओं में मुकदमा लिख कर जेल भेज देंगे ।साथ ही जिला कांग्रेस कमेटी महाराजगंज के जिला महासचिव कुंज बिहारी निषाद द्वारा भी पुलिस अधीक्षक महोदय को बृजमनगंज थाना अध्यक्ष देवेंद्र कुमार सिंह की

कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए ज्ञापन दिया कि ग्रामसभा सौरहा टोला पिपरी में दलित लड़के की हत्या में मुख्य आरोपी को संरक्षण देकर लाभ पहुंचाने का कार्य किया गया है नगर पंचायत बृजमनगंज के कांग्रेस नगर अध्यक्ष महेश जयसवाल के साथ अभद्र व्यवहार किया गया है। ज्ञापन के माध्यम से जिला महासचिव ने कहा है कि यदि वर्तमान थानाध्यक्ष एक खिलाफ विधिक कार्रवाई नहीं किया गया तो हम सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता धरना देने के लिए बाध्य होंगे।इस संबंध में थानाध्यक्ष देवेन्द्र कुमार सिंह से हुई बातचीत में बताया कि 112 नंबर की पुलिस दो पक्षों को लेकर आयी थी जिसे हमने सुलह कराकर भेज दिया इसके अतिरिक्त अन्य कोई बात ही नहीं है।

भाजपा युवा नेता गौरव जयसवाल की हुई निर्मम हत्या जांच में जुटी पुलिस

प्रखर पूर्वांचल महाराजगंज ब्यूरो। जनपद महाराजगंज के चिउरहा स्थित अंग्रेजी शराब की दुकान के पास सोमवार रात लगभग 9:30 बजे भाजपा युवा नेता गौरव जायसवाल को कुछ अज्ञात लोगों ने सर में गोली मारकर हत्या कर दी। घटना की सूचना मिलते ही घटनास्थल का निरीक्षण करने मौके पर पुलिस अधीक्षक, एएसपी, कोतवाली पुलिस पहुंची तथा जांच में जुट गई। बताते चलें कि मृतक भाजपा युवा नेता गौरव जायसवाल एक अधिवक्ता भी थे एवं वर्तमान नगर पालिका अध्यक्ष भाजपा नेता कृष्ण गोपाल जायसवाल के भांजे भी थे ।इस घटना से पूरे पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया है। पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच कर छानबीन करने में जुटे है। यह घटना सोमवार रात करीब 9:30 बजे चिउरहा अंग्रेजी शराब की दुकान के पास खून से लथपथ गौरव जायसवाल की लाश पड़ी थी जहां कुछ लोगों ने शव को देखकर तत्काल पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंची पुलिस जानकारी

जुटाने का प्रयास करने लगी कि इस हत्या के पीछे मुख्य वजह क्या थी ?गोली किसने मारी? अपराधी वारदात के बाद किस दिशा में भागे ?घटनास्थल पर फायरिंग से पहले किन से क्या विवाद हुआ था? आपसी विवाद पुरानी रंजिश सहित अन्य बिंदुओं पर पुलिस देर रात तक छानबीन करती रही परंतु कोई भी सुराग पुलिस को नहीं प्राप्त हुआ देर रात मृतक के परिजन ने शव को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे जहां डाक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। अपराधियों द्वारा मृतक गौरव के सिर में सटाकर गोली मारी गई थी। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक प्रदीप गुप्ता ने मीडिया को बताया कि मामले की छानबीन की जा रही है एक व्यक्ति को शक के आधार पर पकड़ा गया है तथा फोन डिटेल के आधार पर प्रतीत होता है कि बिरियानी सेंटर पर बुलाकर योजनाबद्ध तरीके से गौरव जायसवाल की हत्या की गई है। जल्द ही अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा अपराधी कोई भी हो पुलिस की पहुंच से ज्यादा दूर भाग नहीं पाएंगे। मंगलवार सुबह नगर पालिका अध्यक्ष कृष्ण गोपाल जयसवाल सहित सैकड़ों भाजपा कार्यकताओं ने शव को लेकर प्रशासन से मांग करने लगे कि जब तक अपराधियों की गिरफ्तारी नहीं होगी तब तक हम शव का अंतिम संस्कार नहीं करेंगे समाचार लिखे जाने तक अपराधियों की गिरफ्तारी नहीं हो पाई।

केंद्रीय डेलिगेशन ने प्रधानमंत्री स्वनिधीनिधि योजना के लाभार्थियों ने पथ विक्रेतओं से किया मुलाकात

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। प्रधानमंत्री उत्कृष्ट अवार्ड 2022 के वाराणसी नगर निगम क्षेत्र के सभी वेंडिंग जोन का नामांकन पिछले वर्ष किया गया था । जिसके भौतिक सत्यापन के लिए केंद्र सरकार की ओर से नामित दो अधिकारियों का प्रतिनिधिमंडल वरुणापार जोनल कार्यालय में प्रधानमंत्री स्वनिधी योजना के लाभार्थी पथ विक्रेताओं से मिलकर जानकारी प्राप्त किया। प्रतिनिधिमंडल ने पथ विक्रेताओं को प्रोफाइलिंग से मिलने वाली 8 योजनाओं की भी जानकारी प्राप्त किया ।निरीक्षण में आईएएस ज्योति यादव के साथ नगर आयुक्त प्रणय सिंह, परियोजना अधिकारी जया सिंह, वरूणा पार जोनल अधिकारी, सिटी मैनेजर डूडा सुशील सिंह पार्षद गण में ब्रृजेश श्रीवास्तव, अशोक मौर्य, दिनेश यादव, एवं पथ विक्रेताओं में मंगल सिंह, सीमा पांडे, शिव जी चौरसिया, सूरज पांडे, शैला मिश्रा, दीनानाथ पाल ,राजकुमार केसरी, संतोष कुमार गुप्ता, जितेंद्र सोनकर, अजय सोनकर, मीरा सोनकर, शशि भूषण, तथा भारतीय पथ विक्रेता संघ से आशीष कुमार गुप्ता, बांकेलाल जी, रोशन अग्रहरि, लक्खू सोनकर, गुड्डू चौहान मौजूद थे।

संक्षिप्त खबरें

भाजपा नेता गौरव जायसवाल की निर्मम हत्या के विरोध में हुई श्रद्धांजलि सभा

प्रखर पूर्वांचल महाराजगंज । बीती रात नगर पालिका भाजपा नेता व चेयरमैन कृष्णगोपाल जायसवाल के भांजे गौरव जयसवाल की हुई निर्मम हत्या के विरोध में नगर पंचायत बृजमनगंज कस्बे के युवाओं ने आज सुबह कड़ी निंदा करते हुए प्रशासन से जल्द से जल्द अपराधियों को गिरफ्तार कराने की मांग करते हुए टैक्सी स्टैंड रोड पर दो मिनट का मौन रखा इस दौरान भावी सभासद प्रत्याशी जगदम्बा जायसवाल ,पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य बबलू जायसवाल, भारतीय युवा समाज संस्थान के अध्यक्ष पंकज श्रीवास्तव, समाजसेवी सौरभ जायसवाल,गौरव जयसवाल, विवेक कसौधन ,सूरज जयसवाल ,रवि वर्मा ,मनोज जयसवाल ,रविंद्र जायसवाल, पूर्व प्रधान गणेश जसवाल, पूर्व प्रधान दिनेश कुमार ,गोविंद वर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।

गैर इरादतन हत्या के आरोप में बृजमनगंज पुलिस ने दो युवक को किया गिरफ्तार

प्रखर पूर्वांचल महाराजगंज। बृजमनगंज थानाक्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मिश्रौलिया के टोला दीनापुर में हुए दो पक्षों में मार पीट के दौरान गंभीर रूप से घायल 60 वर्षीय मनीराम की इलाज के दौरान हुई मृत्यु। बृजमनगंज थाना क्षेत्र के ग्राम सभा मिश्रौलिया ओला दीनापुर में पुरानी रंजिश को लेकर 18 मार्च 2022 दिन शुक्रवार को होली खेलने के दौरान दो पक्षों में कहा सुनी हो गई जो बढ़कर मारपीट में बदल गई जिसमें दीनापुर निवासी 60 वर्षीय महिलाओं को गंभीर रूप से छोटे हैं जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया जो 20 मार्च 2022 दिन शनिवार समय करीब 3:00 बजे रात्रि में यीशु हॉस्पिटल में इलाज के दौरान मृत्यु हो गई परिजनों द्वारा शव को बृजमनगंज थाने लाया गया जहां बृजमनगंज पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अग्रिम कारवाही करते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।बृजमनगंज पुलिस ने गैर इरादतन हत्या के आरोप में मुकदमा दर्ज कर दो अभियुक्त अरविंद पुत्र जोखू निवासी मिश्रोलिया टोला दीनापुर व श्रीपत यादव पुत्र महीन यादव मिश्रोलिया टोला मोहनगढ को मुकदमा पं. सं.धारा 323,504,147,148,304 के तहत गिरफ्तारी की गई।

नाबालिका से छेड़खानी के आरोप में युवक को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

प्रखर पूर्वांचल महराजगंज। थाना क्षेत्र बृजमनगंज अंतर्गत ग्राम कवलपुर में एक बालिका से छेड़खानी किए जाने का मामला प्रकाश में आया है पुलिस ने इस मामले में पीड़िता के पिता की तहरीर पर अंडा फार्म के मैनेजर सरीउद्दीन के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत मु.आ.सं.26/2022 धारा 354ख,504,506 पास्को एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर भेजा जेल । प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम कवलपुर में बीते दिनों एक अंडा फार्म के मैनेजर सरीउद्दीन पुत्र हिसाबुल्लाह उम्र 50 वर्ष निवासी सोनबरसा टोला सिकरी थाना बृजमनगंज द्वारा गांव की ही एक बालिका के साथ छेड़छाड़ किए जाने का मामला प्रकाश में आया है सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार बालिका अंडा लेने के लिए अंडा फार्म पर गई थी जहां पर अंडा देने के बहाने फार्म के मैनेजर सरीउद्दीन द्वारा बालिका के साथ छेड़खानी किया गया ।गिरफ्तार करने वाले पुलिस टीम उपनिरीक्षक प्रिंस कुमार, हे.का.पुरुषोत्तम पटेल, पीयूष यादव मौजूद रहे।

सिंचाई विभाग में होली मिलन समारोह धूमधाम से मनाया गया

प्रखर वाराणसी। सिगरा स्थित सिंचाई कॉलोनी वरुणापुरम में मिनिस्टीरियल एसोसिएशन इरीगेशन डिपार्टमेंट उत्तर प्रदेश के तत्वाधान में आज मंगलवार को सिंचाई विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों द्वारा होली मिलन समारोह धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर लोगों ने एक दूसरे को भाईचारा का संदेश देते हुए अबीर-गुलाल लगा होली की शुभकामनाएं दी, वहीं बलिया से आए कलाकारों की टीम ने होली मिलन समारोह में चार चांद लगा दिए। इस शुभ अवसर पर लिफ्ट सिंचाई निर्माण खण्ड के अधिशासी अभियंता संतोष कुमार सोनकर, सहायक अभियंता राधेश्याम मिश्रा , मनोज सिंह, कमलेश सिंह, पंकज सिंह, सर्वेश कुमार उपाध्याय, जनार्दन प्रसाद यादव , उषा रानी सिन्हा, सुशीला, साधना, संजय पांडेय, राम अवतार राम, शशिभूषण सिंह, रत्नेश, जयशंकर सिंह, मनोज कुमार गुप्ता,आरिफ अंसारी, सरिता, रामाकांत प्रजापति , जितेंद्र , निरंजन,के0 के0 पांडेय, संदीप दुबे , आलोक श्रीवास्तव , प्रदीप जैसवार व आलोक पांडेय के साथ सिंचाई विभाग के सभी कार्यालयों के लोग उपस्थित होकर होली मिलन समारोह मनाया गया।

प्रखर पूर्वांचल
RNIUPHIN/2016/68754
मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह' द्वारा 'गायत्री प्रिंटिंग प्रेस' सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोड: 233001 से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित
सम्पादकीय कार्यालय: 9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी, गाजीपुर पिन कोड: 233001
सम्पर्क सूत्र: 0548-2223833, +91-8858563779 +91-9450208067, +91-9452844802
सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।
ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट
https://prakharpurvanchal.com
Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com
सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वांचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं